सूर्योदय : 6:57
सूर्यास्त : 5:33
अधिकतम तापमान : 21
न्यूनतम : 6.7

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-211 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 20 जनवरी 2026
30 रजब 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# भारत दौरे पर दिल्ली पहुंचे यूएई के राष्ट्रपति

■ **प्रधानमंत्री मोदी ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत**



**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को भारत के आधिकारिक दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाहयान का स्वागत किया। नई दिल्ली एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी ने अल नाहयान का गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच बातचीत भी हुई। शेख मोहम्मद बिन जायद की इस यात्रा को भारत-यूएई के बीच मजबूत होते संबंधों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग, व्यापार, निवेश और रणनीतिक साझेदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

**पीएम मोदी ने नाहयान को भेंट किया पश्मीना शॉल :** इस दौरान पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति नाहयान को कश्मीरी पश्मीना शॉल भेंट भी किया। यह शॉल कश्मीर की बारीक ऊन से हाथ से बनाई जाती है, जो नरम, हल्की और गर्म होती है। शॉल को तेलंगाना में बनाए गए सजावटी चांदी के डिब्बे में रखा गया है। यह तोहफा भारत की हस्तकला और हैंडलूम परंपरा को दर्शाता है। इसके अलावा, राष्ट्रपति की पत्नी शेखा फातिमा बिंट मुबारक अल केटबी को भी पश्मीना शॉल के साथ-साथ कश्मीरी केसर भेंट किया गया।

कश्मीर की घाटी में उगाए जाने वाला यह केसर अपनी गहरी लाल रंगत और तीखी खुशबू के लिए प्रसिद्ध है। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि इस दौरे से भारत और यूएई के बीच मजबूत मित्रता और सहयोग की अहमियत सामने आती है और वे दोनों देशों के बीच चर्चाओं के लिए उत्सुक हैं।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति नाहयान भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने पर चर्चा करेंगे। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान होगा, जिन पर दोनों देशों की सोच काफी हद तक समान है। राष्ट्रपति बनने के बाद यह नाहयान की भारत की तीसरी आधिकारिक यात्रा होगी, जबकि पिछले दस वर्षों में यह उनका पांचवां भारत दौरा है।

यह यात्रा भारत और यूएई के बीच हाल के उच्चस्तरीय संपर्कों से बनी मजबूत गति को आगे बढ़ाएगी। इनमें सितंबर 2024 में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नहयान और अप्रैल 2025 में दुबई के क्राउन प्रिंस व यूएई के उप प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की भारत यात्रा शामिल है।

दोनों नेताओं के बीच स्वागत समारोह के दौरान दोस्ताना बातचीत भी हुई। स्वागत के बाद प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद साथ ही एक ही कार में एयरपोर्ट से रवाना हुए, जिससे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और दोस्ताना संबंधों को दर्शाया गया। इस दौरे को भारत-यूएई के बीच व्यापार, निवेश और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह यात्रा भारत और यूएई के मजबूत और भरोसेमंद रिश्तों को और बढ़ावा देने के लिए की जा रही है।

### दो घंटे दिल्ली में रुकेंगे अल नाहयान

विदेश मंत्रालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, अल नाहयान राष्ट्रीय राजधानी में दो घंटे से भी कम समय तक रहेंगे। यूएई के राष्ट्रपति की भारत यात्रा पश्चिम एशिया में ईरान-अमेरिका संबंधों में आई गिरावट, यमन को लेकर सऊदी अरब और यूएई के बीच बढ़ते तनाव और गाजा में अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य के कारण उत्पन्न स्थिति के बीच हो रही है।

अल नाहयान और मोदी जल्द ही व्यापक वार्ता करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच व्यापार और निवेश, रक्षा उद्योग सहयोग और ऊर्जा पहल पर वार्ता होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा होने की संभावना है। सत्ता संभालने के बाद से नाहयान की यह भारत की तीसरी आधिकारिक यात्रा है, जबकि गत 10 वर्षों में यह उनकी पांचवीं यात्रा है।

# विधायिका पर विश्वास मजबूत करने की जिम्मेदारी पीठासीन अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों पर

■ **ओम बिरला ने अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को सम्बोधित किया**



**लखनऊ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी सदनों पर जनता के विश्वास को और मजबूत करने की जरूरत पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि इन लोकतांत्रिक संस्थाओं को जनता के सामने और प्रामाणिकता के साथ अधिक जवाबदेह बनाने की जिम्मेदारी पीठासीन अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की है।

बिरला ने यहां आयोजित 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि हालांकि नवाचार के जरिये विधानसभाओं की कार्यवाही जनता तक पहुंचाने के लिये उसका सीधा प्रसारण और डिजिटलीकरण कर दिया है लेकिन अब भी बहुत सी चुनौतियां हैं जिनका समाधान निकालना पड़ेगा।

उन्होंने कहा, हम किस तरीके से राज्यों की विधानसभाओं को जनता के लिये और प्रामाणिक बनाएं, इसकी सबसे अधिक जिम्मेदारी विधानमंडल के अध्यक्षों की है और हमारे जनप्रतिनिधियों की भी है। हम अलग-अलग दलों से जीत कर आते हैं, हमारी अलग-अलग विचारधारा है लेकिन जब हम चुनकर आते हैं तो जनता की अपेक्षा होती है कि हम उनकी आकांक्षाओं और चुनौतियों तथा कठिनाइयों को सदन में रखें। उन्होंने विधायी सदनों में पीठासीन अधिकारियों की निष्पक्ष भूमिका की जरूरत पर जोर देते हुए कहा, हम विधानसभाओं की श्रेष्ठ परंपराओं को लागू करें। विधानसभा के पीठासीन अधिकारी के रूप में हमारी भूमिका न्याय संगत हो, निष्पक्ष हो, सभी को अपने विचार रखने का अधिकार मिले, अपने क्षेत्र की कठिनाइयों के बारे में बोलने का समय मिले, यह भी पीठासीन अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर राज्यसभा के उप सभापति डॉक्टर हरिवंश, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय भी उपस्थित थे।

# घर से बेघर हुई सीमा को मिला न्याय

**जनता दर्शन**

■ **दो छोटी बच्चियों के साथ भटकने को थी मजबूर**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को जनता दर्शन में राजधानी निवासी सीमा ने पति द्वारा घर से निकाले जाने की शिकायत और आर्थिक विपन्नता का जिक्र किया। उसने घर में रहने की जगह दिलाने का अनुरोध किया। इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस आयक्त को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।

जनता दर्शन में सीमा अपनी दो बच्चियों को लेकर आई थी। उसने मुख्यमंत्री को बताया कि ससुर के निधन के बाद पति व ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया है। दो छोटी बच्चियों को लेकर वह भटक रही हैं। उसने वापस ससुराल भिजवाने तथा वहां रहने देने के लिए गुहार लगाई। साथ ही बच्चों के पालन-पोषण के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। सीएम ने उसकी गुहार सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने राजधानी के पुलिस कमिश्नर को तत्काल कार्रवाई कर सीमा को राहत दिलाने को कहा। सीमा के साथ दो साल की नन्ही अनन्या भी आई थी। सीएम ने उसे भी चॉकलेट दी और दुलार किया। चॉकलेट पाकर वह खिलखिला उठी। जब सीएम ने उससे चॉकलेट मांगी तो उसने बड़ी मासूमियत से चॉकलेट वापस कर दी।

नन्ही बच्ची की भाव भंगिमा और सीएम के साथ संवाद देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति भाव-विभोर हो गया। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने अपने माता-पिता के साथ आए सभी बच्चों को चॉकलेट दी और बच्चों से मन लगाकर खूब पढ़ाई करने को कहा।

### पुलिस, आर्थिक सहायता से जुड़े प्रकरण भी आए

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस, बिजली विभाग के साथ ही आर्थिक सहायता से जुड़े प्रकरण भी आए। मुख्यमंत्री ने सभी से मिलकर उनका प्रार्थना पत्र लिया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर प्रकरण की जांच कराकर फरियादियों की समस्याओं को हल कराएं। इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने आए फरियादियों से अस्पताल से एस्टिमेट मंगाने को कहा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार हर सुख दुःख में प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। सरकार आपकी हर उचित समस्या का निदान कराएगी।

# भाजपा के नए अध्यक्ष बने नितिन नबीन

■ **निर्विरोध चुने गए आज संभालेंगे अपना पदभार**



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल गया है। पार्टी नेता नितिन नबीन को निर्विरोध रूप से बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। वह 20 जनवरी को औपचारिक रूप से अपना पदभार संभालेंगे।

अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपने का समारोह सुबह 11:30 बजे पार्टी मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। इस विशेष मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी, डॉ. के. लक्ष्मण ने एक प्रेस बयान में बताया कि यह चुनाव प्रक्रिया तब शुरू हुई जब बीजेपी के 36 में से 30 प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव पूरा हो गया था, जो कि 50 प्रतिशत की अनिवार्य शर्त से अधिक था। डॉ. लक्ष्मण ने कहा, 16 जनवरी 2026 को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई थी और मतदाता सूची प्रकाशित हुई थी।

### नबीन को मोदी-शाह का भरोसा भी हासिल

पार्टी सूत्रों के अनुसार, नबीन के पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाने गए है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी नेतृत्व इस पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का समर्थन कर रहे है। बता दें कि बिहार से पांच बार के विधायक रहे 45 वर्षीय नबीन को दिसंबर, 2025 में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

## इंजीनियर मौत केस में एक्शन, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ हटाए गए

**नोएडा।** सेक्टर स्थित निर्माणाधीन बेसमेंट में भरे पानी में गिरकर साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत के मामले पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। प्रकरण की जांच के लिए एडीजी मेरठ जोन के नेतृत्व में तीन सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआइटी) का गठन कर दिया है। इसमें मंडलायुक्त मेरठ व चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी भी शामिल हैं, जो अपनी जांच रिपोर्ट पांच दिन में सीएम को सौपेंगे। इसी प्रकरण में नोएडा प्राधिकरण सीईओ डा. लोकेश एम को भी हटा दिया गया है। उन्हें शासन ने प्रतीक्षारत कर दिया है। इस कार्रवाई से पहले प्राधिकरण ने नोएडा ट्रैफिक सेल अवर अभियंता नवीन कुमार को हटा दिया है।

## प्रतीक ने पत्नी अपर्णा यादव पर लगाए कई गंभीर आरोप

■ **मुलायम सिंह यादव के परिवार में दरार उजागर हुई**

**लखनऊ।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव के संबंधों में दरार आ गई है। सोमवार को प्रतीक यादव ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अपर्णा यादव से जल्द तलाक लेने की कही। देर शाम एक और पोस्ट करते हुए कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी पर पारिवारिक रिश्तों को बर्बाद करने के साथ स्वार्थी होने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

पोस्ट के बाद से राजनीतिक गलियारों में चर्चा का बाजार गर्म है। इस मामले में अपर्णा यादव ने अभी कुछ नहीं कहा है, परंतु उनके भाई ने अपने बहनोई का अकाउंट हैक होने की बात कही। हालांकि, शाम को प्रतीक यादव के अकाउंट से एक ओर पोस्ट कर परिवार के साथ रिश्ते तोड़ने का आरोप दोहराया गया। सोमवार सुबह 11 बजे प्रतीक यादव के इंस्टाग्राम अकाउंट से की गई पोस्ट पर लिखा गया कि मैं अपर्णा को जल्द से जल्द तलाक देने जा रहा हूं। उन्होंने मेरे परिवार के रिश्ते खराब कर दिए। बस मशहूर और प्रभावशाली बनना चाहती हैं। अभी, मेरा मानसिक स्वास्थ्य बहुत खराब है, लेकिन उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उन्हें सिर्फ अपनी ही चिंता है। मैं बदकिस्मत था कि मेरी शादी उनसे हुई।

## अयोध्या में बनेंगे गुजरात, महाराष्ट्र व उत्तराखंड के राज्य भवन

**अयोध्या।** रामनगरी की पहचान को राष्ट्रीय स्वरूप देने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। नव्य अयोध्या में गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तराखंड को उनके अपने राज्य भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटित कर दी गई है। तीनों राज्यों को विधिवत रूप से ज़मीन का कब्जा सौंप दिया गया, साथ ही आवंटित भू-भाग की बाउंड्री भी कराई जा रही है।

नव्य अयोध्या में विभिन्न राज्यों के राज्य भवन के लिए जमीन आरक्षित की गई है। इसी क्रम में गुजरात, महाराष्ट्र व उत्तराखंड राज्य को पांच-पांच एकड़ जमीन दी गई। इन जमीनों पर राज्यों के भवन बनेंगे। सभी राज्यों ने अपनी जमीनों का कब्जा प्राप्त कर लिया है।

## आतंकवाद पर विदेश मंत्री जयशंकर की दो टूक

# पड़ोस में आतंकी ढांचे को बढ़ावा न दें

■ **पोलैंड के शीर्ष नेतृत्व के साथ की बैठक**



**नई दिल्ली।** भारत ने आतंकवाद के मुद्दे पर एक बार फिर साफ और कड़ा रुख अपनाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पोलैंड से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वह आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाए और भारत के पड़ोस में आतंकी ढांचे को किसी भी तरह से बढ़ावा न दे। यह बयान नई दिल्ली में पोलैंड के शीर्ष नेतृत्व के साथ हुई अहम बैठक के दौरान आया।

जयशंकर का यह संदेश उस पृष्ठभूमि में आया है, जब पिछले साल अक्तूबर में पोलैंड और पाकिस्तान के संयुक्त बयान में कश्मीर का उल्लेख किया गया था। इसे लेकर भारत ने असंतोष जताया। बैठक में जयशंकर ने न सिर्फ आतंकवाद पर चिंता रखी, बल्कि यूक्रेन संघर्ष को लेकर भारत पर हो रहे चुनिंदा और अनुचित हमलों पर भी नाराजगी जताई।

जयशंकर ने पोलैंड के विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की से स्पष्ट बात रखी। उन्होंने कहा कि पोलैंड भारत के क्षेत्र और उसकी सुरक्षा चुनौतियों से भली-भांति परिचित है। सीमा पार आतंकवाद पर पोलैंड से साफ और संतुलित रुख अपनाने की अपेक्षा जताई। भारत के पड़ोस में सक्रिय आतंकी ढांचे को किसी भी तरह का समर्थन न देने पर जोर दिया। राजनीतिक या कूटनीतिक स्तर पर आतंक से जुड़े ढांचों को समर्थन अस्वीकार्य बताया। बैठक में विदेश मंत्री ने यूक्रेन संघर्ष को लेकर भारत पर हो रही आलोचना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि रूस से ऊर्जा खरीद को लेकर भारत को बार-बार निशाना बनाया जाना न तो उचित है और न ही न्यायसंगत। इस पर पोलैंड के विदेश मंत्री ने भी सहमति जताते हुए माना कि कुछ मामलों में भारत को चुनिंदा तौर पर टारगेट किया गया है। जयशंकर ने भारत और पोलैंड के मानवीय संबंधों का भी जिक्र किया। उन्होंने 'डोब्री महाराजा' की परंपरा को याद दिलाया, जिसके तहत द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पोलिश बच्चों को भारत में शरण मिली थी।

### भारत और पोलैंड के रिश्तों में मजबूती

जयशंकर ने दोनों देशों के रिश्तों में आई मजबूती को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि अगस्त 2024 में नरेंद्र मोदी की पोलैंड यात्रा के बाद द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा मिला। व्यापार, निवेश, रक्षा, स्वच्छ तकनीक और डिजिटल इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में सहयोग लगातार बढ़ रहा है।



# सीएम की मंशा के अनुरुप डीएम और जनप्रतिनिधियों ने 9 हजार बेटियों को सौंपी विद्या दायिनी पोटली



**लखीमपुर खीरी।** डबल इंजन सरकार के विजन ÷बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ÷ को हर बेटी तक पहुंचाने के लिए लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन ने अनोखी पहल शुरू की है। इसके तहत जिले की हर बेटी के जीवन में शिक्षा की रौशन फैलाने के लिए ÷डीएम खीरी की पाठशाला÷ का शुभारंभ किया गया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और जनप्रतिनिधियों द्वारा सोमवार को परिषदीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की 9,000 छात्राओं को ÷विद्या दायिनी पोटली÷ सौंपी गयी। पोटली में बेटियों को व्हाइट बोर्ड कम स्टडी टेबल, मार्कर और डस्टर आदि का उपहार प्रदान किया गया जिलाधिकारी डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि ÷डीएम खीरी की पाठशाला÷ का उद्देश्य जिले की बेटियों की पढ़ाई सिर्फ स्कूल तक सीमित न रहकर घर पर भी पढ़ाई के लिए उचित संसाधन उपलब्ध कराना है। इस पहल से बेटियों को स्कूल के साथ घर पर भी पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और वे अपनी छोटी-सी पाठशाला घर में ही स्थापित कर सकेंगी। इसके जरिये वह अपनी पढ़ाई तो करेंगी ही साथ में अपने आस-पास और परिवार में शिक्षा के माहौल के जरिये लोगों को पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने बताया कि इस अनोखी पहल के तहत पहले चरण में 9 हजार बेटियों को ÷विद्या दायिनी पोटली÷ सौंपी गयी है। यह लगातार जारी रहेगी है, इसे हर बेटी तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है ताकि डबल इंजन सरकार के विजन को धरातल पर शत प्रतिशत पूरा किया जा सके। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि ÷डीएम खीरी की पाठशाला÷ के तहत पहले चरण में परिषदीय विद्यालयों की 6,798 टॉपर बेटियों, वाल ऑफ ड्रीम्स में चयनित 51 बेटियों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत 2,151 बेटियों को ÷विद्या दायिनी पोटली÷ उपलब्ध कराई गई है। पहले चरण में परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 6, 7 और 8 की दो-दो टॉपर बेटियों को पोटली उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने बताया कि 9 हजार पोटली को 19 लाख 80 हजार रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इस पोटली को डबल इंजन सरकार की योजना ÷बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ÷ से तैयार कराया गया है।

*कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजापुर में सोमवार को आयोजित मेगा इवेंट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक सदर योगेश वर्मा ने केजीबीबी और नगर क्षेत्र की बेटियों को व्हाइट बोर्ड कम स्टडी टेबल, मार्कर और डस्टर का वितरण किया।

## युवराज दत्त महाविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षा में छापामारी के दौरान पकड़े गए दो नकलची

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** युवराज दत्त महाविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षा के दौरान सचल दल ने छापामारी की। इस दौरान दो नकलची पकड़े गए हैं। यहां अब तक छह नकलची पकड़े गए हैं। महाविद्यालय के चीफ प्राक्टर प्रो. सुभाष चंद्रा ने बताया कि बीए, बीएससी, बीकॉम व एमए अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, दर्शनशास्त्र व हिंदी की परीक्षा चल रही है। परीक्षा में कुल पंजीकृत 1610 परीक्षार्थियों में से 1583 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सचल दल की तलाशी के दौरान दो नकलची पकड़े गए। अब तक महाविद्यालय में छह नकलचियों को पकड़ा जा चुका है। आंतरिक सचल दल में प्रो. ज्योति पंत, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. अमित सिंह, धर्म नारायण, मो. नज़ीफ व सत्येंद्र पाल सिंह शामिल हैं।

# नवनिर्मित भवन में जल्द ही महिला अस्पताल शिफ्ट करने की तैयारी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** शहर में मेडिकल कालेज की नवनिर्मित भवन में जल्द ही महिला अस्पताल शिफ्ट करने की तैयारी है। इसके चलते लिफ्ट और आपरेशन टेबल का काम कराया गया है। अस्पताल शिफ्ट करने में महज बिजली कनेक्शन का थोड़ा अटका हुआ है। कनेक्शन होते ही इसे शुरू कर दिया जाएगा। करीब तीन साल से हो रहे नवनिर्मित भवन का काम चल रहा है। निर्माण का काम लगभग पूरा भी हो गया है। इसमें सबसे पहले महिला अस्पताल को शिफ्ट करने की तैयारी है। इससे महिला अस्पताल की खस्ताहाल बिल्डिंग को सही कराया जाएगा। महिला अस्पताल शिफ्ट करने को लेकर आपरेशन टेबल ओटी और लिफ्ट लगवायी गयी है।

## 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर 01 नफर अभियुक्त मो0 राशिद पुत्र मो0 सईद निवासी शेखसराय खैराबाद थाना खैराबाद जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 42/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

## महिला ने मकान मालिक पर दुष्कर्म के प्रयास मारपीट आभूषण छीनने का लगाया आरोप

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** गोला गोकर्णनाथ एक महिला ने मकान मालिक पर दुष्कर्म के प्रयास मारपीट आभूषण छीनने का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि पुलिस ने उसका भी उत्पीड़न किया। पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थनापत्र में एक महिला ने आरोप लगाया है कि वह अपने पति और परिजनों के साथ भूतनाथ मंदिर के सामने स्थित एक मकान में किराये पर रह रही थी। मकान मालिक उसके कमरे में घुस गया और उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसके कपड़े फाड़ दिए और मारपीट की।

## प्रतिमा स्थापना के लिए एबीवीपी ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर सहारनपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय की कुलपति को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस मांग पत्र के माध्यम से परिषद ने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित मुख्य परिसर में युवाओं के परम प्रेरणास्रोत और आधुनिक भारत के निर्माता स्वामी विवेकानंद जी की भव्य प्रतिमा स्थापित करने का आग्रह किया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित महानगर मंत्री रजत गोयल ने कहा कि, स्वामी विवेकानंद जी केवल एक सन्यासी नहीं थे, बल्कि वे भारतीय संस्कृति के विश्वदूत और युवाओं के लिए ऊर्जा के पुंज थे। उनके विचार आज भी हमें श्उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुकोश् का मंत्र देकर राष्ट्र निर्माण हेतु प्रेरित करते हैं। विश्वविद्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा होने से यहाँ शिक्षा ग्रहण करने वाले हजारों छात्र-छात्राओं में न केवल आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि उनमें अपने देश के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान भी जाग्रत होगा।

## भाजपा नेत्री गायत्री निराला ने किया विधानसभा नजीबाबाद के बूथों का निरीक्षण



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** विधानसभा के जसवंतपुर सेक्टर संयोजक गायत्री निराला ने भागूवाला मंडल उपाध्यक्ष गायत्री निराला ने लुकादड़ी में बूथ संख्या 168 व ग्राम मौजमपुर तुलसी बुथ संख्या 200 पर प्रवास किया और नए वोट बनवाने के लिए फॉर्म भरे,प्रवास के दौरान भागूवाला मंडल की मंडल मंत्री रेशमा और लुकादड़ी के बूथ अध्यक्ष अर्जुन और राजकुमार मौजपुर तुलसी के बुथ अध्यक्ष विष्णु सिंह कुशवाहा साथ में रहे।

## आवास योजना के स्वीकृत लाभार्थियों को नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने वितरित किए सर्टिफिकेट

### 24 घंटे में मिलेगी पहली किस्त



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पालिका परिषद में आवास योजना के तहत भरे गए फॉर्मों में से सरकार द्वारा चयनित लाभार्थियों को चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने प्रमाण-पत्र वितरित करें। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन ने बताया कि स्वीकृत सभी लाभार्थियों के बैंक खातों में 24 घंटे के अंदर पहली किस्त की राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित इस समारोह में लाभार्थियों ने उत्साह प्रदर्शित किया। नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म द्वारा नजीबाबाद नगर पालिका परिषद में आवास योजना के फॉर्म भरे गए थे जिसमें सरकार द्वारा कुछ भरे गए फॉर्म को स्वीकृत कर लिया गया है उसी के चलते स्वीकृत फॉर्म जिनके हुए थे उन सभी लोगों को नगर पालिका बुलाकर नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म द्वारा सर्टिफिकेट दिये गए और उन सभी स्वीकृत लोगों के अकाउंट में 24 घंटे के अंदर अंदर पहली आवास योजना की किस्त आ जाएगी। इस दौरान नगर पालिका स्टाफ भी मौजूद रहा।

## पार्षद ने नवनिर्माण का उद्घाटन किया

**सहानपुर।** वार्ड नं 41 शारदानगर के पार्षद संजय सैनी ने आज गली नं. 4 का सडक व नाली निर्माण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पिछले लम्बे समय से सड़क व नाली निर्माण को लेकर उनके पास क्षेत्रीय निवासियों की शिकायतें आ रही थी जिसके लिए उन्होंने महापौर डा.अजय सिंह से वार्ता की तथा इस समस्या से अवगत कराया। उसके पश्चात नगर निगम द्वारा सडक व नाली निर्माण का स्टीमेट का कार्य पूर्ण कराया गया। अब शीघ्र ही गली नं. 4 के निवासियों अच्छी सड़क व नाली निर्माण का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वह आप के बीच के हैं, क्षेत्रवासियों की समस्या के लिए वे सतत प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा बिना भेदभाव के विकास कर रही है तथा मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के सपनों को साकार कर रही है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता राजकुमार त्यागी, समाजसेवी मुकेश शर्मा, अशोक शारदा, दिनेश शारदा, निखिल शर्मा, सतीश त्यागी, लकी वर्मा, समय सिंह सैनी, श्याम लाल आदि मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र तथा बदायूं पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

## महाराष्ट्र में हुई बैंक चोरी के मामले में पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** महाराष्ट्र की बैंक से चोरी के मामले महाराष्ट्र तथा जनपद के थाना अलापुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में थाना अलापुर क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है पुलिस को इसके कब्जे से लगभग डेढ़ करोड़ के बिस्किट बरामद हुए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के जिला सांगली स्थित थाना आटपाडी क्षेत्र में हुई बैंक चोरी की घटना में पुलिस द्वारा यह कार्यवाही की गई है। पुलिस द्वारा बताया जाता है कि विगत 7 जनवरी को थाना आटपाडी क्षेत्र में स्थित एक बैंक कार्यालय से उसकी खिड़की काटकर वहां पर रख प्राइवेट लॉकर सोने व चांदी के गहने एवं नगदी चोरी कर ली गई थी जिसके बाद महाराष्ट्र पुलिस ने घटना के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कर लिया था।इस बीच घटना के संबंध में थाना अलापुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई।सूचना के आधार पर थाना अलापुर पुलिस द्वारा महाराष्ट्र पुलिस की क्राइम ब्रांच से संपर्क करते हुए उसे

घटना कारित करने वाले के बारे मे जानकारी दी गयी। जानकारी मिलने के बाद महाराष्ट्र पलिस बदायूं पहुंची। महाराष्ट्र पुलिस के यहां पहुंचने के बाद सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में

थाना अलापुर पुलिस द्वारा महाराष्ट्र पुलिस के साथ मिलकर थाना क्षेत्र के ग्राम गभीयाई से ग्राम ईकरी को जाने वाले मार्ग पर राजकीय इण्टर कालेज के पास घेराबन्दी करते हुए घटना के आरोपी राहुल शर्मा पुत्र रजनीश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार व्यक्ति के कब्जे से घटना में चोरी हुई 02 अदद बिस्किट पीली धातु कुल वजन 1.168 किलोग्राम बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना कार्य करने की योजना बनाई थी। उसने पुलिस को बताया है कि उसने दिल्ली से सात लाख रुपए में एक सेकंड हैंड कार खरीदी और वह इसी कार से अपने साथियों सहित महाराष्ट्र के जनपद सांगली के ग्राम प्लूस पहुंच गया जहाँ उन्होंने किराए पर कमरा लेकर वही रुक गए। गिरफ्तार व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि विगत 7 जनवरी की रात्रि में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर आटपाड़ी बैंक से लगभग 30 किलो ग्राम चाँदी व 5.5 से 6.0 किलोग्राम सोना व लगभग 4.5 लाख रूपये की चोरी की थी जिसके बाद उसके हिस्से में पीली धातु का 1.168 किलोग्राम हिस्सा आया था ।

## निगम ने अतिक्रमणकारियों का सामान किया जब्त और जुर्माना भी वसूला



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम ने 62 फुटा

वेंडिंग जोन में आज अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान एक लकड़ी का शौपीस, दो काउण्टर व तीन मेज जब्त की गयी और आठ दुकानदारों से साढ़े 16

हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। इसके अलावा पॉलीथिन का प्रयोग करने वाले एक दुकानदार से भी एक हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। नगर निगम द्वारा 62 फुटा रोड पर वेंडिंग जोन में 149 थले बनाये गए थे। इनमें से अनेक थलों पर कुछ स्थानीय लोगों ने अवैध कब्जा कर उनमें लकड़ियां, लकड़ी का फर्नीचर, कोयला व अन्य सामान भर रखा था। आज दोपहर नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर सहायक अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा प्रवर्तन दल की टीम के साथ 62 फुटा पहुंचे और थलों पर अवैध रुप से कब्जा व अतिक्रमण करने वालों को हटाया और उन पर जुर्माना भी लगाया गया। सुधीर शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान आठ दुकानदारों से 16 हजार पांच सौ रुपये जुर्माना वसूला गया तथा थलों पर अवैध रुप से रखा गया लकड़ी का एक शौ पीस, दो काउण्टर व तीन मेज जब्त कर निगम लायी गयी।

# एक मजलिस की तीन तलाक एक वाके होती है पर लिखी गई किताब से मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं को मिली बड़ी राहत

## सदियों से चल रहे गैर-कानूनी हलाला मुरवज्जा प्रथा पर लगी रोक



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** एक मजलिस की तीन तलाक़ एक वाके होती है मौलाना डॉक्टर फुरकान मेहरबान अली अल मदनी ने 1400 पेज पर मुश्तमिल एक किताब लिखी है। जिसमें उन्होंने कुरआन व हदीस के दलाईल से यह बात बयान की है। इसी तरह उन्होंने उसमें हलाला मुरवज्जा की हुरमत और मजम्मत भी बयान की है। और अपनी इसी किताब में अपने देश के सुप्रीम कोर्ट के फैसले की बड़ी सराहना की है और अपने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और उस वक्त के केन्द्र में वजीर ए कानून जनाब शंकर प्रसाद जी का उन्होंने बहुत-बहुत शुक्रिया अदा किया है। उनकी इस किताब में पेज नंबर 135 पर यह ताईद और शुक्रिया के बारे में यह मजमून है। जिसका हिंदी अनुवाद इस प्रकार है। एक मजलिस की तीन तलाक़ एक मानी जाएगी के हक में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं। हमारे देश के सुप्रीम कोर्ट ने एक साथ तीन तलाक पर बैन लगाने का फैसला दिया है, जिसका हम स्वागत करते हैं और इसके लिए अपनी सरकार के शुक्रगुजार हैं, क्योंकि इससे कई दबी-कुचली मुस्लिम महिलाओं को बड़ी राहत मिली है।

और यह कुरआन व हदीस को मानने वाले सभी मुसलमानों के लिए बहुत खुशी की बात है कि 22 अगस्त, 2017 को हमारे देश भारत में भी हमारे सुप्रीम कोर्ट ने एक साथ तीन तलाक को गैर-कानूनी घोषित कर दिया है और इस पर रोक लगा दी है, जिसका मतलब है कि एक साथ तीन तलाक देने पर एक तलाक राजई ही वाक्या होगी तीन नहीं और सभी जानते हैं कि सुप्रीम कोर्ट का यह ऐतिहासिक फैसला हमारी केंद्र सरकार और हमारी राज्य सरकार की कोशिशों का नतीजा है। और खासकर हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और इसी तरह हमारी केंद्र सरकार में माननीय कानून मंत्री, रविशंकर प्रसाद जी और हमारे उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की कोशिशों का नतीजा है कि सुप्रीम कोर्ट का यह ऐतिहासिक फैसला सामने आया है, जिससे कई दबी हुई मुस्लिम महिलाओं को एक मजलिस की तीन तलाक बीदअत तलाक की नई और नासमझी भरी, बेरहमी से होने वाली प्रथा से बड़ी राहत मिली है और कई दबी हुई तीन तलाकशुदा महिलाओं को शादी टूटने की बेइज्जती, यानी गैर-कानूनी हलाला से भी बचाया गया है। और कई हलाला सेंटर बुरी तरह खत्म हो चुके हैं।

## तीन हजार लीटर से ज्यादा बिक चुका है गोबर से बना पेंट




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला में गोबर से निर्मित पेंट की डिमांड बाजार में लगतार बढ़ती जा रही है। गौशाला में गोबर

से निर्मित 03 हजार 160 लीटर पेंट अब तक विक्रय किया जा चुका है। आज गौशाला प्रभारी एवं निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने गौमय पेंट की बिक्री की रायल्टी का 33 हजार 22 रुपये का चेक नगरायुक्त शिपू गिरि को भेंट किया। इसके साथ ही सहारनपुर नगर निगम गोबर से बने 'प्राकृतिक पेंट' के उत्पादन में प्रदेश का पहला निकाय बन गया है। नगर निगम द्वारा सावलपुर नवादा स्थित माँ शाकुंभरी कान्हा उपवन गोशाला में पर्यावरण संरक्षण और 'वेस्ट टू वेल्थ' के सिद्धांत को अपनाते हुए गाय के शुद्ध गोबर से प्राकृतिक पेंट निर्माण की इकाई स्थापित की गई है। जिसमें गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट का निर्माण किया जा रहा है। गौशाला प्रभारी ने डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि अभी तक 03 हजार 160 लीटर पेंट विक्रय किया जा चुका है, जिसमें 2,200 लीटर इमल्शन और 960 लीटर डिस्टेंपर पेंट शामिल है। उन्होंने बताया पेंट इकाई का संचालन जयपुर की प्रतिष्ठित संस्था लक्ष्मी ऑर्गेनिक्स द्वारा ई-निविदा के माध्यम से किया जा रहा है। प्रत्येक लीटर पेंट की बिक्री पर नगर निगम को 10 रुपये 45 पैसे प्रति नगर आयुक्त शिपू गिरि ने बताया कि यह पेंट इकोफ्रेंडली एवं विष रहित है

इसमें किसी भी हानिकारक रसायन का प्रयोग नहीं किया गया है। यह एंटी-बैक्टीरियल एवं एंटी-फंगल हैं, और दीवारों को कीटाणुओं व फफूंद से सुरक्षित रखता है। प्राकृतिक गुणों के कारण यह पेंट गर्मियों में घर के

तापमान को नियंत्रित रखने में भी सहायक है। इसके अतिरिक्त लेड या मरकरी जैसे हानिकारक तत्व इसमें नहीं हैं, जिससे यह स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है। दूसरे यह बाजार में उपलब्ध अन्य पेंट्स की तुलना में काफी सस्ता है। पेंट के अतिरिक्त भी कान्हा गौशाला द्वारा गोबर व गौमूत्र से 25 से अधिक गोमय उत्पाद निर्मित किये जा रहे है। जिसके लिए निगम गौशाला को देश का प्रतिष्ठित 'गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस' प्रमाण पत्र, उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए आईबीआर अचीवर एवार्ड, आईएसओ प्रमाण पत्र तथा गो-सेवा और उत्पाद नवाचार में विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने पर सम्मानित किया जा चुका है।

## 235 साल पुराने माता अहिल्याबाई होलकर स्मारक का ध्वस्टीकरण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के

निर्देशानुसार आज जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेसजन कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए और जोरदार नारेबाजी करते हुए उहोंने महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। कांग्रेसजन विगत 10 जनवरी 2026 को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में माता अहिल्याबाई होलकर जी के स्मारक को गिराए जाने का विरोध कर रहे थे । इस अवसर पर उपस्थित प्रदर्शनकरियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने सरकार की इस कार्यवाही को अत्यंत शर्मनाक और अप्रतिष्ठित बताया। जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने कहा कि इस ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट का जीर्णोद्धार 235 वर्ष पूर्व माता अहिल्याबाई होल्कर ने वर्ष 1791 में कराया था। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक महत्व वाले मणिकर्णिका घाट का ध्वस्तीकरण भाजपा सरकार की ऐतिहासिक धरोहरों को नष्ट करने की नीति का परिचायक है । जिलाध्यक्ष महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने ने इस कार्यवाही को सनातन विरोधी बताते हुए अहिल्याबाई होल्कर स्मारक के अभिलंब पुनर्निर्माण की मांग की।

## समस्याओं को लेकर भाकियू ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भाकियू पथिक की मासिक मीटिंग आज कलेक्टरेट परिसर में हुई जिसमें अधयझता जोनी मुखिया व संचालन सोमवीर राणा ने किया जिसमें बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज चौधरी ने कहा कि जनपद सहारनपुर मे किसानों के नलकूपों के मोटर, तार चोरी हो रहे हैं पुलिस वाले चोरी की रिपोर्ट दर्ज भी नही करते हैं रामपुर मनिहारन के घसौती, भाकले से पिकअप द्वारा किसानों के इंजन, मोटर तार चोरी करते हुए गांव घसौती के ग्रामीणो ने चोरों का पिकअप पकड़ लिये ओर उसे पुलिस को सौंप दिया लेकिन एक महीने से अधिक हो गया है आज तक रामपुर मनिहारन थानाधयझ ने चोरी का कोई खुलाशा नही किया है जबकि चोरों का पिकअप थाने में खडा है जिससे किसानों मे सरकार के प्रति भारी रोष है बजाज शुगर मिल गागनौली पर किसानों का करोडों रुपये बकाया है जिससे किसान बिजली बिल, किसान क्रेडिट कार्ड, बच्चो की फीस व बीमारी आदि के लिए साहूकारों से मोटे ब्याज पर कर्ज



लेकर जमा कर रहा है मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नाम सिटी मजिस्ट्रेट सहारनपुर को ञापन सौपा जिसमे एमएसपी न्यूनतम समर्थन मूल्य लिखित मे कानून बनाया जाये, 60 वर्ष के बाद किसानों व मजदूरों को वृदा पेंशन 5 हजार रुपये प्रति माह की जाये, शुगर मिल पर किसानों का करोडों रुपये बकाया है जब तक किसानों का सम्पूर्ण भुगतान नही होता तब तक किसानों की आर सी व बिजली कनेक्शन न काटे जाये, जनपद सहारनपुर की शुगर मिलो पर किसानों का करोडों रुपये बकाया है जिसे ब्याज सहित शीघ्र दिलवाया जाये,जनपद सहारनपुर की सहकारी समितियों में युरिया खाद की भारी किल्लत हो रही है यूरिया खाद के लिए घंटों लाईन में लग कर भी किसानों को खाद नही मिल रहा है जल्द से जल्द यूरिया खाद उपलब्ध कराया जाये, किसानों के सम्पूर्ण कर्ज माफ किये जाये।

**सूचना**

विज्ञापन संख्या -2 दिनाँक 19/01/2026 सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद खीरी तहसील मितौली विकास खण्ड मितौली मे मत्स्य जीवी सहकारी समित का गठन किया जाना है मछुआ समुदाय/मछली से सम्बन्धित व्यक्ति जाति/निवास प्रमाण पत्र सहित दिनाँक 21/01/2026 दिन बुधवार को ग्राम उमरापुर बालकराम के घर पर समय 11:30am बजे पर उपस्थित हो।

# डीएम की अध्यक्षता में सूर्य महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**नगर के व्यापारियों, संस्थाओं एवं समाजसेवियो के साथ विविध बिंदुओं को बैठक में रखा गया**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सूर्य महोत्सव की तैयारियों को लेकर नगर के व्यापारियों, संस्थाओं एवं समाजसेवियो के साथ बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में नगर के महानुभावों से परामर्श प्राप्त किये गये।

जिलाधिकारी ने सूर्य महोत्दव की प्रस्तावित भूमिका के विविध बिंदुओं को बैठक में रखा। रूपरेखा पर उपस्थित व्यापारियों एवं पर्यटन विशेषज्ञ नें अपने विचार रखे। पर्यटन गतिविधियों के अंतर्गत चरखारी के मंगलगढ़ किले पर भी आयोजन किये जाने का प्रस्ताव रखा। नेहा चंसौरिया द्वारा लाईव प्रसारण की बात रखी। सुमित तिवारी ने स्कूली बच्चों की प्रतियोगिता कराये जाने तथा रील्स प्रतियोगिताएँ कराये जाने का प्रस्ताव रखा। इसके अतिरिक्त माधव खरे, शिवकुमार गोस्वामी, दाऊ तिवारी, जग प्रसाद तिवारी, रामजी गुप्ता, सारी के भागीरथ नागायच, महंत देवीचरण दास, वी. के. तिवारी आदि ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज नें बताया कि सूर्य महोसव का शुभारंभ रहेलिया सूर्य मंदिर पर बैदिक श्रचाओ के साथ सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर किया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय एवं बुंदेली कलाकारों को प्राथमिकता दी जायेगी। स्कूली बच्चों एवं युवाओं के लिए विविध प्रतियोगिणओं का आयोजन प्रतिदिन किया जायेगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण पुस्तक मेला होगा। इसके अतिरिक्त विविध साहित्यक संगोष्ठियों का आयोजन भी किया जायेगा।

महोत्सव की एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जायेगा। जिसके लिए एक समिति के गठन के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## छात्र छात्राओं ने रैली निकाल लोगों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**महोबा।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत साई कालेज आफ एजुकेशन में सोमवार को छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाए जाने के प्रति लोगों को प्रेरित किया। रैली समाप्ति के बाद कालेज में सड़क सुरक्षा पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नंदनी के भाषण को खूब सराहा गया और निर्णायक मंडल ने प्रथम स्थान देते हुए सम्मानित किया।

रैली और प्रतियोगिता से पूर्व कालेज के प्रबंधक संजय कुमार साहू, प्राचाय डॉ. एलसी अनुरागी व प्रशासनिक अधिकारी बीके साहू ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जलित किया और इसके बाद रैली निकाली गई। रैली कालेज परिसर से आरम्भ हुई और मुख्य सड़क से वापस लौटकर समाप्त हुई। रैली में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर जोर देते हुए विद्यार्थी धीमी गति, सुरक्षित घर, हेलमेट लगाओ, जान बचाओ, ट्रैफिक नियमों का करें सम्मान, सुरक्षित रखें अपना जीवन जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे।

# श्री काशी सत्संग मण्डल के तत्वाधान में 9 दिनों तक अनवरत् महायज्ञ का आयोजन 23 जनवरी से

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** श्री काशी सत्संग मंडल के तत्वाधान में श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ का आयोजन आचार्य सूर्यलाल शास्त्री के आचार्यत्व में 111 भूदेवों द्वारा मानसपाठ एवं विश्व शांति हेतु 9 दिनों तक अनवरत् महायज्ञ का आयोजन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कारिडोर (वाई.एस.के.-2 शनि मन्दिर के समीप) में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 23 जनवरी को सायं 4 बजे राम दरबार की मूर्ति की स्थापना कर प्रारंभ की जाएगा।

वही 24 जनवरी को 8ः00 बजे माता श्रृंगार गौरी का भव्य दर्शन पूजन के पश्चात समारोह का उद्घाटन स्वामी जितेन्द्रानन्द सरस्वती जी महाराज महामंत्री-अखिल भारतीय संत समिति एवं श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी आशुतोषानन्द गिरिजी महाराज, न्यायवेदान्ताचार्य वैसलाश मठ काशी, महामंडलेश्वर परमपूज्य स्वामी अरूण दासजी महाराज जी (स्वामी जगन्नाथ धाम आश्रम हरिद्वार) करेंगे। उक्त बातें आयोजित पत्रकार वार्ता के दरमियान

संस्था के संरक्षक आचार्य सूर्यलाल मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र कुमार पाठक ने पत्र प्रतिनिधियों को दिया। उन्होंने बताया कि, 25 जनवरी श्रीरामजन्मोत्सव के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि पूज्य श्री अखंड वृत्ति दासजी महाराज श्री स्वामी नारायण मन्दिर,सूरत गुजरात एवं अनन्त श्री कोसलेशसदन पीठाधीश्वर श्रीमज्जगदुरू रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर जी महाराज अयोध्या, विशिष्ट अतिथि जगदुरू रामानुजाचार्य स्वामी रङ्गनाथाचार्य जी महाराज, आचार्य डॉ.दिनेश जी महाराज (पीताम्बरा पीठाधीश्वर), श्रीमद् जगदुरू सुरेशाचार्य जी महाराज (योगीराज पागल बाबा),बगलामुखी सिद्ध साधक आचार्य लोकेश जी महाराज,श्री नीलकंठ महाराज (बाबा गुरू) सिक्किम कौलाचार्य सरितानन्द नाथ जी (श्री कामरूप कामाख्या),धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय (जिला जज गाज़ीपुर) करेंगे। विभिन्न जनपदों के न्यायाधीश, समाजसेवी, पत्रकार,विभिन्न आश्रमों के विद्वान संत महात्मा का आगमन राम विवाहोत्सव के शुभ अवसर पर होगा, समारोह में डा.नीलकंठ तिवारी, कार्यक्रम में विधायक शामिल होंगे। वही 1 फरवरी रामराज्याभिषेक को मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न जनपदों के न्यायाधीश प्रशासनिक अधिकारी, विद्वान संत महात्मा उपस्थित होंगे। सायं 6 बजे माघी पूर्णिमा को शृंगार गौरी माता एवं श्री काशी विश्वनाथ कारिडोर में 21000 दीपदान का भी आयोजन होगा। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से गोपीनाथ सर्राफ, प्रतीक गुप्ता, रवि मिश्रा,डॉ. प्रकाश पाण्डेय, राधेश्याम लोहिया, देवेन्द्र कुमार पाठक उपस्थित थे।

# रेत पर आकृति की खोज में युवा कलाकार ने दिखाए अपनी कला

**सारनाथ तिब्बती संस्थान के साथ ललित कला के छात्र-छात्राएं ने बनाई आकृति**

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** गुरु राम छाटपार के 82 वें जन्म दिवस के अवसर पर सोमवार को रविदास घाट के उस पार माँ गंगा के तट पर बालू की बनी कलाकृतयिां को विभिन्न कालेज के युवा कलाकारों ने मूर्त रूप दिया। बता दे की राम छाटपार शिल्पन्यासः 1989 में स्थापित यह संस्था गंगा तट पर नियमित रूप से रेत में आकृति की खोज जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करती है, जिसमें सैकड़ों कलाकार हिस्सा लेते हैं।

इस बार भी सोमवार को अलग-अलग शहरों से आए हुए युवा कलाकार रेत में आकृतियों को मूर्त रूप दिया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से सायं चार बजे तक रविदास घाट के उस पार माँ गंगा के तट पर स्थित विस्तृत रेत के टापू पर आयोजित क?िया गया।

इस कार्यक्रम के लिए नाव की व्यवस्था रविदास घाट से की गई। प्रतिवर्ष लगभग 400-500 प्रतिभागी कलाकार रेत पर नवीन प्रयोगात्मक एवं स्वतंत्र मूर्तिशिल्प का सृजन करते हैं, जो अपने आप में रोमांचक एवं चुनौतीपूर्ण होता है। इस कार्यक्रम में स्थानीय एवं देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों को अपनी कला-दक्षता प्रदर्शित करने का अद्भुत अवसर प्राप्त होता है।पिछले 35 वर्षों से यह संस्था राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है और इसने अच्छी खासी ख्याति प्राप्त की है। शिल्पन्यास जल्द ही एक अंतर्राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय की कार्य योजना में भी समर्पित है। रेत पर आकृति की खोज में विशेष रूप से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के ललित कला के छात्रों एवं गोरखपुर, आजमगढ़, लखनऊ, इलाहाबाद आदि के अलावा देश के विभिन्न ललित कला के छात्रों तथा शहर के कला प्रेमियों की भागीदारी होती है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाल विवाह एवं बाल श्रमिकों के संबंध में बैठक संपन्न हुई

**फर्रुखाबाद।** मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत जिला टास्क फोर्स की बैठक, बाल विवाह-डिस्ट्रिक टास्क फोर्स एवं जिला स्तरीय रेस्क्यू टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा अपर जिलाधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वार्ड स्तर एवं ग्राम स्तर पर समितियों की बैठक रोस्टर जारी कर प्रत्येक त्रैमास में ही सम्पन्न करायी जायें एवं ग्राम चैपाल के एजेण्डा में शामिल किया जाये। इसके साथ ही समस्त खण्ड विकास अधिकारी भी ब्लॉक बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठकों को 01 वर्ष के रोस्टर के अनुसार नियमित रूप से सम्पन्न करायें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियो की समीक्षा बैठक संपन्न हुई

जया उल्लाह खान संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्क्षयता में आगामी 23 जनवरी को नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि 23 जनवरी को शाम 06 बजे 02 मिनिट के लिये ब्लैक आउट होगा,ब्लैक आउट के दौरान चिन्हित एरिया में सभी लाईट बंद रहेगी, वाहन नही चलेंगे व वाहनों की लाइट बंद रहेगी, इसके बाद अग्निशमन कार्यालय में हवाई हमले की स्थिति में उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर आग बुझाने, घायलों को निकालने व अस्पताल पहुचाने की मॉकड्रिल की जायेगी, शाम 05 बजे सभी लोग अग्निशमन केंद्र पर एकत्र होंगे।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि जनपद की आपातकालीन रेस्पॉन्स टीम को क्रियाशील रखे, सभी महत्त्वपूर्ण जगह का चिन्हांकन करा लिया जाए, सभी अस्पताल अग्निशमन केंद्र फायर हाइड्रेंट को चिन्हित कर लिया जाये, नगर क्षेत्रो मे लगे सभी पब्लिक एड्रेस सिस्टम को क्रियाशील किया जाये, एन0सी0सी0 एन0एस0एस0,नेहरू युवा केंद्र, स्काउट गाइड के माध्यम से स्कूल व कॉलेज में बच्चों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाये, ब्लैक आउट क्या होता है और इसमें क्या करना होता है इसके बारे में जनता को जागरूक किया जाये, सम्बंधित सभी विभाग आपातकालीन स्थिति से निपटने की सभी तैयारियां पूर्ण कर ले।

## 36वें परिनिर्वाण दिवस पर ओशो प्रेमियों ने गोरखगिरि पर्वत के ऊपर दी श्रद्धांजलि

**महोबा।** महान क्रांतिकारी संत ओशो के 36वें परिनिर्वाण दिवस पर ओशो प्रेमियों ने गोरखगिरि पर्वत के ऊपर एक श्रद्धांजलि सभा की। हास्य व सक्रिय ध्यान कर ओशो को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री से ओशो की मृत्यु की अनसुलझी गुत्थी को सुलझाने के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनाने की मांग की। ओशो के अनुयायी स्वामी अंतर्यात्री ने कहा कि आखिर ओशो की मृत्यु पर पड़ा पर्दा कब उठेगा, इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण बात क्या होगी कि 35 साल बीत जाने के बाद भी ओशो की विवादास्पद मृत्यु का रहस्य नहीं सुलझा। हम लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस संबन्ध में पिछले पांच वर्ष से लगातार खत लिख रहे हैं। भारत के जिस आध्यात्मिक गुरु ने ध्यान की 113 विधियां खोजकर पूरे पश्चिम जगत को हिला दिया, उसकी मृत्यु पर सरकारें खामोश क्यों हैं। बताया कि ओशो के शिष्य शुरू से मांग उठा रहे हैं लेकिन महाराष्ट्र की सरकारों ने अब तक ओशो की मृत्यु की जांच के लिए कमेटी तक नहीं बनायी, इससे ओशो के करोड़ों अनुयायी आहत है।

# आरटीओ ने तीन स्कूल वाहनों को सीज किया, 20 का हुआ चालान

अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** स्कूली वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल वाहनों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस दौरान फिटनेस, परमिट एवं अन्य अनिवार्य दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर कुल 03 स्कूली वाहनों को सीज किया गया तथा 20 वाहनों का चालान किया गया। इसी क्रम में आज आजमगढ़ रोड स्थित एलएचके स्कूल में अचानक निरीक्षण (सरप्राइज इंस्पेक्शन) भी किया गया। निरीक्षण में स्कूल के सभी बसों के दस्तावेज,फिटनेस,परमिट एवं स्कूली वाहन मानकों से संबंधित कागजात,वैध एवं पूर्ण पाए गए।

इस प्रवर्तन अभियान का नेतृत्व सुधांशु रंजन, ए.आर.टी.ओ. (प्रवर्तन) द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। सभी स्कूल प्रबंधन से अपील की जाती है कि वे अपने स्कूली वाहनों के समस्त आवश्यक दस्तावेज समय से पूर्ण रखें तथा यदि अब तक नहीं कराया गया है तो चालकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से पूर्ण कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी स्कूली वाहन के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।


## इकरा एजूकेशनल इंस्टीट्यूट मोहम्मदपुर नवादा, मक्खनपुर, फिरोजाबाद प्रवेश सूचना डी.एल.एड. सत्र 2025-26

**(मैनेजमेंट में प्रवेश हेतु सीट उपलब्ध है)**

ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने डी0एल0एड0 सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु इच्छुक हैं। वे अभ्यर्थी राज्य सरकार एवं एन0सी0टी0ई0 मानकानुसार शुल्क पर डी0एल0एड0 सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु आवश्यक प्रपत्रों के साथ महाविद्यालय में शीघ्र संपर्क करें।

सचिव - मोहम्मद हमीद
मो0: 9837651407, 8979928979
Email: iqrainstitute07@gmail.com



## कार्यालय नगर निगम अलीगढ़

सेवा भवन लाल डिग्गी रोड अली गढ़

ई-निविदा सूचना सं0 289/उ0वि0/न0नि0अली0/2025-26 दिनाँकः 19-01-2026

### पुनः ई-निविदा सूचना

नगर निगम, अलीगढ़ द्वारा वाटर वर्क्स कम्पाउण्ड पार्क में मिट्टी भराव का कार्य। की ई-निविदा नगर निगम अलीगढ़ में पंजीकृत किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी एवं अन्य विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदाऐं आंमत्रित की जाती है। निविदाओं से सम्बन्धित जानकारी ई-टेण्डर की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम अलीगढ़ कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। किसी भी प्रकार के शुद्धि पत्र के सम्बन्ध में ई-टेण्डर की बेवसाइट को देख सकते हैं। निविदाओं हेतु निर्धारित तिथि एवं समय का विवरण निम्नवत है--

**ऑनलाइन निविदा**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा बेबसाईट से डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक 20.01.2026 सांय 04:00 बजे |
| 2 | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 27.01.2026 शाय 04:00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 28.01.2026 प्रातः 11:00 बजे |

प्रभारी उद्यान
नगर निगम, अलीगढ़



## Notice

I khaleel Ahmad have change my name to khalil Ahmad Farooqui in future known and call me khalil Ahmad Farooqui s/o Anwar hasan r/o 12/2273 sarai hisamuddin Saharanpur UP ,247001



## यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

**हावड़ा - आनंद विहार (ट.) एवं डिब्रुगढ़ - गोमतीनगर स्टेशनों के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिनकी समय-सारणी निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी सं. 13065/13066 हावड़ा - आनंद विहार (ट.) - हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 13065 आगमन | गाड़ी सं. 13065 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 13066 आगमन | गाड़ी सं. 13066 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:10 | हावड़ा | 10:50 | ---- |
| 00:01 | 00:03 | बैण्डेल जं. | 09:05 | 09:07 |
| 01:04 | 01:06 | बर्द्धमान | 07:53 | 07:55 |
| 01:55 | 01:57 | दुर्गापुर | 06:52 | 06:54 |
| 02:26 | 02:28 | आसनसोल जं. | 06:20 | 06:22 |
| 04:00 | 04:05 | धनबाद जं. | 05:00 | 05:05 |
| 04:30 | 04:32 | एनएससी बोस गोमो | 04:25 | 04:27 |
| 04:55 | 04:57 | पारसनाथ | 04:04 | 04:06 |
| 05:55 | 05:57 | कोडरमा जं. | 03:07 | 03:09 |
| 07:25 | 07:30 | गया जं. | 01:45 | 01:50 |
| 08:12 | 08:14 | अनुग्रह नारायण रोड | 00:24 | 00:26 |
| 08:30 | 08:32 | डेहरी ऑन सोन | 00:08 | 00:10 |
| 08:48 | 08:50 | सासाराम | 23:53 | 23:55 |
| 09:25 | 09:27 | भभुआ रोड | 23:24 | 23:26 |
| 10:45 | 10:50 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 22:40 | 22:45 |
| 11:50 | 12:00 | वाराणसी जं. | 21:40 | 21:50 |
| 13:06 | 13:08 | जौनपुर सिटी | 19:26 | 19:28 |
| 14:20 | 14:25 | सुलतानपुर जं. | 18:30 | 18:35 |
| 14:54 | 14:56 | निहालगढ़ | 17:43 | 17:45 |
| 16:50 | 17:00 | लखनऊ जं. | 16:05 | 16:15 |
| 19:56 | 19:58 | शाहजहांपुर जं. | 11:48 | 11:50 |
| 20:58 | 21:00 | बरेली जं. | 10:36 | 10:38 |
| 22:38 | 22:48 | मुरादाबाद जं. | 09:05 | 09:10 |
| 23:30 | 23:32 | गजरौला जं. | 07:27 | 07:29 |
| 00:13 | 00:15 | हापुड़ जं. | 06:44 | 06:46 |
| 01:41 | 01:43 | गाजियाबाद जं. | 06:01 | 06:03 |
| 02:50 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 05:15 |

चलने के दिन: 13065 हावड़ा से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 22.01.2026 से एवं 13066 आनंद विहार (ट.) से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 24.01.2026 से।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 15949/15950 डिब्रुगढ़ - गोमतीनगर - डिब्रुगढ़ अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 15949 आगमन | गाड़ी सं. 15949 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 15950 आगमन | गाड़ी सं. 15950 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:00 | डिब्रुगढ़ | 12:40 | ---- |
| 21:35 | 21:37 | मोराणहाट | 11:00 | 11:02 |
| 22:23 | 22:25 | शिमलगुड़ी जं. | 10:10 | 10:12 |
| 23:15 | 23:25 | मरियानी जं. | 08:40 | 08:50 |
| 00:40 | 00:42 | फरकाटिंग जं. | 08:00 | 08:02 |
| 02:35 | 02:40 | डिमापुर | 06:20 | 06:25 |
| 03:13 | 03:15 | दिफू | 05:30 | 05:32 |
| 04:00 | 04:10 | लामडिंग जं. | 04:35 | 04:45 |
| 05:00 | 05:02 | होजाई | 03:25 | 03:27 |
| 05:35 | 05:37 | चापरमुख जं. | 02:45 | 02:47 |
| 06:03 | 06:05 | जागी रोड | 02:13 | 02:15 |
| 07:35 | 07:45 | गुवाहाटी | 01:05 | 01:15 |
| 08:00 | 08:02 | कामाख्या जं. | 00:45 | 00:47 |
| 08:50 | 08:52 | रंगिया जं. | 23:50 | 23:52 |
| 09:08 | 09:10 | नलबाड़ी | 23:20 | 23:22 |
| 09:44 | 09:46 | बरपेटा रोड | 22:45 | 22:47 |
| 10:30 | 10:40 | न्यू बंगाईगाँव | 22:00 | 22:10 |
| 11:20 | 11:22 | कोकराझार | 21:20 | 21:22 |
| 12:25 | 12:27 | न्यू अलीपुरद्वार | 20:03 | 20:05 |
| 12:45 | 12:47 | न्यू कोच बिहार | 19:40 | 19:45 |
| 15:00 | 15:10 | न्यू जलपाईगुड़ी | 17:30 | 17:40 |
| 15:52 | 15:54 | अलुआबाड़ी रोड | 16:18 | 16:20 |
| 16:20 | 16:22 | किशनगंज | 15:50 | 15:52 |
| 17:20 | 17:22 | बारसोई जं. | 15:08 | 15:10 |
| 19:20 | 19:30 | कटिहार जं. | 14:15 | 14:25 |
| 20:13 | 20:15 | नवगछिया | 12:00 | 12:02 |
| 21:17 | 21:19 | खगड़िया जं. | 10:23 | 10:25 |
| 21:49 | 21:51 | बेगूसराय | 09:31 | 09:33 |
| 22:25 | 22:35 | बरौनी जं. | 09:05 | 09:15 |
| 00:18 | 00:23 | हाजीपुर | 06:55 | 07:00 |
| 00:31 | 00:33 | सोनपुर | 06:41 | 06:43 |
| 02:40 | 02:50 | छपरा | 05:15 | 05:20 |
| 03:45 | 03:50 | सिवान | 04:05 | 04:10 |
| 04:50 | 04:52 | देवरिया सदर | 02:58 | 03:00 |
| 06:50 | 07:00 | गोरखपुर जं. | 01:50 | 02:00 |
| 07:39 | 07:41 | खलीलाबाद | 00:16 | 00:18 |
| 08:13 | 08:16 | बस्ती | 23:47 | 23:50 |
| 09:00 | 09:02 | मनकापुर | 22:56 | 22:58 |
| 10:05 | 10:10 | अयोध्या धाम जं. | 22:00 | 22:05 |
| 10:30 | 10:40 | अयोध्या छावनी | 21:30 | 21:40 |
| 12:36 | 12:38 | बाराबंकी | 19:12 | 19:14 |
| 13:30 | ---- | गोमतीनगर | ---- | 18:40 |

चलने के दिन: 15949 डिब्रुगढ़ से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 30.01.2026 से एवं 15950 गोमती नगर से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.02.2026 से।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

193/2026 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कोर्ट नोटिस

न्याया.मा.सिविल जज(सीडि)/FTC सहारनपुर। इजराये वाद सं0 02/2017 संजीव कुमार बनाम संजीव कुमार आदि में दिनाक 02-01-2026 को मा. न्यायालय के द्वारा नीलामी के सम्बन्ध में निम्न आदेश पारित किया गया हैं अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में इजराये वाद में कुर्क ही सम्पत्ति की पब्लिक/सार्वजनिक नीलामी न्यायालय आदेश अनुसार निम्वत कराई जानी है।1- नीलामी की दिनाक 27-01-2026...2- नीलामी दिन मंगलवार 3- नीलामी का समय 10-00 बजे दिन से 4-00 बजे सायं तक 4. नीलामी स्थल ग्राम सभा भवन ग्राम कलरी परगना सुल्तानपुर हाल तहसील व ज़ि.सहारनपुर ! न्याया. सिविल जज (सीडि)/FTC सहारनपुर ! कोर्ट नोटिस. न्यायालय मा. सिविल जज सीडी/FTC इजराए वाद सं. 01/2014. .विजय कुमार. बनाम पवन लाल आदि सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में मा. न्यायालय द्वारा कुर्क की गई संपत्ति की पब्लिक नीलामी का आदेश दि. 9/12/2025 को पारित किया गया है अतः नीलामी की सार्वजनिक/पब्लिक कार्यवाही निम्नवत संपन्न होगी। नीलामी की दिनांक. .27/1/2026 दिन...मंगलवार, समय..10 A रूसे 4:00 PM स्थान.. ग्राम सभा भवन,ग्राम गूंगी, परगना गंगोह, तहसील नकुड़, जिला सहारनपुर।

**आज्ञा से.. न्याया. मा. सिविल जज(सीडि)/FTC सहारनपुर।**



## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है शपथी कर्रार अहमद पुत्र मोहम्मद इब्राहिम निवासी ग्राम शाहपरी मजरे नरौली परगना व तहसील रुदौली जनपद अयोध्या का स्थाई निवासी है। शपथी के चार पुत्र सोफ़ियान अहमद व सलमान अहमद व अल्ताफ़ अहमद व अफजाल अहमद हैं। जिनमें शपथी का पुत्र सलमान अहमद शपथी व उसके परिवार के कहने सुनने और समझाने बुझाने में नहीं है। अपनी मर्जी का मालिक है।शपथी व उसके परिवार का खयाल नहीं रखता है।गलत संगत में पड़ कर अनैतिक कार्य करता है।जिससे शपथी काफ़ी हैरान व परेशान है।शपथी ने अपने पुत्र सलमान अहमद की ग़लत आदतों और हरकतों से तंग आकर शपथी ने अपने पुत्र सलमान अहमद से सम्बन्ध समाप्त कर उसको अपनी समस्त चल, अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। शपथी के पुत्र सलमान अहमद द्वारा किए गए किसी कृत्य कारनामे मुकदमे अथवा लेनदेन का जिम्मेदार सलमान अहमद स्वय होगा। शपथी व उसके परिवार की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी।

शपथी
कर्रार अहमद
पता उपरोक्त

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनीं आमजन की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं।जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।जनता दर्शन में भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, पेंशन, विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों की प्रमुखता से शिकायतें सामने आईं।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की साप्ताहिक समीक्षा की जाए तथा शिकायतकर्ता को समय पर निस्तारण की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिससे आमजन का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

## एडी बेसिक के खिलाफ निजी स्कूल संचालकों का आक्रोश, मान्यता के नाम पर धन उगाही का आरोप

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) कौस्तुभ नारायण सिंह के खिलाफ जिले के निजी स्कूल संचालकों ने मोर्चा खोल दिया है। एडी बेसिक पर विद्यालय की मान्यता के नाम पर धन उगाही का विरोध करने पर वित्तविहीन स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. चंद्र प्रकाश त्रिपाठी से अभद्रता करने का आरोप लगाया गया है। सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में संगठन के संरक्षक प्रतिपाल सिंह पाली ने पूरे मामले की कड़ी निंदा की। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी को संगठन अध्यक्ष डॉ. चंद्र प्रकाश त्रिपाठी अपने विद्यालय की मान्यता के संबंध में एडी बेसिक कार्यालय गए थे। वहां तैनात लिपिक हरिशंकर पांडेय द्वारा मान्यता के लिए दो लाख रुपये की मांग की गई।इस संबंध में बात करने जब डॉ. त्रिपाठी एडी बेसिक कौस्तुभ नारायण सिंह के कक्ष में पहुंचे तो उन्होंने उल्टे डॉ. त्रिपाठी पर ही नाराजगी जताई और विरोध करने पर कथित रूप से अभद्रता करने लगे। संगठन का कहना है कि डॉ. त्रिपाठी एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद हैं और उनके साथ इस तरह का व्यवहार अत्यंत निंदनीय है।डॉ. चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि एडी बेसिक अपने पूर्व तैनाती काल में भी विवादों में रहे हैं।

## सहकारी ग्राम विकास बैंक प्रतिनिधि पद के लिए संजय सिंह राजू मंगलवार को करेंगे नामांकन

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक शाखा अयोध्या के प्रतिनिधि पद के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी संजय सिंह राजू मंगलवार को मसौधा ब्लॉक कार्यालय में नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन प्रक्रिया दिन में 2 बजे संपन्न होगी, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नामांकन के अवसर पर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि पार्टी ने संजय सिंह राजू को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। उनके नामांकन को सफल और प्रभावी बनाने के लिए संगठन स्तर पर समन्वय के साथ कार्य किया जा रहा है।

# सुबह बूथ पर दोपहर ज़रूरतमंदों के बीच मक़सूद आलम नूरी की सक्रियता बनी मिसाल

## अशफाक उल्ला ख़ान वार्ड में कंबल वितरण सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**रुदौली(अयोध्या)** कड़ाके की ठंड को देखते हुए अशफाक उल्ला ख़ान वार्ड में नगर पालिका परिषद द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ कार्यक्रम हामिद अली स्कूल परिसर में आयोजित किया गया जहाँ बड़ी संख्या में ज़रूरतमंद लोग पहुँचे चेयरमैन तथा वार्ड के सभासद प्रतिनिधि मक़सूद आलम नूरी की उपस्थिति में पात्र लाभार्थियों को कंबल वितरित किए गए कंबल पाकर ज़रूरतमंदों के चेहरों पर खुशी साफ़ दिखाई दी इस अवसर पर वार्ड के सभासद प्रतिनिधि मक़सूद आलम नूरी की सक्रियता विशेष रूप से चर्चा का विषय रही की सभासद प्रतिनिधि सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत संबंधित बूथ पर लगातार उपस्थित रहे और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया इसके बाद बिना किसी विलंब के दोपहर 2 बजे से उन्होंने हामिद अली स्कूल में कंबल वितरण कार्यक्रम में भी सक्रिय भूमिका निभाई सभासद प्रतिनिधि द्वारा एक ही दिन में दो-दो महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किए जाने से वितरण समारोह में मौजूद पूर्व ब्लाक प्रमुख मुनव्वर अली ने उनकी कार्यशैली की सराहना की स्थानीय लोगों का कहना है कि सभासद प्रतिनिधि वार्ड की हर छोटी-बड़ी समस्या को गंभीरता से लेते हैं और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं।

## समरसता की संदेश वाहक एवं लोक कल्याणकारी है रामकथाः प्रशांत जी महाराज

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** राम कथा लोक के लिए कल्याणकारी है। यह सत्य, न्याय, मर्यादा, सेवा, त्याग और धार्मिकता के शाश्वत मूल्यों की सीख देती है जिससे समरस समाज का निर्माण होता है। यह भक्ति और विनम्रता जगाकर आत्मा के शुद्धिकरण का मार्ग प्रशस्त करती है और जीवन को सही दिशा में ले जाती है। राम कथा लोक और परलोक दोनों को सुधारने का काम करती है। यह उद्गार रुदौली के हनुमान किला मंदिर के निकट श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ के अवसर पर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव द्वारा आयोजित श्री राम कथा महोत्सव में कथा व्यास पूज्य प्रशांत जी महाराज ने व्यक्त किये।

# संगठन की ताकत से स्वाभिमान का संकल्प



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** कमेरा स्वाभिमान महासंघ उत्तर प्रदेश की समीक्षा बैठक बाराबंकी के आरआर पैलेस, शुक्लाई में जोश, संकल्प और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.पी. वर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संरक्षक सुशील कुमार कटियार उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य ग्राम पंचायत से लेकर जनपद स्तर तक महासंघ की कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को प्रदेशव्यापी विस्तार देना रहा। बैठक में यह संदेश दिया गया कि संगठित समाज ही उत्कृष्ट व्यवस्था की नींव है, जो राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है, देश को विकास के पथ पर अग्रसर करता है और अखंडता के साथ राष्ट्र को समर्पित रहता है। एकता की यही ताकत बिखरे समाज को अधिकार और सम्मान की पहचान देती है। अध्यक्ष एस.पी. वर्मा ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े वे लोग, जो आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संरक्षण के अभाव में शोषण और अन्याय का शिकार हैं, महासंघ की पहली प्राथमिकता हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सहयोग के माध्यम से उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़कर न्याय दिलाना ही महासंघ का मूल उद्देश्य है। मुख्य अतिथि सुशील कुमार कटियार ने कहा कि वर्तमान में महासंघ पूर्णतः गैर-राजनीतिक है।

## मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए पाप की दलदल मे फस जाता है- कथा व्यास सुबोध

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** मनुष्य द्वारा अपने स्वार्थ में किए गए गलत कर्मो का फल अवश्य भोगना खुदको भोगना पड़ता है। उक्त बातें दशहरा बाग स्थित रामलीला मैदान में सात दिवसीय श्रीमद्भाभगवत कथा के चौथे दिन चित्रकूट धाम में पधारे कथा व्यास सुबोध कांत ने कहा। श्री सुबोध कांत ने कहा कि आज कथा में नरकों का वर्णन करते हुए सुनाया गया कि पाप और अधर्म करके व्यक्ति समाज से बच सकता है लेकिन परमात्मा से नही। भगवान के दरवार में अन्याय नही है । किए हुए कर्म का फल समय पर प्राप्त हो ही जाता है। सुबोध कांत ने बताया कि अजामिल की कथा सुनाते हुए कहा कि सन्त किसी न किसी युक्ति से हमारा उद्धार कर देते हैं। प्रह्लाद के प्रसंग में सुनाया गया कि हरि की भक्ति करने वाला व्यक्ति विषम से विषम परिस्थिति में भी भक्ति कर ही लेता है।

# स्व प्रदीप बाबू ने हमेशा गरीबो के हितो के लिए सघर्ष करते थेः पूर्व मंत्री गोप

## समाजवादी नेता स्व प्रदीप बाबू कौन कार्यकर्ताओ ने दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** जनवरी आज की नई पीढ़ी को पूर्वजों के कार्यों विचारों से अवगत कराना अत्यंत आवश्यक है जिससे आज के युवा कार्यकर्ता पदाधिकारी ऐसे विचारशील महापुरुषों के कार्यों विचारों नीतियों से भली भांति अवगत हो सके जिन्होंने देश समाज को मजबूत करने के साथ हम सब का भविष्य सुनहरा बनाने के लिए कितनी कुर्बानी दी थी। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने समाजवादी पुरोधा सादगी की प्रतिमूर्ति पूर्व मंत्री स्वर्गीय प्रदीप कुमार यादव की 22वीं पुण्यतिथि पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी में स्वर्गीय प्रदीप यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए व्यक्त किये। श्री गोप ने आगे कहा कि प्रदीप यादव सादगी पसंद नेता थे जो सदैव गांव गरीब गुरबत में रहने वालों के हक अधिकार के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करते थे छोटे से छोटे कार्यकर्ता के कार्य के लिए वह मंत्री होते हुए भी पैदल अधिकारियों के यहां कार्यकर्ता के साथ चले जाते थे उनके इसी कार्य व्यवहार से प्रेरणा लेते हुए हर जरूरतमंद की सहायता मदद करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करते हुए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी होगी तभी हम सब का वह सपना साकार होगा जिसके लिए हम सब निरंतर संघर्ष कर रहे हैं और यही प्रदीप बाबूजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## कीटनाशक की दुकान की आड़ में अफीम तस्करी का भंडाफोड़, एसओजी की बड़ी कार्रवाई

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी और थाना सिरौली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कीटनाशक की दुकान की आड़ में चल रही अफीम की सप्लाई का खुलासा करते हुए एक किलो 300 ग्राम अफीम के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रविवार शाम सिरौली थाना क्षेत्र में की गई। एसओजी और पुलिस को क्षेत्र में अफीम तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। पुलिस ने लभारी निवासी देवेंद्र से अफीम का सौदा तय कराया। पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार अफीम की डिलीवरी गुलड़िया क्षेत्र के रुखाड़ा गांव निवासी सुनील पाल की कीटनाशक की दुकान पर होनी थी। जैसे ही देवेंद्र अफीम लेकर दुकान की ओर पहुंचा, पहले से तैनात पुलिस टीम ने उसका पीछा शुरू कर दिया। खुद को घिरता देख देवेंद्र दुकान के अंदर घुस गया, लेकिन बड़गांव चौकी पुलिस और एसओजी टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो 300 ग्राम अफीम बरामद की गई। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दुकान संचालक सुनील पाल पैरों से दिव्यांग है, लेकिन उसी की दुकान के जरिए अफीम की सप्लाई कराई जा रही थी।

## मणिकर्णिका घाट पर अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति तोड़े जाने के विरोध में कांग्रेस का धरना

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट पर माता अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति और घाट संरचना को तोड़े जाने के विरोध में सोमवार को जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी ने चौकी चौराहा स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा पार्क में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि 10 जनवरी 2026 को भाजपा सरकार ने विकास के नाम पर वर्ष 1791 में माता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा निर्मित मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त करा दिया। इस दौरान वहां स्थापित उनकी ऐतिहासिक और पवित्र मूर्तियां भी गिरा दी गईं, जो वर्तमान में मलबे में दबी पड़ी हैं। उन्होंने इसे ऐतिहासिक विरासत और जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ बताया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व महापौर प्रत्याशी डॉ. के.बी. त्रिपाठी ने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## मुसलमानों के 30 बच्चे बताना भड़काऊ और तथ्यहीनः मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी

**बरेली।** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने बागेश्वर धाम के बाबा पंडित धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री लगातार मुसलमानों को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। मौलाना ने कहा कि मुसलमानों के ÷30 बच्चे होने जैसी बात कहना न केवल तथ्यहीन है, बल्कि समाज में नफरत और भड़काव फैलाने वाला बयान है। मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी ने कहा कि संतान होना खुदा की सबसे बड़ी नेमतों में से एक है। जिनके बच्चे नहीं होते, उनका दर्द वही समझ सकता है। ऐसे लोग इलाज और दुआ के लिए दर-दर भटकते हैं और हर धर्मस्थल व सूफी संतों की दरगाहों पर हाजिरी देते हैं। उन्होंने कहा कि संतान को संख्या के तराजू में तौलना अमानवीय सोच को दर्शाता है। मौलाना ने स्पष्ट किया कि वह पंडित धीरेंद्र शास्त्री का सम्मान करते हैं क्योंकि वह एक धर्मगुरु हैं, लेकिन साथ ही उन्हें सलाह देते हैं कि वह खुद भी विवाह करें, ताकि उन्हें बच्चों की परवरिश और उनकी शिक्षा की जिम्मेदारी का वास्तविक अनुभव हो सके। मौलाना ने चुनौती देते हुए कहा कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री पूरे देश में एक भी ऐसा मुसलमान दिखा दें जिसके 30 बच्चे हों। उन्होंने कहा कि करोड़ों की आबादी में भी ऐसा कोई उदाहरण नहीं है। अधिकतम 6-7 बच्चों की बात मानी जा सकती है, लेकिन 30 बच्चों की बात कहना बहुसंख्यक समुदाय को उकसाने और भड़काने का प्रयास है।

## टाईटी अनिवार्यता के संबंध में आवश्यक बैठक शीघ्रः सुशील पांडे

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे जी की अध्यक्षता में प्रांतीय कार्य समिति/मंडलीय पदाधिकारी/ प्रदेश के सभी जनपदों के अध्यक्ष एवं मंत्रियों की बैठक डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ भवन लखनऊ संगठन कार्यालय में हुई। इस बैठक में शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं टेट, प्रोन्नत वेतनमान में 20त्त की बाध्यता समाप्त करने, पुरानी पेंशन, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, स्थानांतरण, पदोन्नति आदि विषयों पर गंभीरता से चर्चा हुई। प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ देवेंद्र कुमार द्विवेदी जी ने टाईटी के संबंध में जो वाद माननीय सुप्रीम कोर्ट में लंबित है उसकी पुरजोर पैरवी करने के लिए सरकार में बैठे अधिकारियों से सुसंगत पैरवी करने शीघ्र अति शीघ्र पत्राचार की बात कही।

# विज्ञान ने मानवीय जीवन को बहुत प्रभावित किया हैः धीरेन्द्र सिंह

## बेसिक विभाग के तत्वावधान में आयोजित हुआ प्रतियोगिता



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज(सिसवा बाजार)।** सिसवा ब्लॉक सभागार में बेसिक विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सिसवा धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके किया गया। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत उच्च प्राथमिक विद्यालय खेसरारी मंशाछापर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सिसवा धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि विज्ञान ने मानवीय जीवन को बहुत प्रभावित किया है। विज्ञान से हम सभी अपने देश को सुपर पावर बना सकते हैं इसलिए सभी बच्चों को पूरे मनोयोग से विज्ञान की पढ़ाई करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी सिसवा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि गांव में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बस उन्हें अवसर देकर तराशने की जरूरत है। विज्ञान में आपकी रुचि किसी भी कार्य को सुव्यस्थित ढंग से करने की प्रेरणा देता है। प्रतियोगिता में शेषपुर के तीन छात्र मोनिका,विवेक,तन्नू मंशा छापर की एक छात्रा प्रिया और हरखपुरा के एक छात्र अभय का चयन अंतिम रूप से हुआ। उक्त बच्चे जिले स्तर पर सिसवा का विज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे। खण्ड शिक्षा अधिकारी बंशीधर सिंह ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी अरविन्द जायसवाल के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर डायट प्रवक्ता अर्जुन शाही, विज्ञान एआरपी देवेंद्र पटेल, गणित एआरपी सूरज यादव, एआरपी अंभोज मिश्र, पूर्व एआरपी अरुण कुमार सिंह, शिवेंद्र मिश्रा, लालबिहारी, पूनम प्रभा सोनी,मुद्रिका गुप्ता, रमेश चौरसिया, प्रकाश कुमार इत्यादि अध्यापक उपस्थित रहे।

# फुलवरिया को भूमि विवाद मुक्त करने के प्रयास में जुटा प्रशासन



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खतौनी में खातेदारों/सह खातेदारों के गाटों के अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों एवं लोप के संशोधन दर्ज कराने हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा सदर तहसील स्थित ग्राम पंचायत फुलवरिया में ग्रामीणों को सहमति के आधार पर अंश निर्धारण कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ग्राम फुलवरिया को पूर्णतः भूमि विवाद मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहा। सभी से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर अंश निर्धारण कराएं। अंश निर्धारण के बाद हर व्यक्ति अपनी भूमि पर खेती, निर्माण, बिक्री या पट्टा स्वतंत्र रूप से कर सकता है। राजस्व अभिलेखों (खसरा-खतौनी) में नाम और हिस्सा दर्ज होने से भविष्य में कानूनी विवादों से बचाव होता है। किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, मुआवजा, अनुदान आदि योजनाओं का लाभ सीधे संबंधित खातेदार को मिलता है। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि परस्पर सहमति के आधार पर खातेदार अपना अंश निर्धारण करा सकते हैं। इस अवसर पर तहसीलदार सदर और नायब तहसीलदार सदर द्वारा मौके पर रहकर ग्रामीणों से अंश निर्धारण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त किया गया।

# 500 के नोटों के ढेर वाला वीडियो वायरल, भाजपा जिलामंत्री पर उठे सवाल

**जिलामंत्री बोले—नोट नकली, मुझे फंसाने की साजिश; पुलिस बोली—शिकायत का इंतजार**

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक बंद कमरे के फर्श पर 500-500 रुपये के कथित बंडल रखे दिखाई दे रहे हैं। वीडियो बनाने वाला व्यक्ति मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर नोटों के ढेर को दिखाता नजर आ रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो भाजपा के जिलामंत्री गौतम तिवारी से जुड़ा है। वीडियो सामने आते ही जिले की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मामला तूल पकड़ने के बाद भाजपा जिलामंत्री गौतम तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए सभी आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि वीडियो में दिख रहा पैसा न तो उनका है और न ही असली मुद्रा है। उनके मुताबिक, कुछ तंत्र-मंत्र करने वाले लोगों ने उनसे जमीन दिलाने के नाम पर पैसे लिए थे और बाद में उन्हें बदनाम करने के लिए नकली नोटों या कागज के टुकड़ों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। गौतम तिवारी ने यह भी कहा कि उनका किसी भी प्रकार के हवाला या अवैध लेन-देन से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने पूरे मामले को सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि अभी तक कोई औपचारिक लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। यदि शिकायत मिलती है तो मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सोशल मीडिया पर वीडियो को लेकर बहस जारी है।

# मिशन शक्ति के तहत सिटी पब्लिक स्कूल की छात्राओं को किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कोठीभार की एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा तथा सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को उप निरीक्षक योगेन्द्र तिवारी, महिला उप निरीक्षक लकी पटेल एवं महिला उप निरीक्षक नेहा कुमारी के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने सीटी पब्लिक स्कूल, सिसवा में अध्ययनरत छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर महिला हेल्पलाइन 181, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर, पॉक्सो एक्ट एवं मिशन शक्ति से जुड़ी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक करते हुए छात्राओं को सतर्क रहने और किसी भी विपरीत परिस्थिति में तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पंपलेट वितरित किए गए तथा 1090, 1076, 181, 112 एवं 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सोपा



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जिला मुख्यालय पर सोमवार को आशा कार्यत्रियों ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया इस दौरान उन्होंने 8 सूत्री मांगे रखी और मुख्यमंत्री को एक संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। आशा कर्मचारी ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से उन्हें उपेक्षित किया जा रहा है उनका आरोप है कि इतने लंबे समय से सेवा देने की बावजूद उन्हें उचित मानदेय एवं सुविधाएं नहीं मिल रही हैं उनकी प्रमुख मांगों में आशा कर्मचारी को राज्य कर्मचारी का दर्जा देना और न्यूनतम मजदूरी दर 21 000 हजार रुपए निर्धारित करना शामिल है इसकी अतिरिक्त उन्होंने संगिनी बहनों के लिए 26000 रुपए मासिक मानदेय की मांग की अन्य मांगों के लिए 10 लख रुपए का दुर्घटना बीमा एवं आश्रितों को नौकरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर धरने के लिए कमरों की व्यवस्था तथा सभी आशा कर्मचारी के लिए आयुष्मान कार्ड बनाना आज शामिल है इस दौरान इस प्रदर्शन में संगीता, दुर्गावती गुप्ता, गीतादेवी, नीलम गौतम एवं रीता गुप्ता सहित कई आशा कर्मचारी मौजूद रही,।

## बरेली में कुर्मी क्षत्रिय सभा का खिचड़ी भोज, समाज का उमड़ा जनसैलाब

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर कुर्मी क्षत्रिय सभा की ओर से रविवार को पटेल छात्रावास, ब्रह्मपुरा में भव्य खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आयोजन स्थल पर उत्सव, परंपरा और भाईचारे का अनूठा संगम देखने को मिला। सभा के अध्यक्ष के.पी. सेन गंगवार ने कहा कि मकर संक्रांति केवल पर्व नहीं, बल्कि समाज को एकजुट रखने का संदेश है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से कुर्मी क्षत्रिय समाज अपनी सामाजिक एकता, सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक मूल्यों को मजबूती देता है। खिचड़ी भोज समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रहा है। उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार ने कहा कि समाज की मजबूती एकता में ही निहित है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाते हैं।

# बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 50वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, गोण्डा में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 50वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद के समस्त विकासखण्डों से आए परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, शारीरिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मंच से खेल शुभारंभ की घोषणा की गई। तत्पश्चात खेल को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न खेल विधाओं जैसे दौड़, मसाल दौड़ सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत समूह नृत्य, एकल नृत्य, देशभक्ति गीत, लोकनृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा जीवन में अनुशासन, नेतृत्व एवं सहयोग की भावना विकसित करती हैं।मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रतिभावान बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत एवं मार्गदर्शन से ही बच्चे इस प्रकार के मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाते हैं।कार्यक्रम के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारीगण, प्रधानाध्यापकगण, शिक्षक संघ के पदाधिकारी, शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय धार्मिक एवं सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन

**जलालपुर, अंबेडकर नगर।** श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा दो दिवसीय धार्मिक एवं सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विकास निषाद अध्यक्ष - माँ की महिमा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजन में अखंड रामायण पाठ और भंडार होगा। संरक्षक एंव अध्यक्ष संजीव मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 21 जनवरी, बुधवार को सुबह से श्री रामलीला मैदान, जलालपुर में अखंड रामायण पाठ के साथ होगी। यह पाठ दिनभर चलेगा। इसके अगले दिन 22 जनवरी, गुरुवार को हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं और आमजन के लिए भंडारे का प्रबंध किया गया है।आयोजन समिति के राम किशोर राजभर,अरुण मिश्र, आशाराम मौर्या,दिलीप यादव मौजूद रहे .यह आयोजन सामुदायिक सद्भाव, धार्मिक निष्ठा और साझा सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

# सफ़र ए मदीना की याद में निकली लोरपुर में जुलूस ए अमारी

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** इमाम हुसैन (अ) के मदीना से कर्बला काफिले की याद में ऐतिहासिक जुलूस लोरपुर में आज रविवार, 18 जनवरी को बरामद हुआ।

आज अंजुमन हुसनिया के तत्वाधान से इमाम हुसैन (अ) के उस पवित्र सफर को साकार करते हुए एक भव्य जुलूस निकाला गया, जो मदीना से कर्बला तक के काफिले की याद दिलाता रहा। ठीक वैसे ही जैसे 28 रजब 60 हिजरी को इमाम हुसैन (अ) ने यज़ीद के अत्याचारों के खिलाफ खड़े होने के लिए मदीना छोड़ा, अपने परिवार, छोटे-छोटे मासूम बच्चों, बहनों और साथियों को साथ लेकर कर्बला की ओर प्रस्थान किया था, उसी भावना से यह जुलूस बरामद हुआ। जुलूस की शुरुवात मौलना अली असगर की खिताबत से शुरू हुई जिसमे उन्होंने हृदयस्पर्शी खिताब दिया, जिसमें इमाम के परिवार संग सफर की कठिनाइयों और त्याग को बयां किया।

जुलूस में हज़ारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया जुलूस हुसैनाबाद की मस्जिद से बरामद होकर विभिन्न रास्तो से गुजरकर पीरपुर पहुंचा और देर शाम कर्बला पर समाप्त हुआ। अंजुमन हुसैनिया, अंजुमन मासूमिया, अंजुमन जाफरिया और अंजुमन अब्बासिया ने इमाम के काफिले की याद में मार्मिक नौहाख्वानी की, जिसमें छोटे बच्चों के रोने की कल्पना और परिवार के त्याग की गाथा ने सभी को गमगीन कर दिया। जुलूस को जनाब शजर ने पूरे समारोह को गरिमापूर्ण ढंग से संचालित किया। जुलूस में 18 घोड़े इमाम के घुड़सवार साथियों का प्रतीक बने, जबकि दो अमारी ने काफिले की पवित्रता को उजागर किया। जुलूस आख़िरी मजलिस निज़ाम अब्बास ने की जुलूस में मुख्य रूप से , सैयद एहसान , ज़मीन अब्बास ,नसीम ,इमरान रिज़वी ,मेहदी हसन ,रोज़ हैदर ,मतलूब ,कैफ़ी अबुज़र, मौलाना इंतेज़ार मेहदी हसन्ने उपस्थित रहे ,यह जुलूस न केवल इतिहास को जीवंत करता रहा, बल्कि इमाम हुसैन (अ) के परिवार संग कर्बला यात्रा के संदेश को लाखों दिलों तक पहुंचाया। जुलूस में जगह सबील का मोमिनों द्वारा इंतज़ाम किया गया था।

# महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर जनचौपाल एवं बहु-बेटी सम्मेलन का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत सोमवार को थाना कोतवाली मिठवल क्षेत्र के ग्राम चरथरी में जनचौपाल एवं बहु-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं व बालिकाओं ने सहभागिता कर कानून व अधिकारों से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिणी यादव के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में संपन्न हुए कार्यक्रम में लगभग 100 महिलाओं व बालिकाओं ने नए कानूनों, महिला सुरक्षा उपायों एवं सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। जनचौपाल में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम सहित अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने तथा कानून का सहारा लेने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान 112, 1090, 181, 1930, 1098 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर यह संदेश दिया गया कि संकट की घड़ी में पुलिस हर समय महिलाओं के साथ खड़ी है। मिशन शक्ति टीम में उ0नि0छोटे लालयादव,.हे0का0 बीरबल यादव, म0का0 प्रियंका .रोहित दुबे,.ज्योति सिंह,श्रद्धा दूबे की भूमिका सराहनीय रही। मिशन शक्ति टीम द्वारा यह संदेश दिया गया कि महिला जागरूकता ही सुरक्षित व सशक्त समाज की आधारशिला है।

# निभाने वादा चला नाना जॉ खुदा हाफ़िज़ : लकी हल्लौरी

- हज़रत इमाम हुसैन अस ने 28 रजब को छोड़ा था मदीना : जमाल हैदर
- इमाम बारगाह कनीज़ रबाब में हुआ सफ़र ए हुसैनी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मुसलमानों के रसूल हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में (28 रजब) रविवार को कस्बा हल्लौर स्थित इमाम बारगाह कनीज़ रबाब में बायदे इमाम हुसैन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे सहित आसपास के इलाके के बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मरसिया, मजलिस हुई, जिसके बाद मातमी जुलूस के साथ अमारी का जुलूस निकाला गया। जिसे देखने के लिए हर हुसैनी शैदाई बेताब नजर आया।

हर साल की तरह इस साल भी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अंजुमन फरोग-ए-अजा के बैनर तले इमाम बारगाह कनीज रबाब में सबसे पहले मजलिस आयोजित हुई। मरसियाख्वानी शाहिद आलम व उनके हमनवां ने पेश किया। मजलिस को ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन 28 रजब को इमाम हुसैन अस अपने छोटे से काफिले के साथ नाना हज़रत मुहम्मद साहब का प्यारा वतन मदीना छोड़ा था इनका काफिला दो मोहर्रम को कर्बला की ज़मीन पर पहुँचा। जहाँ 10 मोहर्रम को इमाम हुसैन अस ने अपने परिवार के बड़े बच्चों व साथियों के साथ शहादत अंजाम पायी। अंत में सफर ए इमाम हुसैन अस का दर्दनाक मसाएब बयान किया जिसे सुन हर आंख अश्कबार नज़र आई। मजलिस के बाद नौहा मातम के साथ अमारी का जुलूस निकला। जुलूस के साथ इमाम हुसैन अस की सवारी शबीह ए ज़ुलजनाह भी निकाला गया। जिसका बोसा लेने हर शैदाई बेताब नज़र आया। या अली या हुसैन की सदाओं के बीच जुलूस दरगाह चौक पहुँचा जहाँ अज़ीम हैदर ने इमाम हुसैन अस के फजायल व मसाएब बयान किया। यहाँ से दरगाह हज़रत अब्बास, जन्नतुल वकी होता हुआ कर्बला पहुँचकर जुलूस खत्म हुआ। जुलूस के दौरान कामयाब, मोहम्मद हैदर, कायनात, नफीस, लकी आदि ने नौहा पढ़ा। इस मौके पर जुहैर हैदर, जुहेर, शिबू लारा, सोजफ़, राजू मेडिकल, हैदर अब्बास जैकी, काज़िम रज़ा, साजिद अब्बास मंटू, मंज़र, ख़ुशतर, अकील, शबाब, तसकीन, शमशाद अली, शकील, कायनात, कामयाब सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कस्बे में रहा सबील का इंतज़ाम

सफर ए हुसैनी के मौके पर हल्लौर कस्बे में मोमनीन व अकीदतमंदों के लिए सबील का इंतेजाम किया गया जिसमें अल हैदरी ग्रुप की जानिब से फ्रूट जूस, पानी, सबील का व्यापक इंतेज़ाम दिखाई दिया। इस मौके पर अमानत, समर, सलमान, अरमान, सलीम जौहर, सुल्तान, मोअत्तर, ज़ैद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी तरह जनाबे सकीना के रौज़े के पास कामयाब, आफ़ताब, शबीह, अज्जू, काज़िम रज़ा आदि ने स्टाल लगाकर सबील वितरण किया। वही दरगाह चौक पर असगर ट्रेडर्स, अब्बास एचएनएफ, सानू, शहज़ाद अब्बास, जानू दरगाह हज़रत अब्बास के पास अंजुमन फेदाये अबुल फ़ज़्लिल अब्बास की जानिब से सबील की व्यवस्था की गई जिसमे रज्जन, वफादार, गुड्डू बाबा, लकी, आबिश, सुल्तान, लाडले, एजाज़ अहमद, अहसन मेंहदी, फ़िरोज़ अब्बास, आरज़ू, यूसुफ, परवेज़, मीसम, दानिश, सनी, रेहान आदि ने लोगो का विशेष योगदान रहा।

## ऑनलाइन पढ़ाई से CISF तक का सफर : रजवापुर वेलवा के विनय मौर्य बने पहली सरकारी नौकरी पाने वाले युवक

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** कहते हैं अगर हौसले बुलंद हों और लक्ष्य साफ हो, तो सीमित संसाधन भी सफलता की राह नहीं रोक सकते। इस कथन को सच कर दिखाया है जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील इटवा अंतर्गत ग्राम पंचायत रजवापुर वेलवा निवासी विनय कुमार मौर्य ने, जिनका केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) में चयन हुआ है।विनय कुमार मौर्य पुत्र जगन्नाथ मौर्य एवं माता कमला देवी ने इस सफलता के साथ ऑल इंडिया रैंक 8154 प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गांव और समाज का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि यह ग्राम पंचायत की पहली सरकारी नौकरी मानी जा रही है, जिससे गांव में खुशी का माहौल है।

विनय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बड़े भाई दिलीप मौर्य तथा गुरुजनों को देते हुए बताया कि उन्होंने पूरी पढ़ाई घर से रहकर ऑनलाइन माध्यम से की। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी तैयारी "Rojgar with Ankit" यूट्यूब चैनल एवं अंकित सर के मार्गदर्शन में पूरी की, जिससे यह सिद्ध होता है कि सही दिशा और मेहनत से ऑनलाइन शिक्षा भी बड़े मुकाम तक पहुंचा सकती है। अपनी सफलता पर विनय ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि अगर हौसले बुलंद हों और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मंज़िल मुश्किल नहीं होती। विनय की इस उपलब्धि पर गांव में बधाइयों का तांता लगा हुआ है। ग्राम प्रधान फूलचंद यादव सहित सुनील मौर्या, रामबिलास मौर्या, कुण्डली प्रसाद मौर्या, दिलीप मौर्या, जैसमन कमलेश मौर्या, अजय मौर्या, राम शंकर मौर्या सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विनय की यह सफलता ग्रामीण युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बनकर सामने आई है, जो यह साबित करती है कि सीमित संसाधनों में भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं।

## महिला की निर्मम हत्या पति पुलिस की गिरफ्त में

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के गांधी आश्रम मोहल्ले में सोमवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक महिला की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। घटना से पूरे इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

मृत महिला की पहचान सोनी सिंह के रूप में हुई है, जो उमाशंकर सिंह की पत्नी थी। वारदात के बाद पुलिस ने पति उमाशंकर सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि परिवार मूल रूप से भीटी थाना क्षेत्र के मदारभारी गांव का रहने वाला है और बीते कई वर्षों से गांधी आश्रम मोहल्ले में निवास कर रहा था।

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नगर नितीश कुमार तिवारी, कोतवाली प्रभारी श्रीनिवास पांडेय, पुलिस बल तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल की गहन जांच कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। सूत्रों के अनुसार पति-पत्नी के बीच अक्सर घरेलू विवाद होता रहता था। आरोप है कि पति द्वारा महिला के साथ मारपीट भी की जाती थी।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पीएम श्री विद्यालय का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** मुख्य विकास अधिकारी गोण्डा अंकिता जैन द्वारा पीएम श्री विद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गोण्डा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय में वर्तमान में प्री-बोर्ड परीक्षाएँ संचालित की जा रही हैं।निरीक्षण के समय विद्यालय परिसर में काफी मात्रा में झाड़ियाँ उगी हुई पाई गई। इस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्रधानाध्यापिका को परिसर की समुचित साफ-सफाई शीघ्र सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन पाँच कक्षों के निरीक्षण के दौरान यह जानकारी दी गई कि विगत 2ङ्क3 माह से कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य बंद है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराते हुए नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराया जाए।निरीक्षण के दौरान दिव्यांग शौचालय बंद पाया गया। प्रधानाध्यापिका द्वारा बताया गया कि यह शौचालय समग्र शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) योजना के अंतर्गत निर्मित है, किंतु अभी तक विद्यालय को हैंडओवर न होने के कारण बंद है। इस पर निर्देश दिए गए कि 03 दिवस के भीतर नियमानुसार शौचालय विद्यालय को हैंडओवर कराया जाए। विद्यालय परिसर में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें कुछ उपकरण क्रियाशील तथा कुछ अक्रियाशील पाए गए।

इस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी जताते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि अटल टिंकरिंग लैब में बंद पड़े उपकरणों के क्रियाशील न होने के लिए बरती गई लापरवाही हेतु संबंधित कर्मी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी उपकरणों को नियमानुसार क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका कार्यालय कक्ष की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई।

## धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की 430वीं पुण्यतिथि



**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** अखिल क्षत्रिय महासभा सिद्धार्थनगर द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की 430वीं पुण्यतिथि जिला मुख्यालय स्थित राजन सिंह जिला अध्यक्ष के आवास पर सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। जिला अध्यक्ष राजन सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र बहादुर सिंह वरिष्ठ जिला महामंत्री ने किया। कार्यक्रम को राजन सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, कृष्ण पाल सिंह, सत्यानंद सिंह सुजीत सिंह आदि ने किया। कार्यक्रम में फतेह बहादुर सिंह, अमित सिंह, राजू सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख, मान बहादुरसिंह, प्रेम सिंह, जयप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह अनूप सिंह, सुजीत सिंह सोनू सिंह दिलीप त्रिपाठी धर्मेंद्र सिंह प्रदीप सिंह अभिषेक सिंह अनूप सिंह आदि मौजूद रहे।

## नगर पालिका की लापरवाही बनी हादसे का सबब



**जलालपुर।** अम्बेडकरनगर नगर पालिका द्वारा पानी निकासी के लिए वर्षों पूर्व नालियों का निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन आज तक उन पर ढक्कन नहीं लगाए गए। इस लापरवाही के चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, बावजूद इसके नगर पालिका द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला सोमवार दोपहर नगर पालिका कार्यालय के सामने देखने को मिला, जहां मोड़ लेते समय एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खुले नाले में जा घुसा। काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को बाहर निकाला जा सका। बताया जा रहा है कि उक्त ट्रैक्टर सम्मनपुर गांव निवासी राम प्रताप यादव का था। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई बड़ा नुकसान या जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस खुले नाले में इससे पूर्व भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन ने इससे कोई सबक नहीं लिया। लोगों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते नाले को ढकने की व्यवस्था नहीं की गई तो भविष्य में कोई बड़ी और गंभीर दुर्घटना घट सकती है। इस संबंध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि इस मार्ग का चौरी करण होना है।

## लाखों की लागत से बना पंचायत भवन बना शोपीस ग्रामीणों की सुविधा पर ताला शासन की मंशा पर सवाल

**अंबेडकरनगर।** शासन की करोड़ों की योजनाओं का क्या हाल है? क्या लाखों रुपये पानी में बह रहे हैं? ये सवाल उठ रहे हैं ग्राम पंचायत हथिना राज में, जहां विकासखंड रामनगर के अंतर्गत बना भव्य पंचायत भवन उपेक्षा की भेंट चढ़ गया है। लाखों रुपये की लागत से वर्ष 2023-24 में निर्मित यह भवन, जो ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं देने का वादा लेकर खड़ा हुआ था, आज तालों से जकड़ा हुआ है। मीडिया की पड़ताल ने खोला राज - दोपहर 1:30 बजे तक भवन का ताला बंद! क्या यह है ग्रामीण विकास की हकीकत? हथीना राज के ग्रामीणों से बातचीत में सामने आया कि पंचायत भवन, जो पंचायती राज विभाग की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बनाया गया था, अब भूतिया इमारत जैसा लगता है। भवन पर लटकते जंग लगे ताले चीख-चीख कर गवाही दे रहे हैं कि यहां न तो पंचायत सचिव आते हैं, न ही कोई सरकारी कामकाज। शासन की मंशा थी कि राशन कार्ड, पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र सब एक जगह मिले, लेकिन यहां तो ताला ही नहीं खुलता! एक स्थानीय किसान ने गुस्से में कहा। क्या यह सरकारी लापरवाही का चरम है?वो हमारी टीम ने सुबह से दोपहर तक भवन का मुआयना किया। 1:30 बजे तक ताला जस का तस।

# समाज सेवी ने किया कुंभ मेले में विशाल भंडारा



अवधनामा संवाददाता

**गोंडा।** ऐतिहासिक तीर्थराज प्रयागराज संगम नगरी कुंभ मेले में आए श्रद्धालुओं के लिए अमेरिकी बिजनेसमैन व समाजसेवी सुशील मिश्र के नेतृत्व में स्थान श्री भगवान नारायण खालसा द्वारा पीठ दरबार श्री पिंडोरी धाम गुर दास महावीर मार्ग खाक चौक प्रयागराज में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।सात समंदर पार जिले के चर्चित समाजसेवी सुशील मिश्रा व अमेरिकी बिजनेस मैन (रंगुलाल कैरिय र इंक) के एमडी सुशील मिश्रा ने तीर्थराज प्रया गराज कुंभ मेले के संगम नगरी में श्रद्धालुओं के लिए एक विशाल भंडारे का आयोजन किया

व्यवस्थापक डॉक्टर अरुण मिश्रा ने तीर्थराज प्रयागराज के संगम के तट पर महाकुंभ मेले में आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।भंडा रे में महंत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर जनार्दन दास जी महारा ज(तुलसीदास छावनी अयोध्या राजन दास जी महाराज अयोध्या के सानिध्य में संगम के तट तीर्थराज प्रयागराज के कुंभ मेले में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें कुम्भ मेले में स्नान करने आए लाखो श्र द्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया जिसमें प्रयागरा ज से महाकुम्भ स्नान करने आए श्रद्धालुओं के लिए चाय-पोहा,छोला- चावल,पूड़ी,सब्जी आदि की व्यवस्था की गयी थी।प्रयागराज के कुंभ मे ले में स्नान करने आ रहे यात्रियों की बसो को रोक कर नगर के सैकड़ों युवकों द्वारा हर स्नाना र्थी को प्रसाद के रूप में छोला-चावल, खिचड़ी व चाय- पूड़ी सब्जी बिस्किट,पानी आदि का वि तरण किया गया।इसी बीच राजन दास जी महा राज अयोध्या भी आ पहुँचे और उन्होंने भी प्र साद ग्रहण किया और भंडारा स्थल पर काफी देर तक उपस्थित रहे।जिसकी लोगो ने खूब स राहना की है अप्रवासी अमेरिकी बिजनेसमैन सुशील मिश्रा अमेरिका मे रह कर भी भारतीय संस्कार की परम्पराओ को निभाने मे पीछे नही हटते हैं।

समाज सेवी सुशील मिश्रा ने लोगों की भलाई के लिए निरंतर समाज मे कार्य करते हैं सुशील मिश्रा समय-समय पर गरीब कन्याओं के हाथ पीले करवाना, मंदिरों का जीर्णो द्धार करवाना,ठंड में कंबल वितरण करना गरीबों को वस्त्र वितरण भोजन की व्यवस्था आदि कार्य समय पर करते रहते हैं।इस मौके पर व्यवस्थाप क समाज सेवी डॉ.अरुण मिश्रा,नीरज मिश्रा, सरवन उपाध्याय,संजय पाण्डेय,सुनील मिश्रा विजय दुबे,संदीप दुबे,आदि समाजसेवी मौजूद रहे।

## जगदीश सिह स्वर्गीय सीपी सिंह मेमोरियल टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**गोडा ।** वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश सिंह मेमोरियल टेनिस बाल किकेट का शुभारंभ अदम गोंडवी मैदान में किया गया जिसमें नगर पालिका चैयरमैन उजमा राशिद, जिलाअध्यक्ष समाज वादी पार्टी अरसद हुसैन मो जकी अमरीष दत्त सिंह, बार पदाधिकारी विजय प्रकाश त्रिपाठी, भानुप्रताप सिह, प्रधान अमित सिह अखंड सिह, राम बुझारत, अनिल सिह, जगन्नाथ शुक्ल उपस्थित रहे। पहला पुरस्कार तीस हजार, दूसरा पुरस्कार पंद्रह हजार रखा गया है। पहले दिन दुर्गेश इलेवन ने 38 रन से पथवलिया पैंथर को करारा हार मैच जीत लिया अयोजक अमित कुमार सिंह मयंकर सिंह दुर्गेश सिंह सतीश सिंह अगम सिंह हर्ष सिंह प्रणव सिंह ने जीता मैन ऑफ द मैच।

# दिनेश कुमार बने सफाई कर्मचारी के निर्विरोध ब्लाक अध्यक्ष




अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर ।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक चुनाव लोटन ब्लाक सभागार में सोमवार को जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार के निर्देश पर सम्पन्न हुआ। जिसमें सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया। जिसमें दिनेश कुमार को दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा ब्लाक महामंत्री जितेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार, संगठन मंत्री मनोज श्रीवास्तव, सम्प्रेक्षक दिनेश कुमार को निर्विरोध चुना गया।जीते हुए पदाधिकारियो को जिला कार्यकारिणी ने बेहतर कार्य करने की सलाह दी। पदाधिकारियों ने उनका आभार जताया। ब्लाकू अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहां कि शीघ्र ही संघ के नियम के अनुसार ब्लाक कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे।

कार्यालय एवं जिला पंचायत राज अधिकारी के सही कार्यों का सहयोग किया जाएगा लेकिन यदि कोई गलत काम होगा तो उसका पुरजोर विरोध भी करेंगे। सफाई कर्मियों के सम्मान पर आंच नहीं आने देंगे। इस मौके पर रीना देवी, इसरार अहमद, खुशबू,सरोजा सिंह, नाजिमा, संतलाल, मुरलीधर, रामहर्ष, रामबृक्ष, मोलहू प्रसाद, विनोद, छेदी, राजेश, राम अचल, उमेश कुमार, कमलेश, रामदरश, अमेरिका प्रसाद, हरिश्चंद्र यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## बहुमत के बावजूद सियासत

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व और प्रचंड जनादेश मिला है। एक तरफ बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में पुरानी शिवसेना का वर्चस्व और शासन समाप्त किया है, तो दूसरी तरफ पुणे में शरद पवार के परंपरागत गढ़ को ध्वस्त किया है। पवार अब न तो 'चाणक्य' रहे हैं और न ही राजनीतिक तौर पर प्रासंगिक रहे हैं। उनका राजनीतिक युग समाप्त हो चुका है। महाराष्ट्र नगर निगम के कुल 2869 में से 1440 वार्ड में भाजपा के पार्षद विजयी रहे हैं, लिहाजा कुल 29 नगर निगमों में से 25 में भाजपा के मेयर सत्तारूढ़ हो सकते हैं। भाजपा ने भी ऐसे जनादेश की कल्पना नहीं की थी। महत्वपूर्ण यह रहा कि ये चुनाव प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के बड़े नेताओं के प्रचार के बिना ही लड़े गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ही चौतरफा नेतृत्व किया और परिणाम सामने है। जाहिर है कि फडणवीस का भाजपा के भीतर राजनीतिक कद बढ़ेगा। बहरहाल जनादेश की दृष्टि से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और कांग्रेस भाजपा से कई गुना पीछे रह गई हैं। सबसे शानदार और उल्लेखनीय जीत बीएमसी की रही है, लिहाजा अब देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भाजपा का मेयर (महापौर) होना चाहिए। लेकिन अकेली भाजपा के 89 पार्षदों के बावजूद बीएमसी में बहुमत नहीं है। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) ने 'महायुति' वाले गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ा था। शिवसेना के 29 पार्षद जीते हैं। साझा गठबंधन को सदन में 118 पार्षदों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल है। सत्ता से बाहर हो रही शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की 'मनसे' ने 20 साल बाद गठबंधन में चुनाव लड़ा था। उन्हें 71 पार्षद मिले हैं। मराठी मानुष, मराठा, मराठी भाषा के प्रचार को जनता ने खारिज कर दिया।

अब मराठा सियासत के कई साझेदार हो गए हैं, जिनमें भाजपा और शिंदे सेना भी शामिल है। बेशक ठाकरे घराने की चुनावी पराजय हुई है, लेकिन पार्टी संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की विरासत अब भी अस्तित्व में है। बल्कि वह बीएमसी में सत्ता के समीकरण बदल भी सकती है। इतिहास खुद को दोहराता-सा लग रहा है। भाजपा-पुरानी शिवसेना ने विधानसभा चुनाव गठबंधन के साथ ही लड़ा था। गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट बहुमत भी था, लेकिन उद्धव ठाकरे की मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल थी कि उन्होंने अढाई-अढाई साल के मुख्यमंत्री की मांग की। बल्कि पहला अवसर शिवसेना को देने का भी आग्रह किया। हालांकि भाजपा के 104 विधायक जीत कर आए थे और वह सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। तत्कालीन शिवसेना के 55-56 विधायक ही थे। सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक भूख यहां तक बढ़ी कि उद्धव ने कांग्रेस और संगठित एनसीपी के साथ 'महाविकास अघाड़ी' गठबंधन बनाया और मुख्यमंत्री बन गए। भाजपा ने एकनाथ शिंदे के जरिए न केवल शिवसेना को दोफाड़ किया, बल्कि उद्धव की सरकार भी गिरवा दी। लगभग उसी तरह अब उपमुख्यमंत्री शिंदे की शिवसेना के 29 पार्षदों को 'ताज होटल' में, गहरे पहरे के साथ, रखा गया है। पार्षदों में से ही आवाज उभरी है कि मुंबई का मेयर अढाई-अढाई साल का होना चाहिए। सियासत यहीं से आरंभ होती है। यदि शिवसेना किसी भी स्थिति में भाजपा के पंचसाला मेयर के लिए तैयार नहीं हुई, तो क्या शिंदे की शिवसेना घर-वापसी करते हुए उद्धव की शिवसेना के साथ कोई समझौता कर सकती है? हालांकि उद्धव का साफ कहना है कि जिन्होंने हमारी पार्टी तोड़ी थी, उनके लिए हमारे दरवाजे बिल्कुल बंद हैं, लेकिन उन्हीं के सांसद प्रवक्ता संजय राउत ने धमकी वाला बयान दिया है कि भाजपा-शिवसेना के बीएमसी में 4 पार्षद ही बहुमत से अधिक हैं, लिहाजा कभी भी तख्तापलट किया जा सकता है। हमारा मानना है कि शिंदे भाजपा के खिलाफ जाने का फिलहाल जोखिम नहीं उठाएंगे, क्योंकि भाजपा उनके इलाकों में भी ताकतवर बनकर उभरी है। दरअसल बीएमसी देश की सबसे अमीर महानगर पालिका है।

## रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता जालः क्या अब बड़े सुधारों का समय आ गया है?

**राम सरन वर्मा**

भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहाँ की एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए सीधे तौर पर खेती पर निर्भर है।देश की बढ़ती खाद्य माँग को पूरा करने के उद्देश्य से पिछले कई दशकों से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग निरंतर बढ़ाया गया है।शुरुआती दौर में इन उर्वरकों ने उत्पादन बढ़ाने में निश्चित रूप से मदद की, लेकिन आज इनके अंधाधुंध और अनियंत्रित उपयोग के कारण कृषि, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर संकट मंडराने लगा है।

**उर्वरकों की खपत के भयावह आंकड़े :** देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग का अंदाज़ा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2018-2019 में जहाँ 115 करोड़ बैग की खपत हुई थी, वहीं 2024-25 के दौरान यह आंकड़ा 150 करोड़ बैग को पार कर गया है।गौर करने वाली बात यह है कि भारत की जनसंख्या लगभग 143 करोड़ है, जबकि उर्वरकों की खपत 150 करोड़ बैग से भी अधिक हो चुकी है।यह असंतुलन न केवल चिंताजनक है, बल्कि भविष्य के लिए एक बड़े खतरे का संकेत भी है।

**सेहत और मिट्टी पर दोहरी मार :** रासायनिक उर्वरकों का असर अब हमारे थाल तक पहुँच चुका है।गेहूँ, चावल, दालें, सब्जियाँ, फल और यहाँ तक कि दूध, दही और घी भी इनके रसायनों से अछूते नहीं रहे हैं।इसके परिणामस्वरूप देश में कैंसर, हृदय घात, एलर्जी और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। खेतों की स्थिति भी कम सोचनीय नहीं है। नियमानुसार, उर्वरकों का उपयोग केवल पौधों की जड़ों के पास होना चाहिए, लेकिन पूरे खेत में इनके छिड़काव से खरपतवार की समस्या बढ़ जाती है। इस खरपतवार को खत्म करने के लिए फिर भारी मात्रा में खरपतवार-नाशक दवाओं का उपयोग होता है, जो मिट्टी की उर्वरता को नष्ट कर देती हैं। मिट्टी की खोई हुई शक्ति वापस पाने के लिए किसान और अधिक खाद डालता है, और यह दुष्चक्र हर साल मिट्टी को और अधिक बंजर बनाता जा रहा है।

**अर्थव्यवस्था पर बोझ और कालाबाजारी :** उर्वरक क्षेत्र में बढ़ता निवेश देश की अर्थव्यवस्था पर भी भारी पड़ रहा है।वर्तमान में देश में प्रतिवर्ष लगभग 3 लाख करोड़ रुपये (सब्सिडी सहित) के रासायनिक उर्वरकों का उपयोग हो रहा है। विडंबना यह है कि हमारा उर्वरक उद्योग 80 प्रतिशत तक विदेशी कच्चे माल या आयातित उर्वरकों पर निर्भर है।कुल 3 लाख करोड़ रुपये में से 2.5 लाख करोड़ रुपये केवल आयात में खर्च हो जाते हैं। इस प्रकार, एक ओर हमारी भूमि बंजर हो रही है, तो दूसरी ओर देश की बड़ी पूंजी विदेशों में जा रही है।

सरकार किसानों के कल्याण के लिए भारी सब्सिडी दे रही है। पिछले 10 वर्षों में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी प्रदान की गई है। इसी सब्सिडी के कारण 40 रुपये प्रति किलो वाली यूरिया खाद किसानों को 6 रुपये प्रति किलो से भी कम दाम पर उपलब्ध है।स्थिति यह है कि यूरिया आज पशुओं के चारे से भी सस्ता हो गया है।सरकार 85 से 90 प्रतिशत तक सब्सिडी देती है ताकि किसानों को यूरिया एक चाय के कप से भी कम कीमत पर मिले।लेकिन इसी कम कीमत का लाभ उठाकर बिचौलिए इसकी कालाबाजारी करते हैं और कृषि के बजाय इसका उपयोग प्लाईवुड कारखानों, कैटल फीड और मिलावटी दूध बनाने में कर रहे हैं।

**सुधार की राह और समाधान :** इस संकट से उबरने के लिए अब ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।पहले खेतों से निकलने वाले अवशेषों का उपयोग जैविक खाद के रूप में होता था, जिससे मिट्टी का जैविक कार्बन बना रहता था।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com**

**बंगाल की राजनीति की एक विशिष्ट विशेषता यह रही है कि यहां विचारधारा और भावनाएं अत्यंत तीव्र रूप से अभिव्यक्त होती हैं। वाम मोर्चे के लंबे शासन के बाद ममता बनर्जी का उदय एक जनांदोलन के रूप में हुआ था। उन्होंने न केवल वामपंथी वर्चस्व को तोड़ा, बल्कि खुद को गरीब, हाशिए के वर्ग और क्षेत्रीय अस्मिता की आवाज के रूप में स्थापित किया। शुरुआती वर्षों में उनकी सरकार ने कुछ कल्याणकारी योजनाओं और सशक्त राजनीतिक संप्रेषण के माध्यम से जनता का विश्वास भी अर्जित किया।**

# बंगाल में लोकतंत्र, विकास और अस्मिता की निर्णायक परीक्षा-घड़ी

पश्चिम बंगाल की राजनीति इस समय एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जहां सत्ता, संघर्ष, कानून और जनभावना-चारों धाराएं एक-दूसरे से टकराती हुई दिखाई देती हैं। यह टकराव केवल भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई भर नहीं है, बल्कि यह उस शासन शैली, लोकतांत्रिक मर्यादा और विकास दृष्टि की भी परीक्षा है, जिसके आधार पर बंगाल अपनी आने वाली राजनीतिक दिशा तय करेगा।



ललित गर्ग

लंबे समय तक खेला होगा के नारे के सहारे भाजपा को रोकने में सफल रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने इस बार परिस्थितियां अपेक्षाकृत अधिक जटिल, चुनौतीपूर्ण और बहुआयामी नजर आ रही हैं। आज समूचे देश की नजरे पश्चिम बंगाल पर टिकी है। वहां आगामी विधानसभा काफी रोमांचक एवं निर्णायक होगा, जिसमें पश्चिम बंगाल का नया भविष्य बुनने की दिशाएं उद्घाटित होगी।

एक ओर केंद्र और राज्य के बीच टकराव अपने चरम पर है, तो दूसरी ओर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई, अदालती टिप्पणियां और कानूनी बहसें राजनीतिक विमर्श को नियंत्रित कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों ने केवल एक कानूनी प्रश्न ही नहीं उठाया, बल्कि यह संकेत भी दिया कि राज्य सरकारों द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों के कामकाज में हस्तक्षेप की सीमाएं कहां तक हो सकती हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने ममता बनर्जी की उस राजनीतिक छवि को आंशिक रूप से प्रभावित किया है, जो अब तक स्वयं को केंद्र के कथित दमन के विरुद्ध संघीय ढांचे की रक्षक के रूप में प्रस्तुत करती रही हैं। अदालतों में लंबी चलने वाली कानूनी लड़ाइयों का राजनीतिक प्रभाव तुरंत और गहरा होता है, विशेषकर तब, जब चुनाव नजदीक हों और जनता का ध्यान प्रशासनिक उपलब्धियों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप पर केंद्रित होने लगे। बंगाल की राजनीति की एक विशिष्ट विशेषता यह रही है कि यहां विचारधारा और भावनाएं अत्यंत तीव्र रूप से अभिव्यक्त होती हैं। वाम मोर्चे के लंबे शासन के बाद ममता बनर्जी का उदय एक जनांदोलन के रूप में हुआ था। उन्होंने न केवल वामपंथी वर्चस्व को तोड़ा, बल्कि खुद को गरीब, हाशिए के वर्ग और क्षेत्रीय अस्मिता की आवाज के रूप में स्थापित किया। शुरुआती वर्षों में उनकी सरकार ने कुछ कल्याणकारी योजनाओं और सशक्त राजनीतिक संप्रेषण के माध्यम से जनता का विश्वास भी अर्जित किया। किंतु समय के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, संगठन पर अत्यधिक नियंत्रण और विरोध के प्रति असहिष्णुता जैसे आरोप भी समानांतर रूप से उभरते गए।



भाजपा ने इन्हीं कमजोरियों को अपना राजनीतिक आधार बनाने की कोशिश की है। 2019 के लोकसभा चुनावों से लेकर अब तक भाजपा ने बंगाल में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया है और हिंदुत्व, राष्ट्रवाद तथा भ्रष्टाचार विरोधी विमर्श को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाया है। हालांकि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने भारी बहुमत से वापसी की, लेकिन यह भी सच है कि भाजपा बंगाल की राजनीति में एक स्थायी और निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुकी है। मत प्रतिशत में अंतर और सीटों का आंकड़ा भाजपा के लिए भले ही निराशाजनक रहा हो, पर संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक आधार का विस्तार उसके लिए भविष्य की संभावनाओं के द्वार खोलता है। हाल के वर्षों में बंगाल में विकास का प्रश्न अपेक्षाकृत पीछे छूटता दिखाई दिया है। उद्योग, निवेश और रोजगार के मुद्दे राजनीतिक शोर में दब गए हैं। आम जनता की एक बड़ी चिंता यह भी है कि राज्य की राजनीति निरंतर टकराव और हिंसा के आरोपों से क्यों घिरी रहती है। चुनावी हिंसा, राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर हमले और प्रशासन की निष्पक्षता पर उठते सवाल राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। पड़ोसी देशों से अवैध घुसपैठ, सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकीय बदलाव और कानून-व्यवस्था की चुनौतियां भी राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन चुकी हैं। इन मुद्दों पर ममता सरकार का रुख अक्सर रक्षात्मक दिखाई देता है, जबकि भाजपा इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान से जोड़कर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करती है।

महाराष्ट्र के शहरी निकाय चुनावों और बिहार में भाजपा को मिली हालिया सफलता ने पार्टी के आत्मविश्वास को निश्चित रूप से बढ़ाया है। भाजपा का यह विश्वास कि बंगाल अब भी राजनीतिक परिवर्तन के लिए तैयार है, केवल चुनावी आंकड़ों पर आधारित नहीं है, बल्कि वह इसे एक लंबी रणनीति का हिस्सा मानती है। किंतु बंगाल कोई साधारण राजनीतिक मैदान नहीं है। यहां की सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक स्मृति किसी भी दल के लिए आसान नहीं रही है। ममता बनर्जी की सबसे बड़ी ताकत आज भी उनकी जमीनी पकड़ और भावनात्मक अपील है, जो उन्हें भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से अलग, एक क्षेत्रीय और स्थानीय नेता के रूप में स्थापित करती है। आने वाले विधानसभा चुनाव वास्तव में इस बात की कसौटी होंगे कि जनता विकास, स्थिरता और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देती है या फिर भावनात्मक और पहचान आधारित राजनीति को? क्या ममता बनर्जी लगातार चौथी बार सत्ता में लौटकर यह सिद्ध कर पाएंगी कि केंद्र से टकराव ही उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी है, या भाजपा जनता को यह विश्वास दिलाने में सफल होगी कि परिवर्तन ही स्थायित्व और विकास का रास्ता है, यह प्रश्न अभी खुला हुआ है। अदालती प्रक्रियाएं, राजनीतिक बयानबाजी और चुनावी रणनीतियां अपनी जगह हैं, लेकिन अंतिम निर्णय बंगाल की जनता के हाथ में है।

पश्चिम बंगाल की राजनीति आज संकीर्णता और सांप्रदायिक ध्रूवीकरण के ऐसे दौर से गुजर रही है, जिसने विकास की गति को गंभीर रूप से अवरुद्ध किया है। कभी देश की आर्थिक, औद्योगिक और बौद्धिक राजधानी कहलाने वाला बंगाल-विशेषकर कोलकाता, आज निवेश, उद्योग और रोजगार के मोर्चे पर पिछड़ता हुआ दिखाई देता है। ममता बनर्जी के लंबे शासनकाल में औद्योगिक विश्वास का क्षरण, पूंजी पलायन, बंद होती इकाइयाँ और युवाओं का अन्य राज्यों की ओर पलायन इस गिरावट के स्पष्ट संकेत हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर उठते प्रश्न, विपक्षी आवाज़ों का दमन और चुनावी हिंसा की घटनाएँ राज्य के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य पर गहरी चोट करती हैं। इसके साथ ही, राज्य में सामाजिक ताने-बाने को लेकर बढ़ती आशंकाएँ भी कम चिंताजनक नहीं हैं।

# जाली करेंसी से अर्थव्यवस्था को चोट

**देश में नकली नोटों का नेक्सस लगातार फैलता जा रहा है, जो देश की बैंकिंग सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बनता जा रहा है। नकली नोटों का यह नेटवर्क सीधे तौर पर भारत के बैंकों को निशाना बना रहा है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने कई बैंकों की शिकायत पर एक केस दर्ज किया है, जो काफी चौंकाने वाला है। इस मामले में 18 सरकारी और प्राइवेट बैंक शामिल हैं। बैंकों का कहना है कि उनके यहां करीब 11 हजार नकली करेंसी नोट जमा किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 34 लाख रुपये है। यह अपने आप में**

देश में जाली नोटों का कारोबार कई राज्यों में फैला हुआ है, इसमें से कुछ जाली करेंसी विदेशों से आई है तो कुछ भारत में ही तैयार की गई है। अभी तक पांच सौ, हजार और सौ-सौ के नकली नोट ही सिरदर्द बने थे। परंतु अब पचास, बीस और दस रुपये के नकली नोटों का धड़ल्ले से चलन व्यवसाई, पुलिस और सौदागर छोटे-बड़े नकली नोटों की खपत ग्रामीण बाजारों में आसानी से करा लेते हैं। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में बीती 18 जनवरी को थाना बिसवां पुलिस ने गुलजारशाह मेले के करीब एक लाख के नकली नोटों के साथ एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। बीती 1 जनवरी को हरियाणा के फरीदाबाद में पुलिस ने नकली नोट बनाकर मार्किट में चलाने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया था। बीती 17 जनवरी को महाराष्ट्र के यवतमाल जिले की पुसद पुलिस ने एक बड़े जाली नोट नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। गत 5 जनवरी को उत्तर प्रदेश के बांदा में पुलिस ने नकली भारतीय मुद्रा तैयार कर उसे बाजार में खपाने वाले एक संगठित अन्तर्जनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। बीती 13 जनवरी को गुजरात सूरत में नकली नोटों के रैकेट को लेकर पुलिस ने भीड़ भाड़ वाले इलाकों में छोटे दुकानदारों को निशाना बनाकर नकली नोट चलाने वाला एक हीरा कारीगर को गिरफ्तार किया है। बीते साल नवंबर में भोपाल पुलिस ने 21 साल के एक युवक को वीडियो देखकर अपने घर को नकली नोटों की फैक्ट्री में बनाने के आरोप में पकड़ा था। आरोपी प्रिंटर, स्पेशल पेपर और प्रेस के अनुभव का इस्तेमाल कर असली जैसे 500-500 रुपए के नोट तैयार करता था।



रोहित माहेश्वरी

इसमें कोई दो राय नहीं है कि हमारा देश डिजिटल लेनदेन के मामले में अग्रणी बना हुआ है और यहां दुनिया भर में होने वाले लगभग आधे रियल टाइम लेन-देन डिजिटल भुगतान के जरिये ही होते हैं। हालांकि, नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि अभी भी अर्थव्यवस्था में नकली करेंसी की मौजूदगी बनी हुई है। देश में नकली नोटों का नेक्सस लगातार फैलता जा रहा है, जो देश की बैंकिंग सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बनता जा रहा है। नकली नोटों का यह नेटवर्क सीधे तौर पर भारत के बैंकों को निशाना बना रहा है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने कई बैंकों की शिकायत पर एक केस दर्ज किया है, जो काफी चौंकाने वाला है। इस मामले में 18 सरकारी और प्राइवेट बैंक शामिल हैं। बैंकों का कहना है कि उनके यहां करीब 11 हजार नकली करेंसी नोट जमा किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 34 लाख रुपये है। यह अपने आप में एक गंभीर और हैरान करने वाली बात है कि देश के बैंकों में इतने नकली नोट कैसे जमा हो पा रहे हैं।



सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि बीते सालों के दौरान नकली नोटों के पकड़े जाने के मामलों में तेजी आई है। इससे पता चलता है कि नकली नोटों का चलन तेज हुआ है। पिछले कुछ सालों में नकली नोटों की समस्या ने देश की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंता खड़ी कर दी है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 500 रुपये के नकली नोटों में वित्त वर्ष 2019 से 2023 के बीच 317 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। जहां 2019 में यह संख्या 21,865 मिलियन पीस (एमपीसी) थी, वहीं 2023 में यह बढ़कर 91,110 एमपीसी तक पहुंच गई। हालांकि वित्त वर्ष 2024 में यह संख्या घटकर 85,711 एमपीसी पर आ गई।

केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। वर्ष 2016 में नोटबंदी के फैसले का उद्देश्य नकली नोटों और भ्रष्टाचार को रोकना था। लेकिन मौजूदा आंकड़े इस कदम की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हैं। नकली नोटों का बढ़ता जाल संकेत देता है कि असामाजिक तत्व नए-नए तरीके अपनाकर इस चुनौती को और जटिल बना रहे हैं।

विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। वास्तव में, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नकद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए। नोटबंदी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था लेस कैश सोसाइटी की ओर अग्रसर है। डिजिटल ट्रांजेक्शन्स 300 प्रतिशत तक बढ़े है। कैशलेस लेनदेन लोगों के जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ हर लेनदेन से काले धन को हटाते हुए क्लीन इकोनॉमी बनाने में भी मददगार साबित हुआ है।निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। असल में, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए।

यह भी चिंता की बात है कि नोटबंदी के नौ साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। बेशक, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं।

# हिमाचल में हिम अकाल खतरे का संकेत

**1990 के दशक की तुलना में शिमला में बर्फबारी लगभग 37 प्रतिशत कम हो गई है, यही नही दिसंबर 2022, 2023, 2024 पूरी तरह सूखे रहे हैं। ऊंचे पहाड़, बुग्याल (घास के मैदान) और प्रसिद्ध तीर्थ स्थल (जैसे केदारनाथ, औली) बर्फ के बजाय सूखे और वीरान दिख रहे हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ के बजाय हल्की कोहरे की परत जम रही है, जिससे वनस्पति और मिट्टी को नुकसान हो रहा है। नाजुक जैव-नेटवर्क और वन्यजीवों पर विपरीत असर पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें नमी नहीं मिल पा रही है।**

अक्सर प्रकृति के संतुलन बिगाड़ने के विनाशकारी परिणाम सामने आते है। बेमौसम बारिश, सूखा, बाढ़, ग्लोबल वार्मिंग और अन्य प्राकृतिक आपदाएँ इसके घातक परिणाम है। इंसान के लालच और अंधाधुंध दोहन का नतीजा, प्रकृति के नियमों को तोड़ने पर होने वाले प्रलय या असंतुलन को दर्शाता है, जिसके कारण मानव जाति को भयानक परिणाम भुगतने पड़ते है।प्रकृति एक नाजुक संतुलन पर टिकी है, और इंसान जब अपने स्वार्थ के लिए इस संतुलन को बिगाड़ता है, तो प्रकृति अपना हिसाब बराबर करती है।



प्रेम शर्मा

अब हिमाचल प्रदेश में हिम अकाल एक गंभीर खतरे के रूप में हमारे सामने है। जो कम बर्फबारी, तापमान वृद्धि और वर्षा पैटर्न में बदलाव के कारण बन रहा है, जिससे जल स्त्रोतों, कृषि और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान हो रहा है और निकट भविष्य में पारिस्थितिक आपदा की आशंका बढ़ गई है, क्योंकि नदियाँ सूख रही हैं और ज़मीन का सुरक्षा कवच कमजोर हो रहा है, जिससे सूखा, आग और अन्य आपदाओं का खतरा बढ़ रहा है। ज्ञात हो कि 1990 के दशक की तुलना में शिमला में बर्फबारी लगभग 37 प्रतिशत कम हो गई है, यही नही दिसंबर 2022, 2023, 2024 पूरी तरह सूखे रहे हैं। ऊंचे पहाड़, बुग्याल (घास के मैदान) और प्रसिद्ध तीर्थ स्थल (जैसे केदारनाथ, औली) बर्फ के बजाय सूखे और वीरान दिख रहे हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ के बजाय हल्की कोहरे की परत जम रही है, जिससे वनस्पति और मिट्टी को नुकसान हो रहा है। नाजुक जैव-नेटवर्क और वन्यजीवों पर विपरीत असर पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें नमी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में ग्राउंडवाटर रिचार्ज नहीं हो रहा, नदियां सूख रही हैं और रबी फसलों को नमी नहीं मिल पा रही है। पर्यटन, कृषि और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है, जिससे सूखे की स्थिति बन सकती है। सर्दियों में बर्फ और बारिश लाने वाले ये सिस्टम कमजोर पड़ रहे हैं।जलवायु परिवर्तन इसका मुख्य कारण है, जिससे मौसम का संतुलन बिगड़ रहा है। बर्फबारी और बारिश लेटलतीफी से आपदाओं को नकारा नही जा सकता। हिमाचल में प्रकृति का जो रूप दिख रहा है उसके परिणाम स्वरूप सूखे के कारण आग लगने और अकाल की स्थिति पैदा हो सकती है, जिससे जल संसाधनों पर दबाव बढ़ेगा।



कुल मिलाकर, हिमाचल में कम बर्फबारी सिर्फ एक मौसम की विसंगति नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन और हिम अकाल का संकेत है, जो पूरे हिमालयी क्षेत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी है। वैसे भी देश इस सर्दी एक असामान्य और चिंताजनक दौर से गुजर रहा है। वैसे तो दिसंबर और जनवरी के महीनों में हिमालयी राज्यों में बारिश और बर्फबारी से पहाड़ ढक जाते हैं। इस बार स्थिति इसके ठीक विपरीत है। मौसम विभाग आंकड़े बताते हैं कि उत्तराखंड में दिसंबर और जनवरी में एक बूंद बारिश नहीं हुई, हिमाचल प्रदेश में दिसंबर 1901 के बाद यानी पिछले सवा सौ सालों में छठी सबसे कम बारिश दर्ज की गई। जम्मू-कश्मीर में जनवरी में बेहद कम बारिश और बर्फबारी हुई है। इसके परिणाम स्वरूप इस सर्दी हिमालय की चोटियां असामान्य रूप से बिना बर्फ की नजर आई।यह केवल मौसमीय विचलन नहीं, बल्कि जल सुरक्षा, कृषि उत्पादकता, जंगलों में आग और जलवायु अनिश्चितता से जुड़ा गंभीर संकेत हैं। हिमालय चुपचाप चेतावनी दे रहा है, ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या पहाड़ों की वेदना सुन, समझ पा रहे हैं?

जनवरी के पहले पखवाड़े में देश को सामान्य से चार गुना कम बारिश मिली. इस अवधि में जहां सामान्य तौर पर जितनी बारिश होनी चाहिए थी, उसका एक-चौथाई से भी कम दर्ज किया गया। सबसे गंभीर स्थिति उत्तर-पश्चिम भारत की रही। जबकि इस अवधि में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश सिर्फ 8 प्रतिशत बारिश ही हो पाई। देहरादून के निदेशक सी. एस. तोमर बता चुके है कि उत्तराखंड में पिछले एक दशक से सर्दियां लगातार सूखी होती जा रही हैं। उनके अनुसार पिछले 10 वर्षों में चार बार ऐसा हुआ है जनवरी में न के बराबर बारिश हुई। उनके अनुसार यह अब कोई अपवाद नहीं, बल्कि एक नया ट्रेंड बनता जा रहा है। 2024-25 की सर्दियों में उत्तर-पश्चिम भारत में 96 प्रतिशत तक बारिश की कमी बेहद चिंताजनक है। वैसे तो सामान्य तौर पर सर्दियों में उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत में पश्चिमी विक्षोभ के कारण हल्की से मध्यम बारिश होती है। यही बारिश गेहूं, सरसों, चना के लिए जीवनरेखा मानी जाती है। पहाड़ों में बर्फ और बारिश भूजल भंडार को रिचार्ज करती है. नदियों को गर्मियों तक पानी देने में यही बर्फ पिघलकर अहम भूमिका निभाती है। लेकिन इस बार यही प्रक्रिया कमजोर पड़ती दिख रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस सर्दी पश्चिमी विक्षोभ तो आए, लेकिन असर नहीं दिखा पाए। दिसंबर में जहां सामान्य तौर पर 6 पश्चिमी विक्षोभ आते हैं, इस बार 8 सिस्टम गुजरे, लेकिन बारिश नहीं करा सके। इसके पीछे कई कारण में पश्चिमी विक्षोभ में नमी की कमी, कम दबाव का क्षेत्र (ट्रफ) उथला होना शामिल है। इन्ही कारणों से नमी ऊपर नहीं उठ पाई, सिस्टम का उत्तर की ओर ऊंचे अक्षांशों में गुजरना, जिससे कश्मीर और हिमाचल में थोड़ी नमी गिरी, लेकिन उत्तराखंड तक पहुंच ही नहीं पाई और भारत पहुंचते-पहुंचते सिस्टम की गति कमजोर पड़ गई, जिससे उसका ठहराव कम हो गया।

यह परिवर्तन इतना विस्तृत रहा कि भारत के साथ-साथ नेपाल में भी सूखी सर्दी देखने को मिल रही है। यह इस बात का संकेत है कि यह समस्या सिर्फ स्थानीय नहीं, बल्कि पूरे हिमालयी क्षेत्र में फैली जलवायु अस्थिरता का हिस्सा है। अब तक अनुभवों के आधार पर कहा जाता है कि अगर दिसंबर में बर्फ गिरे, तो वह लंबे समय तक जमीन में नमी बनाए रखती है। पिघलाव धीमा होता है, जिससे खेतों और जंगलों को फायदा मिलता है। लेकिन जब बर्फ फरवरी में गिरती है, तब दिन और रात के तापमान में भारी अंतर कारण लंबे समय तक नमी नहीं टिक पाती और आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। आंकड़ों के मुताबिक उत्तराखंड में 1 नवंबर से अब तक 1,600 से ज्यादा फायर अलर्ट मिले जबकि हिमाचल प्रदेश में 600 और जम्मू-कश्मीर में करीब 300 आए। नंदा देवी नेशनल पार्क और वैली ऑफ फ्लावर्स जैसे संवेदनशील इलाकों में आग की घटनाएं सामने आई हैं।

## पीरियड्स के दौरान हैवी ब्लीडिंग को नहीं करना चाहिए नजरअंदाज



आमतौर पर कई महिलाएं हैवी ब्लीडिंग की स्थिति को नजरअंदाज कर देती हैं। लेकिन बता दें कि हैवी ब्लीडिंग की इस समस्या को मेडिकल की भाषा में मेनोरेजिया कहा जाता है। अगर आपको इस स्थिति के बारे में नहीं पता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। पीरियड्स की वजह से कई महिलाओं को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि पीरियड्स अपनी आप में कोई समस्या नहीं होते हैं। लेकिन इस दौरान हैवी ब्लीडिंग की समस्या होती है। आमतौर पर कई महिलाएं हैवी ब्लीडिंग की स्थिति को नजरअंदाज कर देती हैं। लेकिन बता दें कि हैवी ब्लीडिंग की इस समस्या को मेडिकल की भाषा में मेनोरेजिया कहा जाता है। अगर आपको इस स्थिति के बारे में नहीं पता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेनोरेजिया क्या है और इसके क्या लक्षण होते हैं।

**क्या है मेनोरेजिया**

यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें महिलाओं को पीरियड्स के दौरान अधिक ब्लीडिंग होती है। आइए मेनोरेजिया के कारणों के बारे में जानते हैं।

महिलाओं को मेनोरेजिया की समस्या हार्मोनल असंतुलन की वजह से हो सकती है।

गर्भाशय से जुड़ी समस्याएं जैसे पॉलीप्स या फाइब्रॉएड आदि मेनोरेजिया का कारण बन सकती हैं।

थायराइड जैसे हाइपोथायरायडिज्म भी मेनोरेजिया के पीछे की वजह बन सकती है।

हीमोफीलिया जैसे ब्लड डिसऑर्डर भी इस स्थिति का कारण बन सकते हैं।

**मेनोरेजिया के लक्षण**

लंबे समय तक ब्लीडिंग
थकान और कमजोरी
हैवी ब्लीडिंग
पेट में दर्द
एनीमिया

**कब खराब हो सकती है मेनोरेजिया की स्थिति**

मेनोरेजिया या पीरियड्स के दौरान भारी ब्लीडिंग की समस्या तब परेशानी का सबब बन सकती है, जब यह सात दिनों से ज्यादा रहती है। आमतौर पर मासिक धर्म चक्र 4-5 दिनों तक चलता है। इस दौरान 30-40 मिलीलीटर ब्लड की हानि होती है। लेकिन मेनोरेजिया की स्थिति में ब्लीडिंग एक सप्ताह से ज्यादा समय तक रह सकती है। इस स्थिति में प्रति साइकिल 80 मिली से ज्यादा खून की हानि हो सकती है। ऐसे में यदि आपके पीरियड्स 7 दिनों से ज्यादा रहते हैं और डेली एक्टिविटी में परेशानी होती है, तो यह किसी अंदरूनी समस्या का संकेत हो सकता है।

**क्यों जरूरी है ट्रीटमेंट**

हालांकि कुछ मामलों में लंबे समय तक ब्लीडिंग कैंसर या एंडोमेट्रियल हाइपरप्लासिया जैसी गंभीर स्थितियों का संकेत हो सकती हैं। एनीमिया की वजह से थकान, बड़े रक्त के थक्के, चक्कर आना और सांस लेने में तकलीफ हो सकती हैं। अगर अधिक दर्द के साथ ब्लीडिंग की समस्या 10 दिनों से ज्यादा रहती है, तो इस दौरान हर घंटे पैड या टैम्पोन बदलने की जरूरत होती है। अगर आप समय पर मेनोरेजिया का ट्रीटमेंट नहीं कराते हैं, तो एनीमिया और ज्यादा थकान होने जैसी समस्या बनी रह सकती है। इससे आपकी पूरी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

# न्यू बॉर्न बेबी की देखभाल के दौरान पेरेंट्स भूलकर भी न करें ये गलतियां, वरना सेहत को हो सकता है नुकसान

नवजात बच्चे की देखभाल के दौरान पेरेंट्स कुछ ऐसी गलतियां करते हैं, जिसका उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में आज हम आपको नवजात बच्चे के देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स बताने जा रहे हैं। साथ ही उन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

बच्चे का जन्म न सिर्फ माता-पिता बल्कि उनके आसपास के लोगों के लिए भी खुशियों से भरा पल होता है। न्यू बॉर्न बेबी के होने से जितनी खुशी और सुकून की बात होती है, उतनी ही जिम्मेदारियों से भरा काम होता है। क्योंकि नवजात बच्चे काफी ज्यादा नाजुक होते हैं, इसलिए उनकी देखभाल बहुत ध्यान से करने की जरूरत होती है। हालांकि नवजात बच्चे की देखभाल के दौरान पेरेंट्स कुछ ऐसी गलतियां करते हैं, जिसका उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

**आसपास**

> बच्चे का जन्म न सिर्फ माता-पिता बल्कि उनके आसपास के लोगों के लिए भी खुशियों से भरा पल होता है।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नवजात बच्चे के देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स बताने जा रहे हैं। साथ ही उन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

**सीधी लाइट न डालें**

नवजात बच्चे की आंखें बहुत सेंसिटिव होती हैं, ऐसे में उनको तेज रोशनी से परेशानी हो सकती हैं। बच्चे को सीधे तौर पर बल्ब या



फोन के टॉर्च और सूरज की रोशनी में नहीं ले जाना चाहिए। इससे उनकी आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए बच्चे को ऐसी जगह पर रखें, जहां पर पर्याप्त मात्रा में हल्की रोशनी हो। वहीं रात के समय भी बच्चे को तेज लाइट में नहीं ले जाएं, जिससे बच्चे को सोने में परेशानी न हो।

**नवजात के पास तेज शोर या म्यूजिक न बजाएं**

बता दें कि नवजात बच्चे के पास अधिक शोर या तेज म्यूजिक नहीं बजाना चाहिए। इससे बच्चे को असुविधा और घबराहट हो सकती है। क्योंकि नवजात बच्चे के कान के परदे काफी नाजुक होते हैं। इसलिए उनके लिए तेज आवाज या म्यूजिक सही नहीं है। तेज म्यूजिक या शोर से बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रभाव पड़ सकता है। वहीं आप अगर म्यूजिक बजाना चाहते हैं, तो कम या हल्की आवाज पर बजाएं।

**एसी या पंखे की सीधी हवा**

इसके साथ ही नवजात बच्चे को कभी भी सीधे तौर पर ठंडी या गर्म हवा में नहीं रखना चाहिए। अगर आप एसी या पंखा चलाते हैं। तो ध्यान रखें कि बच्चे पर इसकी सीधी हवा न पड़े। ठंडी हवा लगने से बच्चे को सर्दी-खांसी की समस्या हो सकती है। वहीं बहुत ज्यादा गर्म वातावरण भी नवजात बच्चे के लिए अच्छा नहीं होता है। इसलिए कमरे का टेंपरेचर हमेशा नॉर्मल रखने का प्रयास करें।

**चेहरे पर किस करने से बचें**

नवजात बच्चा दिखने में बहुत क्यूट लगते हैं। ऐसे में न सिर्फ उनके पेरेंट्स बल्कि उनसे मिलने आने-जाने वाले लोग भी बच्चे के गाल या माथे पर किस करते हैं। लेकिन यह बच्चे के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। नवजात बच्चे की त्वचा और इम्यून सिस्टम काफी सेंसिटिव होता है। जिसके वजह से वह आसानी से इंफेक्शन के संपर्क में आ सकते हैं। इसलिए नवजात बच्चे को किस करने से रोकना चाहिए।

**छोटे बच्चों के साथ नवजात को अकेला न छोड़ें**

नवजात बच्चे को कभी भी छोटे बच्चे के साथ अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि छोटे बच्चे समझदार नहीं होते हैं। ऐसे में वह नवजात शिशु को अंजाने में चोट पहुंचा सकते हैं। छोटे बच्चों का स्वभाव नटखट और जिज्ञासु होता है, जो नवजात के लिए खतरनाक हो सकता है।

# बढ़ती उम्र में भी रहना चाहते हैं स्वस्थ तो पुरुषों को डाइट में शामिल करना चाहिए माइक्रोन्यूट्रिएंट्स

30 साल की उम्र के बाद पुरुषों के शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है, जिसको समय रहते ठीक कर लेना चाहिए। ऐसे में सवाल यह उठता है कि 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को स्वस्थ रहने के लिए क्या करना चाहिए।

उम्र बढ़ने के साथ ही हमारे शरीर में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। खासकर 30 साल की उम्र के बाद पुरुष के शरीर में कई तरह के शारीरिक और मानसिक बदलाव आते हैं। इसलिए पुरुषों को अपनी डाइट का खास ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों के शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है, जिसको समय रहते ठीक कर लेना चाहिए। ऐसे में सवाल यह उठता है कि 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को स्वस्थ रहने के लिए क्या करना चाहिए।

बता दें कि 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को अपने खानपान में कुछ ऐसे माइक्रोन्यूट्रिएंट्स शामिल करना चाहिए, जो सेहत के लिए फायदेमंद साबित हों। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि 30 साल की उम्र के बाद डाइट में कौन से माइक्रोन्यूट्रिएंट्स शामिल करना चाहिए।

**पुरुष डाइट में शामिल करें माइक्रोन्यूट्रिएंट्स**

जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, शरीर में पोषण संबंधी जरूरतें बदलती रहती हैं। 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को कुछ अहम सूक्ष्म पोषक तत्वों को जरूरत अधिक होती है। जो उनको युवा और हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं। इसलिए 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को अपनी डाइट में इन माइक्रोन्यूट्रिएंट्स को जरूर शामिल करना चाहिए।

**विटामिन D**

हमारे शरीर के लिए विटामिन डी एक अहम पोषक तत्व माना जाता है। यह आपकी हड्डियों को स्वस्थ रखने और इम्यून सिस्टम को बेहतर रखना जरूरी है। 30 साल की उम्र के बाद शरीर में विटामिन डी की कमी होने लगती है। ऐसे में स्वस्थ



रहने के लिए विटामिन डी की जरूरत होती है। क्योंकि यह कैल्शियम के अवशोषण में सहायक होती है। जिससे आपकी हड्डियां मजबूत होती हैं।

**विटामिन K2**

शरीर में कैल्शियम का संतुलन बनाए रखने में विटामिन K2 सहायक होता है। पुरुषों के लिए यह एक अहम माइक्रोन्यूट्रीएंट है। जो हड्डियों को मजबूत रखने के साथ ही दिल के सेहत को बेहतर बनाता है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर में जब कैल्शियम सही जगहों पर एकत्र नहीं हो पाता है, तो इससे हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में विटामिन K2 शरीर में कैल्शियम को सभी जगह इकट्ठा करने में सहायता करता है। जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं।

**जिंक**

बता दें कि जिंक एक ऐसा मिनरल्स होता है, जो शरीर के मांसपेशियों को रिपेयर करने, इम्यून सिस्टम को मजबूत करने और त्वचा की देखभाल करने में मदद करता है। 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों में जिंक की कमी होने लगती है। जिसकी वजह से शरीर में टेस्टोस्टेरोन का लेवल कम होने लगता है। यह पुरुषों के रिप्रोडक्टिव सिस्टम को प्रभावित करता है।

**मैग्नीशियम**

मैग्नीशियम एक ऐसा मिनरल्स होता है, जो शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। साथ ही यह पुरुषों के लिए भी लाभकारी होता है। यह पुरुषों के दिल के स्वास्थ्य, मांसपेशियों की ताकत और नर्व सिस्टम के बेहतर तरीके से काम करने के लिए जरूरी होता है। 30 साल की उम्र के बाद अधिकतर पुरुषों में मैग्नीशियम की कमी हो सकती है। इस मिनरल की कमी से नींद न आना, मानसिक तनाव और मांसपेशियों में ऐंठन जैसी समस्या हो सकती है। इसलिए आपको मैग्नीशियम से भरपूर डाइट लेना चाहिए।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड**

पुरुषों के स्वास्थ्य के लिए ओमेगा 3 फैटी एसिड्स खासकर DHA और EPA फायदेमंद होता है। यह न सिर्फ आपके दिल और दिमाग के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। वहीं 30 के बाद पुरुषों में दिल संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, ओमेगा 3 फैटी एसिड्स इन खतरों को कम करने में सहायक होता है।

**B-कॉम्प्लेक्स विटामिन**

विटामिन बी कॉम्प्लेक्स जैसे B1, B2, B6, और B12 बॉडी में एनर्जी को बनाने के साथ दिमाग के सही तरीके से काम करने के लिए जरुरी होता है। उम्र बढ़ने के साथ ही विटामिन्स की कमी होने पर शरीर को थकान, मानसिक स्थिति में बदलाव और त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में अगर आप नियमित रूप से विटामिन बी-कॉम्प्लेक्स का सेवन करते हैं, तो शरीर में एनर्जी का लेवल बना रह सकता है।

## कोविड के दौरान भारतीयों के बीच लोकप्रिय हुई डोलो-650 के इस्तेमाल पर विदेशी डॉक्टर ने जताई चिंता, लोगों में शुरू हुई बहस



अमेरिका के एक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और स्वास्थ्य शिक्षक डॉ. पलानीअप्पन मनिकम ने डोलो-650 के उपयोग के बारे में अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने 14 अप्रैल को एक्स पर लिखा, भारतीय डोलो 650 को कैडबरी जेम्स की तरह लेते हैं। डॉक्टर के हालिया ट्वीट ने डोलो-650 को फिर से चर्चा का केंद्र बना दिया है, जिससे लोगों के बीच बहस छिड़ गई है। बुखार और दर्द के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाई डोलो-650 कोविड-19 महामारी के दौरान लोकप्रिय हुई थी। महामारी के दौरान भारतीयों ने इसका खूब सेवन किया और अब भी कर रहे हैं। महामारी के बाद, यह ब्रांड विवादों में आया और अब एक विदेशी डॉक्टर के ट्वीट ने इसे फिर से चर्चा में ला दिया है।

**विदेशी डॉक्टर का ट्वीट**

अमेरिका के एक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और स्वास्थ्य शिक्षक डॉ. पलानीअप्पन मनिकम ने डोलो-650 के उपयोग के बारे में अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने 14 अप्रैल को एक्स पर लिखा, भारतीय डोलो 650 को कैडबरी जेम्स की तरह लेते हैं। डॉक्टर के हालिया ट्वीट ने डोलो-650 को फिर से चर्चा का केंद्र बना दिया है, जिससे लोगों के बीच बहस छिड़ गई है।

**डोलो-650 के बारे में**

डोलो-650 एक पैरासिटामोल ब्रांड है जिसका उपयोग बुखार और दर्द के इलाज के लिए किया जाता है। इस दवा को पैरासिटामोल के नाम से जाना जाता है, जो एक आम दर्द निवारक और बुखार कम करने वाली दवा है। इसका उपयोग बुखार, सिरदर्द, दांत दर्द, मांसपेशियों में दर्द और जोड़ों के दर्द में किया जाता है। डोलो-650 के कुछ संभावित दुष्प्रभाव भी हैं, जैसे पेट दर्द, उल्टी, दस्त और एलर्जी।

**कोविड के दौरान डोलो की प्रसिद्धि में वृद्धि**

कोविड-19 महामारी के दौरान, डोलो-650 भारत में एक आम नाम बन गया। लोगों ने बुखार के मामूली लक्षणों पर भी इस दवा का सेवन किया, और मीम्स ने इसकी लोकप्रियता को और बढ़ा दिया। माइक्रो लैब्स, डोलो-650 के निर्माता, ने 2020 से 350 करोड़ से अधिक गोलियां बेचीं, जिससे एक साल में 400 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ। डोलो-650 की बिक्री में वृद्धि उल्लेखनीय थी। महामारी से पहले यह 7.5 करोड़ स्ट्रिप्स प्रति वर्ष थी, जो एक साल बाद 9.4 करोड़ स्ट्रिप्स हो गई और 2021 के अंत तक 14.5 करोड़ स्ट्रिप्स तक पहुंच गई, जो 2019 की तुलना में लगभग दोगुना है।

# प्रेग्नेंसी में एनीमिया होना मां और बच्चे दोनों को पहुंचा सकता है नुकसान, जानिए कैसे करें बचाव

अगर प्रेग्नेंसी के दौरान आप पर्याप्त आयरन या अन्य पोषक तत्व नहीं ले रही हैं। तो शरीर में खून बनाने वाले रेड ब्लड सेल्स का निर्माण रुक सकता है। हालांकि प्रेग्नेंसी में एनीमिया होना बेहद सामान्य बात है। हम आपको बताने जा रहे हैं कि प्रेग्नेंसी में एनीमिया क्यों होता है।

प्रेग्नेंसी में महिलाओं को एनीमिया का खतरा रहता है। एनीमिया होने पर ऊतकों और भ्रूण तक ऑक्सीजन ले जाने के लिए खून पर्याप्त मात्रा में हेल्दी लाल रक्त कोशिकाएं नहीं बना पाता है। बता दें कि प्रेग्नेंसी में गर्भ में पलने वाले बच्चे के विकास के लिए शरीर अधिक मात्रा में खून बनाता है। वहीं अगर प्रेग्नेंसी के दौरान आप पर्याप्त आयरन या अन्य पोषक तत्व नहीं ले रही हैं। तो शरीर में खून बनाने वाले रेड ब्लड सेल्स का निर्माण रुक सकता है। हालांकि प्रेग्नेंसी में एनीमिया होना बेहद सामान्य बात है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको

**आसपास**

> गर्भावस्था में अधिक मात्रा में फोलिक एसिड लेने की जरूरत होती है। फोलिक एसिड बच्चे को न्यूरल ट्यूब विकारों से बचाता है।

बताने जा रहे हैं कि प्रेग्नेंसी में एनीमिया क्यों होता है और इसके बचाव के तरीकों के बारे में भी जानेंगे।

**प्रेग्नेंसी में एनीमिया के कारण**

वैसे तो एनीमिया के करीब 400 प्रकार हैं। लेकिन आज हम आपको यहां पर एनीमिया के सबसे आम प्रकारों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**आयरन डेफिशिएंसी एनीमिया**

बता दें कि 15 से 25 साल की



प्रेग्नेंट महिलाओं में आयरन डेफिशियंसी एनीमिया आम बात होती है। इसमें आयरन का लेवल कम होने पर खून में हीमोग्लोबिन कम बनने लगता है।

**फोलेट डेफिशिएंसी एनीमिया**

गर्भावस्था में अधिक मात्रा में फोलिक एसिड लेने की जरूरत होती है। फोलिक एसिड बच्चे को न्यूरल ट्यूब विकारों से बचाता है। वहीं फोलेट की कमी होने पर एनीमिया होता है।

**विटामिन बी12 डेफिशिएंसी**

लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में बॉडी विटामिन बी12 का भी उपयोग करता है। कुछ महिलाओं को विटामिन बी12 बनाने में समस्या आती है। जिसकी वजह से इस तरह का एनीमिया हो सकता है।

**एनीमिया के लक्षण**

थकान और कमजोरी लगना
सांस लेने में दिक्कत महसूस होना
होंठों, स्किन और नाखूनों का पीला पड़ना
ध्यान लगाने में दिक्कत आना
दिल की धड़क तेज होना

**प्रेग्नेंसी में एनीमिया का इलाज**

अगर प्रेग्नेंसी के दौरान एनीमिया हो गया है, तो आपको आयरन/फोलिक एसिड के सप्लीमेंट लेना चाहिए। वहीं डॉक्टर से संपर्क करें वह आपको बताएंगे कि फोलिक एसिड और आयरन की पूर्ति के लिए आपको अपनी डाइट में किन फूड्स को शामिल करना चाहिए।

वहीं शरीर में विटामिन बी12 की कमी होने पर डॉक्टर आपको विटामिन बी12 के सप्लीमेंट लेने के लिए कह सकते हैं। अपनी डाइट में विटामिन बी12 युक्त चीजों को शामिल कर आप एनीमिया से छुटकारा पा सकती हैं।

# सर्दी-खांसी के साथ दिखें ये लक्षण तो शिशु को हो सकता है निमोनिया

छोटे बच्चों का इम्यून सिस्टम पूरी तरह से विकसित नहीं होता है, जिसकी वजह से वह संक्रमण की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। वायरल संक्रमण, बदलते मौसम और बैक्टीरिया की वजह से छोटे बच्चों को सर्दी-खांसी हो सकती है।

बच्चों के लिए सर्दी और खांसी की समस्या सामान्य समस्या होती है। हालांकि आमतौर पर कुछ ही दिनों में यह समस्या ठीक हो जाती है। लेकिन कई बार कमजोर इम्यूनिटी की वजह से छोटे बच्चों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। क्योंकि छोटे बच्चों का इम्यून सिस्टम पूरी तरह से विकसित नहीं होता है, जिसकी वजह से वह संक्रमण की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। वायरल संक्रमण, बदलते मौसम और बैक्टीरिया की वजह से छोटे बच्चों को सर्दी-खांसी हो सकती है।

हालांकि यह समस्या अगर लंबे समय तक बनी रहती है या इसके साथ अन्य कई गंभीर लक्षण दिखाई

**प्रभावित**

> हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक निमोनिया एक संक्रमण है, जो बच्चे के फेफड़ों को प्रभावित करता है। क्योंकि जब बच्चे को सर्दी और खांसी होती है, तो उनके गले और श्वसन नलिका में सूजन आ सकती हैं।

देते हैं। तो पेरेंट्स के मन में चिंता होना स्वाभाविक है कि कहीं बच्चे को निमोनिया तो नहीं हो गया है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी देने जा रहे हैं।

**सर्दी-खांसी की वजह से बच्चे का निमोनिया**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक



निमोनिया एक संक्रमण है, जो बच्चे के फेफड़ों को प्रभावित करता है। क्योंकि जब बच्चे को सर्दी और खांसी होती है, तो उनके गले और श्वसन नलिका में सूजन आ सकती हैं। साथ ही इससे बच्चे को सांस लेने में कठिनाई हो सकती है।

यदि इन लक्षणों का सही समय पर इलाज नहीं किया जाता है, तो यह संक्रमण श्वसन नलिका से होते हुए फेफड़ों तक पहुंच सकता है। इससे बच्चे को निमोनिया हो सकता है। बच्चे में निमोनिया के लक्षण जल्द और गंभीर रूप से दिख सकते हैं। इसलिए पेरेंट्स को सतर्क रहने की जरूरत है। सर्दी-खांसी का समय पर इलाज न किया जाए, तो यह संक्रमण बढ़ सकता है और फेफड़ों में सूजन और जलन पैदा कर सकता है। यह निमोनिया की स्थिति में बदल सकता है।

**बच्चे में निमोनिया के लक्षण**

बच्चे को अचानक से तेज बुखार हो सकता है, जो सामान्य सर्दी और खांसी को बढ़ा सकता है।

अगर बच्चे की सांसें तेज हो सकती हैं या वह सामान्य रूप से सांस नहीं ले पाते। अगर बच्चे की छाती में धड़कन या फिर सांस लेने में उभार दिखाई दे तो यह निमोनिया का लक्षण हो सकता है।

बच्चे के शरीर में घबराहट हो सकती है, जिसकी वजह से वह सामान्य रूप से सांस लेने में असमर्थ हो सकते हैं।

शिशु को खांसी के साथ बलगम आ सकता है, जो उनके श्वसन तंत्र के संक्रमण का संकेत हो सकता है।

बच्चे के मुंह, नाक या फिर पैरों का रंग नीला पड़ना भी इस बात को दर्शाता है कि शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही है।

# थायराइड फिजिकल ही नहीं बल्कि मेंटल हेल्थ पर डाल सकता है बुरा असर

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक थायराइड की वजह से मरीज की मेंटल हेल्थ पर सीधा पड़ सकता है। इससे आपके मूड पर भी असर पड़ सकता है। थायराइड ग्लैंड के ओवरएक्टिव होने से हाइपरथायरायडिज्म हो सकता है, जिसका मेंटल हेल्थ पर असर हो सकता है। अनहेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल की वजह से कई बार स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में हार्मोन्स इंबैलेंस होने लगता है। जिसकी वजह से लाइफस्टाइल से जुड़ी समस्याएं जैसे- डायबिटीज, पीसीओडी और पीसीओएस आदि बढ़ने लगता है। इन्हीं में से एक थायराइड की समस्या है। थायराइड शरीर में थाइरॉक्सिन हार्मोन इंबैलेंस होने की वजह से होती है। इसकी वजह से शरीर में कई बदलाव आने लगते हैं।

बता दें कि यह वजन में बदलाव होने, थकावट, सुस्ती और डाइजेशन




खराब होने जैसी समस्याओं की वजह बन सकता है। हालांकि कई लोगों का मानना होता है कि थायराइड की वजह से हार्मोन हेल्थ पर भी असर पड़ सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि थायराइड के कारण हार्मोन हेल्थ पर कैसा असर पड़ सकता है।

**मेंटल हेल्थ पर असर**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक थायराइड की वजह से मरीज की मेंटल हेल्थ पर सीधा पड़ सकता है। इससे आपके मूड पर भी असर पड़ सकता है। थायराइड ग्लैंड के ओवरएक्टिव होने से हाइपरथायरायडिज्म हो सकता है, जिसका मेंटल हेल्थ पर असर हो सकता है। इसकी वजह से मरीज को नर्वसनेस, इर्रिटेशन, एंग्जायटी और स्ट्रेस आदि हो सकता है। वहीं थायराइड प्रोडक्शन की कम होने की वजह से हाइपोथायरायडिज्म हो सकता है। ऐसे में थकावट और डिप्रेशन जैसी समस्या हो सकती हैं।

बता दें कि थायराइड का मेंटल हेल्थ से सीधा कनेक्शन होता है। ऐसे में थायराइड से जुड़ी समस्याएं जितना ज्यादा होंगी, मूड स्विंग्स भी उतने ज्यादा हो सकते हैं।

# 23 जनवरी को सायं 06 बजे होगा ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह ने अवगत कराया है कि अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ तथा प्रमुख सचिव, नागरिक सुरक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के निर्देशों के क्रम में दिनांक 23 जनवरी 2026 को उत्तर प्रदेश दिवस-2026 एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर सायं 6.00 बजे ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। उक्त मॉक ड्रिल के सफल आयोजन हेतु समस्त संबंधित विभागों के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार की जाएगी, साथ ही ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आयोजित किए जाने हेतु उपयुक्त स्थान एवं शेल्टर का चयन किया जाएगा। मॉक ड्रिल में सहभागिता के लिए स्वयंसेवकों, आपदा मित्रों एवं अन्य सहयोगी कर्मियों को चिन्हित किया जाएगा। निर्धारित समय पर मॉक ड्रिल का शुभारम्भ होगा, जिसमें हवाई हमले की चेतावनी के रूप में 2 मिनट तक ऊँची-नीची आवाज में सायरन ध्वनित किया जाएगा। सायरन बजते ही सभी चिन्हित क्षेत्रों एवं स्थलों की विद्युत व्यवस्था बाधित कर पूर्ण ब्लैक आउट किया जाएगा तथा नागरिकों द्वारा सुरक्षित स्थानों एवं शेल्टरों में शरण ली जाएगी। हवाई हमले का खतरा समाप्त होने पर 2 मिनट तक ऊँची आवाज में ऑल क्लीयर सायरन ध्वनित किया जाएगा। चेतावनी समाप्त होने के उपरान्त नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों द्वारा छोटी आग बुझाने हेतु फायर एक्सटिंगुशर का प्रयोग किया जाएगा तथा फायर सर्विस द्वारा बड़ी आग बुझाने के लिए फायर टेंडर वाहनों का उपयोग किया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान घायल हुए व्यक्तियों को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा, ध्वस्त अथवा क्षतिग्रस्त भवनों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जाएगा तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल तक पहुँचाया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों से अपेक्षा की है कि वे अपने-अपने विभाग से एनसीसी/एनएसएस, एनवाईकेएस के कैडेट्स/स्वयंसेवक, नागरिक सुरक्षा से संबंधित स्वयंसेवक, उनके नोडल अधिकारी तथा आपदा मित्र के रूप में चयनित समस्त होमगार्ड्स को आवश्यक उपकरणों सहित पुलिस लाइन, कन्नौज में निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व भेजना सुनिश्चित करें, ताकि मॉक ड्रिल का आयोजन सुव्यवस्थित, प्रभावी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा सके।

# 'ISLAM' पार्टी के नाम पर सियासत पर एआइपीएमएम की आपत्ति

अवधनामा संवाददाता

- 'ISLAM' पार्टी का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की मांग
- धर्म के नाम पर राजनीति समाज को बांटती है: आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज
- सेकुलर संविधान के खिलाफ बताया गया पार्टी का नाम
- कानूनी कार्रवाई की तैयारी में एआइपीएमएम

**आगरा।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमएम) ने मालेगांव महानगरपालिका चुनाव में 'इस्लाम' नामक राजनीतिक पार्टी की जीत तथा पवित्र धार्मिक शब्द 'इस्लाम' के राजनीतिक इस्तेमाल पर गहरी आपत्ति और चिंता जताई है। संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद युनुस और राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में भारत निर्वाचन आयोग से इस पार्टी का रजिस्ट्रेशन तत्काल रद्द करने तथा धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मालेगांव चुनाव में 'ISLAM' पार्टी द्वारा 35 सीटें जीतने का दावा किया जा रहा है, लेकिन पार्टी का नाम और उसका तथाकथित फुल फॉर्म (Indian Secular Largest Assembly of Maharashtra) जनता को गुमराह करने वाला है और यह देश के धर्मनिरपेक्ष संविधान की मूल भावना के विपरीत है। संगठन का मानना है कि 'इस्लाम' जैसे पवित्र धार्मिक शब्द का राजनीतिक उपयोग न केवल मुस्लिम समाज की छवि को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि धार्मिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देकर समाज को विभाजित करता है।

एआइपीएमएम ने यह भी कहा कि यह पार्टी अशरफ नेतृत्व के प्रभाव में पसमांदा मुस्लिम समाज की वास्तविक समस्याओं—जैसे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय—को हाशिए पर डाल रही है, जबकि पसमांदा मुस्लिम समाज देश की कुल मुस्लिम आबादी का लगभग 80-85 प्रतिशत होने के बावजूद आज भी ऐतिहासिक वंचना का शिकार है।

मुहम्मद युनुस ने कहा 'ISLAM' नाम केवल एक राजनीतिक चाल है, जो सेकुलरिज्म की आड़ में सांप्रदायिक भावनाओं को भुनाने का प्रयास करती है। हम चुनाव आयोग से मांग करते हैं कि इस पार्टी का रजिस्ट्रेशन तुरंत रद्द किया जाए और इसके संस्थापक आसिफ शेख राशिद सहित अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। एआइपीएमएम इस मुद्दे पर कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श लेकर उच्च न्यायालय अथवा सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने की तैयारी कर रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ ने कहा पसमांदा मुस्लिम समाज आज शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐसे में धर्म के नाम पर राजनीति करना अवसरवाद को बढ़ावा देता है। हम देशभर के पसमांदा मुसलमानों से अपील करते हैं कि वे ऐसे प्रयोगों से सतर्क रहें और पसमांदा आंदोलन को मजबूत करें। यदि चुनाव आयोग ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया, तो यह प्रवृत्ति भविष्य में देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा बन सकती है।

प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज इस मुद्दे पर जन-जागरूकता अभियान चलाएगा तथा अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन भी करेगा। संगठन ने मीडिया से अपील की है कि वह इस गंभीर विषय को राष्ट्रीय स्तर पर उठाए, ताकि देश के संविधान और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

# न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है



- एसपी ने जनसुनवाई में पीड़ितों की समस्याएं सुनकर दिये त्वरित निस्तारण के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** जनपद पुलिस कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पीड़ित नागरिक अपनी-अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। सोमवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने अधीनस्थों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का नियमित फॉलोअप किया जाए तथा शिकायतकर्ता को निराकरण की जानकारी अवश्य दी जाए।

## विनियामक ढांचे एवं पाठ्यक्रम हेतु बैठक आयोजित

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)** प्रस्तावित पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा इन वेटरनरी आयुर्वेद (PGDVA) के लिए विनियामक ढांचे एवं पाठ्यक्रम को अंतिम रूप देने हेतु दिनांक 17 जनवरी 2026 को डुवासू, मथुरा में एक हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. अभिजित मित्र, माननीय कुलपति, डुवासू ने की। बैठक में अनेक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने सहभागिता की, जिनमें डॉ. के. एम. एल. पाठक, पूर्व उप-महानिदेशक (पशु विज्ञान), आईसीएआर, नई दिल्ली एवं पूर्व कुलपति, डुवासू, मथुरा; डॉ. देवेंद्र स्वरूप, पूर्व निदेशक, आईसीएआर–केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, फरह, मथुरा; डॉ. रमेश सोमवंशी, पूर्व प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर–आईवीआरआई, इज्जतनगर, बरेली; डॉ. हरि राम भदौरिया, पूर्व संयुक्त निदेशक (आयुर्वेद निदेशालय, उत्तर प्रदेश) एवं पूर्व सदस्य, केंद्रीय भारतीय चिकित्सा परिषद, भारत सरकार, नई दिल्ली; तथा डॉ. शम्भु पटेल, एसोसिएट प्रोफेसर, द्रव्यगुण विभाग, विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज एवं हॉस्पिटल, बिजनौर, उत्तर प्रदेश शामिल थे। बैठक के दौरान पाठ्यक्रम संरचना, विनियामक अनुरूपता, आधारभूत संरचना, संकाय आवश्यकताएँ, प्रवेश प्रक्रिया तथा परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली जैसे प्रमुख विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

# अस्पताल के निकट कचरा डालने से लगा कूड़े का ढेर

- कूड़ा फेकनें बालों को चिन्हित कर चालानी कार्रवाई की जायेगी-ईओ

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला सीमांत नगर में स्थित दीक्षित नेत्र चिकित्सालय के निकट मोहल्लेवासियों द्वारा खुलेआम कचरा फेंके जाने से गंदगी का अंबार लग गया है। अस्पताल के पास फैली इस गंदगी से उठती दुर्गंध के कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार को अस्पताल एवं स्थानीय विद्युत उपखंड कार्यालय में आने जाने वाले लोगों का कहना है कि दीक्षित नेत्र चिकित्सालय के पास विद्युत उपखंड परिसर में रोजाना घरेलू कचरा, पॉलीथिन, सड़ी-गली सामग्री फेंक दिया जाता है। जिससे न केवल बदबू फैलती है बल्कि मच्छरों और मक्खियों का भी प्रकोप बढ़ गया है। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है, जो मरीजों के स्वास्थ्य के लिए बेहद गंभीर है। इस संबंध में लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से अस्पताल के आसपास नियमित सफाई कराने, कचरा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। मामले के संबन्ध में नगर पालिका परिषद अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार का कहना है कि समय समय पर सफाई करवाई जा रही है। डोर टू डोर कूडा कलेक्सन के लिये वाहन चलाये गये हैं। सफाई नायकों से जानकारी प्राप्त की जायेगी कि कौन कौन लोग कूडा फेंक रहे हैं। चिन्हित होने पर उनके खिलाफ चालानी कार्यवाही की जायेगी।

# अनशनकारियों को लगातार मिल रहा विभिन्न संगठनों से समर्थन

- आदेश के बाबजूद विद्यालय प्रशासन ने अक्षय एवं सुधा के उपस्थिति पंजिका पर नहीं कराई उपस्थिति दर्ज
- शनिवार को भी जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा नहीं मिले अनशनकारियों से

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा के मैनेजमेंट के द्वारा उत्पीड़न से त्रस्त होकर पीड़ित कर्मचारियों का अनशन शनिवार को भी जारी रहा। शासन, आयुक्त आगरा, जिलाधिकारी मथुरा एवं सयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा के द्वारा अनेकों बार आदेश जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा को जारी किए गए कि वह पीड़ित कर्मचारियों को बुलाकर उनकी समस्याओं का समाधान करे लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा द्वारा पीड़ित कर्मचारियों की समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया। नियम है कि किसी भी परिस्थितियों में किसी कर्मचारी का वेतन ओर वेतन वृद्धि को नहीं रोका जाता हैं मैनेजमेंट द्वारा रोका जाता हैं तो जिला विद्यालय निरीक्षक को अधिकार है कि वह अपने स्तर से सीधे भुगतान कर सकता हैं पीड़ित सेविका सुधा देवी को नंबंर 23 से वेतन नहीं दिया जा रहा है जबकि वह लगातार विद्यालय में ड्यूटी कर रही है जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा द्वारा विद्यालय को आदेश देने के बाद भी अक्षय भारद्वाज वरिष्ठ लिपिक एवं सुधा देवी सेविका के उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर नहीं कराए जा रहे हैं उनको विद्यालय में अंदर नहीं आने दिया जा रहा है अक्षय भारद्वाज को एक साल से वेतन नहीं दिया जा रहा है जुलाई 25 की वेतन वृद्धि भी रोक दी है जिला विद्यालय निरीक्षक को अधिकार है की वह अपने यहां ज्वाइन करा सकते है लेकिन उनके द्वारा भी उक्त प्रकिया को नहीं किया गया है पूर्व में भी सीमा सिंह को ज्वाइन नहीं कराया जा रहा था तब सह जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा को स्वयं जाकर ज्वाइन करना पड़ा था।इसी प्रकार सेवा निवृत्त सफाई कर्मचारी राधाचरण को पेंशन मिल रही थी उनकी पेंशन पीड़ित कर्मचारी का पक्ष बिना सुने अचानक रोक दी गई है डा सीमा सिंह को विभिन्न अवधि का वेतन नहीं दिया गया है उनका वेतनमान भी रोक दिया गया है इस संबंध मे अनेकों बार आदेश उच्चाधिकारियों द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा को दिए गए उच्च न्यायालय द्वारा भी आदेश पारित किए गए जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा के आगे सभी आदेश बेअसर हो रहे है शासन प्रशासन को पीड़ित कर्मचारियों ने अनिश्चित कालीन अनशन का नोटिस काफी समय पूर्व दिया समस्याओं का समाधान न होने पर पीड़ित कर्मचारी जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा ऑफिस पर अनशन शुक्रवार सेशुरू कर दिया है सभी कर्मचारियों की सभी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक जारी रहेगा। अनशनकारियों को लगातार विभिन्न संगठनों द्वारा समर्थन मिल रहा है राजेन्द्र वर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारतीय उपभोक्ता संघ ने अनशनकारियों की अनशनकारियों की पीड़ा को जायज बताते हुए पूरे प्रकरण से प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित शासन प्रशासन में वार्ता की।

## अखिल भारतीय गौड़ मंडल एवं जिला कांग्रेस पार्टी सहित अनेकों वरिष्ठ नेता पहुंचे अनशन स्थल

जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय पर जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा के पीड़ित कर्मचारियों का अनशन लगातार जारी है सोमवार को अनशनकारियों को भारी जनसमर्थन मिला उनकी पीड़ा जानने के लिए अखिल भारतीय गौड़ मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल ने अनशन स्थल पर आकर अपना समर्थन , समर्थन पत्र के माध्यम से प्रकट किया। इसी बीच अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश सिंह धनगर अपनी पूरी टीम के साथ अनशनकारियों के मध्य पहुंच गए और अपना समर्थन प्रकट किया। सोमवार को पीड़ित कर्मचारियों अक्षय भारद्वाज सुधा देवी सीमा सिंह अनशन पर बैठे। अनशन को अपना समर्थन देने के लिए वरिष्ठ नेता दीपक चौधरी, अरविंद शर्मा,विनोद गौड़, सुनील आचार्य, रमेश गौड़, दयारानी वैध मनोज गौड़, विश्वजीत, राज कुमार शर्मा, गोविंद शर्मा, कुलदीप कुमार आदि पहुंचे।

# आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश की समय-सारिणी जारी

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2026-27 में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा के तहत निजी मान्यता प्राप्त (अल्पसंख्यक/गैर सहायता प्राप्त) विद्यालयों में कक्षा 1 एवं पूर्व-प्राथमिक कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया हेतु समय-सारिणी जारी कर दी गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि आरटीई अधिनियम की धारा 12(1)(ग) के अंतर्गत उपलब्ध सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी। आवेदन प्रक्रिया चार चरणों में संपन्न कराई जाएगी। प्रथम चरण में आवेदन 2 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक लिए जाएंगे, जिनका सत्यापन 18 फरवरी तक किया जाएगा तथा 20 फरवरी को विद्यालय आवंटन किया जाएगा। इसी प्रकार अन्य चरणों की प्रक्रिया मार्च 2026 तक पूर्ण की जाएगी। निर्देशों के अनुसार गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कुल क्षमता के न्यूनतम 25 प्रतिशत सीटों पर आरटीई के अंतर्गत प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन के समय अभिभावकों को आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार से संबंधित विवरण अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अपलोड करना होगा। साथ ही वित्तीय सहायता के लिए अभिभावक का आधार लिंक बैंक खाता विवरण भी आवेदन में दर्ज करना आवश्यक होगा। जिला प्रशासन द्वारा प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक अभिभावकों को आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार विद्यालय आवंटन के बाद 11 अप्रैल 2026 तक सभी आवंटित बच्चों का प्रवेश संबंधित विद्यालयों में सुनिश्चित कराया जाएगा।

# वाराणसी में अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा ध्वस्त कर हटाने पर मथुरा में आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेशीय धनगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर धनगर के नेतृत्व में राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी मथुरा को सौंपा विषय धनगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर धनगर ने कहा वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर निर्माण कार्य के दौरान माता देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा/स्मृति को बुल्डोजर से ध्वस्त किए जाने के विरोध में ज्ञापन दिया उत्तर प्रदेशीय धनगर महासभा के पदाधिकारी एवं धनगर समाज के नागरिक अत्यंत दुःख एवं आक्रोश के साथ आपका ध्यान एक गंभीर विषय की ओर आकर्षित कराना चाहते हैं। विगत दिनों वाराणसी (बनारस) में मणिकर्णिका घाटों के निर्माण कार्य के दौरान माता देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा/स्मृति को बुल्डोजर द्वारा तोड़ दिया गया, जो न केवल धनगर समाज बल्कि सम्पूर्ण देश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक भावनाओं का घोर अपमान है।

संरक्षक हरिओम पाल धनगर ने कहा माता देवी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की एक महान शासिका, समाज सुधारक एवं सनातन संस्कृति की संरक्षिका रही हैं। उनके द्वारा देशभर में अनेक घाटों, मंदिरों एवं धर्मस्थलों का जीर्णोद्धार कराया गया। ऐसी महान विभूति की स्मृति को इस प्रकार नष्ट किया जाना अत्यंत निंदनीय है। यह कृत्य प्रशासनिक लापरवाही एवं संवेदनहीनता का प्रतीक है, जिससे धनगर समाज सहित समस्त श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है। धनगर महासभा की मांगें हैं -1. मणिकर्णिका घाट पर माता देवी अहिल्याबाई होल्कर की ध्वस्त की गई प्रतिमा/स्मृति का तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए। 2. इस घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए 3. भविष्य में किसी भी ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के साथ इस प्रकार की घटना न हो, इसके लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएँ, माता देवी अहिल्याबाई होल्कर के सम्मान में उस स्थल पर सूचना पट्ट/स्मारक स्थापित किया जाए।

## बिजली बिल राहत योजना के तहत गौरीबाजार में चेकिंग अभियान

**गौरीबाजार (देवरिया)।** बिजली बिल राहत योजना के दूसरे चरण के अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा प्रचार-प्रसार के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत वितरण उपखंड द्वितीय गौरीबाजार के उपखंड अधिकारी चंदन जायसवाल के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में जांच की गई। अभियान के दौरान अवर अभियंता राजा कुमार प्रसाद, कृष्मोहन यादव, रजनीश सिंह, जयप्रकाश प्रजापति एवं समस्त लाइनमैन की टीम ने लाला टोली वार्ड, मस्जिद वार्ड, मदनपुर और अकटहिया क्षेत्रों में चेकिंग की। इस दौरान बकाया बिजली बिल न जमा करने पर 45 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए, जबकि बिजली चोरी में पकड़े गए।

# इनामियां पुलिस मुठभेड़ में घायलावस्था में गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** जिला कारागार से पुलिस को चकमा देकर फरार पच्चीस हजार रुपए के इनामियां बदमाश को मरदह व बिरनो थाने की पुलिस ने दौराने मुठभेड़ घायलावस्था में घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। उसे पर आठ अपराधिक मामले दर्ज हैं। 17/18.जनवरी की रात प्रभारी निरीक्षक थाना मरदह तारावती यादव व उपनिरीक्षक सत्येन्द्र ओझा मय टीम रात्रि गस्त में थे। उसी के दौरान थानाध्यक्ष बिरनो अजय यादव की सूचना पर मरदह पुलिस टीम गोविन्दपुर कीरत के पास पहुंची। पुलिस टीम से अपने को घिरता देख वहां मौजूद बदमाश लाल बाबू मौर्या पुत्र अजय मौर्या निवासी बंकाखास थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में अपराधी के दोनों पैरों में गोली लगी वह घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस व दो खोखा कारतूस 315 बोर तथा चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

उल्लेखनीय है कि गत नौ जनवरी को प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव थाना मरदह गाजीपुर मय हमराही व सुबच्चन राजभर पुत्र केशव राजभर, धर्मेन्द्र राजभर पुत्र सुबच्चन राजभर, रामबचन राजभर पुत्र स्व.केशव राजभर तथा निर्मला देवी पत्नी सुबच्चन राजभर के सहयोग से अभियुक्त लाल बाबू मौर्या पुत्र अजय मौर्या निवासी ग्राम बंका खास थाना



कासिमाबाद गाजीपुर व पुनीत राय पुत्र अमरनाथ राय निवासी ग्राम शेरपुर कलां थाना भाँवरकोल जनपद गाजीपुर को एक रिवाल्वर 32 बोर, दो मोबाइल फोन सैमसंग व वीवो तथा दो पर्स में पीली धातु के दो कंगन, एक अंगुठी पीली धातु, दो लाकेट पीली धातु एवं तीन लाकेट से युक्त एक हार का टुकड़ा पीली धातु तथा दूसरे पर्स में सफेद धातु के तीन कंगन, एक ब्रेसलेट, दो जोड़ी बिछिया, तीन बिछिया चैन से युक्त, एक जोड़ी पायल, एक करधनी, मुड़ा हुआ प्लेट, एक पायल का टूटा टुकड़ा, एक डिबिया में सफेद धातु के छोटे टुकड़े चोरी के व तीन मोटरसाइकिल चोरी की बरामद की गयी थी। इन बरामदगी के आधार पर मरदह थाने पर आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। दोनों अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु पेश किया गया। जिला कारागार गाजीपुर में दाखिल करते समय अभियुक्त लालबाबू मौर्या पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली सदर पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डा.ईरज राजा द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुरस्कार घोषित कर तीन टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमें उसी समय से उसकी सुरागरसी में लगी हुई थी।

# लखनऊ में मनाई गई बाबा-ए-कौम अब्दुल कय्यूम अंसारी की जयंती

- टू-नेशन थ्यूरी के प्रखर विरोधी थे अब्दुल कय्यूम अंसारी: डॉ. फैयाज
- अब्दुल कय्यूम अंसारी ने सामाजिक बराबरी की अलख जगाई: डॉ. अनूप

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ स्थित आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय कार्यालय पर बाबा-ए-कौम अब्दुल कय्यूम अंसारी जी जयंती मनाई गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. फैयाज अहमद फैजी ने की। उन्होंने कहा अब्दुल कय्यूम अंसारी व व्यक्ति हैं जिन्होंने स्वतंत्रता आंदालेन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया है। अब्दुल कय्यूम अंसारी बीसवीं सदी के भारत के एक प्रख्यात राष्ट्रवादी और जननेता थे, जिनका राष्ट्रवाद में योगदान ऐतिहासिक है। उनका जन्म 1 जुलाई 1905 को बिहार के तत्कालीन शाहाबाद (वर्तमान रोहतास) जिले के डेहरी-ऑन-सोन में हुआ। वे श्री मोहम्मद अब्दुल हक और सफिया बेगम के पुत्र थे। उन्होंने सासाराम और डेहरी हाई स्कूल, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, कलकत्ता यूनिवर्सिटी और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से शिक्षा प्राप्त की। हालांकि, राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी के कारण वे अपनी विश्वविद्यालयी शिक्षा पूरी नहीं कर सके।

1921 में मात्र 16 वर्ष की आयु में, अंग्रेज विरोधी असहयोग और खिलाफत आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाने के कारण उन्हें डेहरी-ऑन-सोन में गिरफ्तार किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अनूप पटेल व विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता राहुल देव रहे। इस अवसर पर अनूप पटेल ने कहा हमें अपने आइकॉन को हमेशा याद रखने की जरूरत है अब्दुल कय्यूम अंसारी जी ने जो सामाजिक बराबरी के लिये अलख जलाई है उसे किसी कीमत पर बुझने नहीं देना है। अपनी मांगों को लगातार सरकारों से करते रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. फैयाज अहमद फैजी, प्रदेश महासचिव मो. इलियास, लखनऊ जिला अध्यक्ष फैज मोहम्मद, जिला उपाध्यक्ष जफर आलम, कार्यालय सचिव एहतेशाम, ब्लाक संरक्षक शकील लेड़ी, अफ्फान अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

## पसमांदा आंदोलन के पुरोधाओं को विशेष उपाधियों से सम्मान

**दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के दिल्ली कार्यालय में बाबा-ए-क़ौम हज़रत अब्दुल क़य्यूम अंसारी (रह.) की पुण्यतिथि के अवसर पर एक गरिमामय और विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनके विचारों और उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर पसमांदा समाज के इतिहास और पहचान को संरक्षित करने की दिशा में प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। केंद्रीय इकाई को सुझाव के रूप में तीन प्रमुख व्यक्तित्वों को समाज के नाम-चिह्न स्वरूप विशेष उपाधियों से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि भविष्य में इन्हें इन्हीं उपाधियों से याद एवं संबोधित किया जाएगा। घोषित उपाधियाँ इस प्रकार हैं– हज़रत मौलाना आसिम अली बिहारी (रह.), हज़रत मौलाना अब्दुल क़य्यूम अंसारी (रह.) – बाबा-ए-क़ौम, हज़रत मौलाना हबीबुर्रहमान आज़मी (रह.) – मुहद्दिस-ए-कबीर, कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बाबा-ए-क़ौम अब्दुल क़य्यूम अंसारी का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। कार्यक्रम में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शारिक अदीब अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शारिद जमाल अंसारी, प्रदेश सलाहकार डॉ. रैहान असरारी, बिहार से आए सैफ़ अली, नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी डॉ. आमिर अंसारी, प्रदेश महासचिव अलमास यज़दानी, पसमांदा डेमोक्रेसी यूट्यूब चैनल के संस्थापक अब्दुल्ला मंसूर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक हस्तियां मौजूद रहीं। इसके अलावा प्रो. डॉ. अकील (जामिया मिल्लिया इस्लामिया), अलवीना असरारी, मुफ़्ती सोहैल क़ासमी, अनवर अंसारी, सोशल मीडिया प्रभारी आरिफ अज़ीज़, प्रदेश सलाहकार विनय भूषण, तबस्सुम आरा, मोहम्मद सईद, कैफ़ी अंसारी, अबू होमैद सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

## खेती में बदलाव की जरूरत: शर्मा

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय मथुरा के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मथुरा द्वारा सोमवार को छाता के गांव आजनौख में गांव स्तरीय पराली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अभिजीत मित्रा एवं निदेशक प्रसार प्रोफेसर अतुल सक्सेना के दिशा निर्देशन में आयोजित हुआ। केंद्र के प्रभारी डॉ वाई. के. शर्मा द्वारा किसानों को पराली प्रबंधन की मशीनों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पराली को खेत में मिलाने के लिए सुपर सीडर मशीन बहुत ही उपयोगी साबित हुई है। जिससे समय से रबी फसलों की बुवाई कर सकते हैं। मृदा वैज्ञानिक डॉ रविंद्र कुमार राजपूत द्वारा किसानों को बताया की मशीन कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर दी जाती है। जिसमें समूह बनाकर 80 प्रतिशत तक किसान अनुदान पर मशीन क्रय कर सकते हैं।

# शिवाजी, वीर सारवकर, चन्द्रशेखर बने युवाओ के आदर्श: रमेश

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** नगर में शताब्दी समारोह के चौथे चरण युवा बनबिहार का डीएवी इण्टर कालेज के खेल मैदान में आयोजित किया। मुख्य अतिथि कांशी प्रान्त प्रचारक रमेश ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर विजय दशमी पर्व से वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रम के तहत चौथे चरण का यह कार्यक्रम युवा बन बिहार स्वामी विवेकानन्द जयन्ती 12 जनवरी से प्रारम्भ होकर 31 जनवरी तक चलेगा। इस कार्यक्रम मे हमारे देश के युवाओ का राष्ट्र निर्माण मे कितना महत्वपूर्ण योगदान है उसपर विस्तृत प्रकाश डाला। जिसमे मराठा सम्राट शिवाजी, महाराणा प्रताप, वीर सारवकर, चन्द्रशेखर आजाद, स्वामी विवेकानन्द, राजेन्द्र लाहड़ी के कृत्तिव व व्यक्तित्व पर बताया कि ये सभी युवा रहे जो भारत वर्ष को परतंत्रता से निजात दिलाने में अहम भूमिका निभायी। उस समय से आज तक ये युवाओ के रोल माडल बने हुए है। हमारे युवा स्वयं को सोशल मीडिया व मोबाईल व टीवी के कार्यक्रम तक सीमित न रहे। राष्ट्र निर्माण में हमारे युवाओ का महत्वपूर्ण योगदान है हमारे युवा आज सक्षम है कुछ भी करने की शक्ति हासिल कर ली है आज हमारे युवा दुनिया के लिए रोल माडल बने हुए है, खेल प्रतिभाओ, शिक्षा क्षेत्र, सैन्य सुरक्षा क्षेत्र जैसे विभिन्न विधाओ में हमारे युवा अपनी मेहनत के बल पर देश के उंचे शिखर पर स्थापित हुए है वो हमारे राष्ट्र गौरव है। इस कार्यक्रम में सह विभाग प्रचारक प्रेमप्रकाश, जिला प्रचारक प्रभात नगर प्रचारक विक्रम, जिला संघचालक, नगर संचालक, नगर कार्यवाह, सह नगर कार्यवाह, विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री विपुल, विद्यार्थी कार्य प्रमुख बृजकिशन, रोहित, कबीर, अभिषेक, बुद्धन आदि उपस्थित रहे।

# इंडिया ओपन की निराशा छोड़कर टूर्नामेंट में उतरेंगे भारतीय खिलाड़ी



**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट की मंगलवार से शुरुआत हो रही है। भारतीय खिलाड़ियों को इसमें कठिन ड्रॉ मिला है। भारत के खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले सप्ताह घरेलू धरती पर खेले गए इंडिया ओपन के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से शुरू होने वाले इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पिछले सप्ताह नई दिल्ली में इंडिया ओपन में लक्ष्य सेन पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गए थे। भारत का कोई भी खिलाड़ी किसी भी वर्ग में अंतिम आठ से आगे नहीं बढ़ पाया था।

चीनी ताइपे के लिन चुन यी और कोरिया की विश्व में नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीता। अब सारा ध्यान जकार्ता पर केंद्रित हो गया है, जहां भारतीय खिलाड़ियों को कड़ा ड्रॉ मिला है और उन्हें अपने से अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करनी होगी। पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, जबकि एचएस प्रणय को मलयेशिया के पूर्व विश्व नंबर दो और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ली जी जिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

पिछले साल मलयेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचने वाले किदाम्बी श्रीकांत का मुकाबला जापान के कोकी वातानाबे से, जबकि थारुन मन्नेपल्ली का मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा।

# सेनेगल बना अफ्रीका कप का विजेता, लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स की मेजबानी को तैयार मैड्रिड

**नई दिल्ली।** सेनेगल ने मेजबान मोरक्को को 1-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। वहीं, मैड्रिड लगातार तीसरे वर्ष %लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स% की मेजबानी करेगा।

सेनेगल ने पेप गुये के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से मेजबान मोरक्को को 1-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। वहीं, मैड्रिड लगातार तीसरे वर्ष लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स की मेजबानी करेगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की।

बेहद तनावपूर्ण परिस्थितियों में खेले गए फाइनल में दोनों टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर पाई थी लेकिन आखिर में पेप गुये निर्णायक गोल करने में सफल रहे। फाइनल मैच में तनाव काफी बढ़ गया था। मैच के दौरान ऐसा समय भी आया जब दर्शकों ने मैदान पर



घुसने की कोशिश की। यही नहीं सेनेगल के खिलाड़ी दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी के फैसले के विरोध में मैदान से बाहर चले गए थे। यह स्पष्ट नहीं था कि खेल जारी रह पाएगा या नहीं क्योंकि प्रशंसक सुरक्षाकर्मियों से भिड़ गए थे। इसके कारण 14 मिनट तक खेल नहीं हो पाया था। खेल शुरू होने पर सेनेगल के एडुआर्ड मेंडी ने ब्राहिम डियाज़ की पेनल्टी को आसानी से बचा लिया। इसके बाद गुये ने अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में विजयी गोल दागा। मोरक्को की पराजय के कारण 69,500 दर्शकों की क्षमता वाला प्रिंस मौले अब्देललाह स्टेडियम अंतिम सीटी बजते ही खाली होने लग गया था। सेनेगल के खिलाड़ियों को ट्रॉफी उठाते हुए देखने के लिए बहुत कम लोग बचे थे। सेनेगल ने दूसरी बार अफ्रीका कप जीता। इससे पहले वह 2021 में चैंपियन बना था। पिछले साल की तरह यह पुरस्कार समारोह 20 अप्रैल को सिबेल्स पैलेस में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने बयान में कहा, मैड्रिड ने 2024 में पहली बार लॉरियस पुरस्कारों की मेजबानी की थी और उसके बाद शहर को लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड से बहुत फायदा हुआ। बयान में कहा गया है, %2026 में होने वाले पुरस्कार समारोह में एक बार फिर खेलों से जुड़े दिग्गजों के साथ मनोरंजन, संस्कृति और फैशन जगत की कुछ बड़ी हस्तियां भी इसमें शामिल होंगी। सात प्रमुख श्रेणियों में से प्रत्येक में विजेता रहने वाले को प्रतिष्ठित लॉरियस प्रतिमा प्रदान की जाएगी। मैड्रिड समुदाय की प्रमुख इसाबेल डियाज आयुसो ने कहा कि वह अपने शहर में खेलों से परिपूर्ण वर्ष की प्रतीक्षा कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैड्रिड खेलों का हमेशा स्वागत करता रहा है क्योंकि यह उन साझा मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है जिससे हम सभी को लाभ होता है। मैड्रिड के मेयर जोस लुइस मार्टिनेज अल्मेडा ने कहा, %मैड्रिड को गर्व है कि लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स एक बार फिर यहां आयोजित किए जा रहे हैं।

## संन्यास से लौटेंगे उसैन बोल्ट! एथलेटिक्स नहीं

**नई दिल्ली।** जमैका के दिग्गज धावक उसैन बोल्ट ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में क्रिकेट खेलने की इच्छा जताई है। 128 साल बाद क्रिकेट ओलंपिक में लौट रहा है और बोल्ट इसे अपने देश के लिए खेलने का अवसर मानते हैं। बोल्ट ने मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर जमैका क्रिकेट बोर्ड उन्हें बुलाए तो वह तैयार रहेंगे।

दुनिया के सबसे तेज धावक माने जाने वाले जमैका के दिग्गज उसैन बोल्ट ने संन्यास के बाद एक बार फिर ओलंपिक में शामिल होने की इच्छा जताई है, लेकिन इस बार लक्ष्य ट्रैक एंड फील्ड नहीं, बल्कि क्रिकेट है। 128 साल बाद क्रिकेट को लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक्स में शामिल किया जा रहा है और इसी बीच बोल्ट ने कहा कि वे इस खेल में अपना हाथ आजमाना चाहेंगे।

# क्या जूलियन वेबर को गुर सिखाने वाले बरखार्ड बनेंगे भारतीय जेवलिन टीम के नए कोच

**सफलता**

> बरखार्ड जेवलिन थ्रो में अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और शीर्ष स्तर के जर्मन थ्रोअरों को विश्व स्तरीय सफलता दिलाने के लिए जाने जाते हैं।

**नई दिल्ली।** बरखार्ड जेवलिन थ्रो में अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और शीर्ष स्तर के जर्मन थ्रोअरों को विश्व स्तरीय सफलता दिलाने के लिए जाने जाते हैं। वह तकनीक को निखारने और मानसिक तैयारी में अपनी



विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध हैं।

नीरज चोपड़ा की ओलंपिक में दोहरी सफलता के बाद जेवलिन थ्रोअरों (भाला फेंक) की फैक्ट्री बन चुके भारत में प्रतिभाओं को तराशने के लिए एक और जर्मनी के दिग्गज कोच सेवाएं ली जा रही हैं। यू हॉन और नीरज की सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले क्लास बार्टोनिएट्ज के बाद भारतीय एथलेटिक महासंघ (एएफआई) अब बीते वर्ष 91.51 मीटर भाला फेंकने वाले जर्मनी के जूलियन वेबर के कोच बरखार्ड लुक्स पर दांव लगाने जा रहा है। बरखार्ड और एएफआई के बीच कुछ दौर की बातचीत हो चुकी है। सब कुछ ठीक रहा तो रियो ओलंपिक चैंपियन थामस रोहलर और बरनार्ड सीफर्ट जैसे जेवलिन थ्रोअरों को प्रशिक्षित कर चुके बरखार्ड जल्द भारतीय जेवलिन थ्रोअरों को प्रशिक्षित करते नजर आएंगे। बरखार्ड जेवलिन थ्रो में अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और शीर्ष स्तर के जर्मन थ्रोअरों को विश्व स्तरीय सफलता दिलाने के लिए जाने जाते हैं। वह तकनीक को निखारने और मानसिक तैयारी में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध हैं। बरखार्ड को जर्मन भाला फेंक में उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए जाना जाता है। एएफआई के सूत्रों का कहना है कि हमारे पास इस वक्त जेवलिन थ्रो में कई अच्छी प्रतिभाएं हैं। इनके लिए हमें एक से अधिक विदेशी प्रशिक्षक की जरूरत है। इस वक्त हमारे पास सर्गेई माकारोव जेवलिन कोच के रूप में हैं, लेकिन हम दूसरे कोच के रूप में बरखार्ड को बुलाने जा रहे हैं। हमें उम्मीद है कि उनके साथ हमारा अनुबंध जल्द सिरे चढ़ जाएगा।

यह तय नहीं है कि बरखार्ड नीरज के साथ जुड़ेंगे। सूत्रों का कहना है कि नीरज को अपना कोच तय करने के लिए स्वतंत्र किया गया है। यह उनकी इच्छा पर निर्भर है कि वह किस कोच के साथ तैयारियां करेंगे। अभी उन्होंने अपने पुराने कोच जय चौधरी के साथ कोचिंग का फैसला किया है।

अगर वह निकट भविष्य में किसी विदेशी कोच की मांग करेंगे तो उसे पूरा कराया जाएगा। बरखार्ड की सेवाएं फिल्हाल जूनियर जेवलिन थ्रोअरों और अन्य उभरते थ्रोअरों के लिए ली जाएंगी। बरखार्ड ने वेबर को जर्मनी के पॉट्सडेम में तैयारियां कराईं और बीते वर्ष पहली बार उन्हें 90 मीटर की दूरी पार करवाई।

# कोको गॉफ-अनिसिमोवा और मेदवेदेव दूसरे दौर में, सोफिया केनिन उलटफेर का शिकार



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार के उपविजेता दानिल मेदवेदेव ने जेस्पर डी जोंग को 7-5, 6-2, 7-6 (2) से हराकर ऑस्ट्रेलिया में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को अपनी सर्विस पर कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह अमांडा अनिमिसोवा और दानिल मेदवेदेव के साथ सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। गॉफ ने पहले दौर के मैच में कामिला रखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से पराजित किया। गॉफ ने दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, लेकिन मेलबर्न पार्क में वह कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई हैं। पिछले साल वह क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई थीं। अमेरिकी खिलाड़ी को फिर से डबल फॉल्ट की समस्या से जूझना पड़ा। दूसरे दौर में गॉफ का सामना ओल्गा डैनिलोविच से होगा। डैनिलोविच ने रविवार को पहले दौर के मैच में 45 वर्षीय वीनस विलियम्स को हराया था। महिला वर्ग के अन्य महत्वपूर्ण मैचों में विश्व रैंकिंग में चौथे नंबर की खिलाड़ी और पिछले दो ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली अमांडा अनिसिमोवा ने सिमोना वाल्टरट को 6-3, 6-2 से, नंबर छह जेसिका पेगुला ने अनास्तासिया जखारोवा को 6-2, 6-1 से और नंबर 14 क्लारा टौसन ने डाल्मा गाल्फी को 6-3, 6-3 से हराया। इस बीच 27वीं वरीयता प्राप्त और 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन का खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह पहले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स से 6-3, 6-2 से हार गईं। स्टर्न्स का अगला मुकाबला क्रोएशिया की पेट्रा मार्किको से होगा। एम्मा नवारो भी पोलैंड की मैग्डा लिनेट से तीन सेटों में हार गईं। पुरुषों के वर्ग में कनाडा की सातवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स औगर अलियासिमे ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ अपना मैच

# नेहा कक्कड़ ने किया ब्रेक का एलान



**मुंबई।** मशहूर सिंगर नेहा कक्कड़ ने काम और जिम्मेदारियों से ब्रेक का एलान किया है। उन्होंने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर यह बात शेयर की, मगर कुछ ही देर में पोस्ट डिलीट भी कर दिया।

सिंगर नेहा कक्कड़ ने काम से ब्रेक लिया है। आज सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर यह एलान किया। उन्होंने कुछ वक्त के लिए काम और जिम्मेदारियों से ब्रेक की बात कही। कुछ ही देर बाद पोस्ट डिलीट भी कर दिया। मगर, उनके पोस्ट के स्क्रीनशॉट वायरल हो रहे हैं। नेहा कक्कड़ ने आज कथित तौर पर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर कर काम से ब्रेक का एलान किया। हालांकि, फिलहाल उनके इंस्टाग्राम अकाउंट के पोस्ट या स्टोरी पर ऐसा कोई अपडेट नहीं है। कहा जा रहा है कि सिंगर ने पोस्ट शेयर करने के चंद मिनट बाद ही डिलीट भी कर दिया, मगर इसके स्क्रीनशॉट वायरल हो रहे हैं। उन्होंने ब्रेक लेने की वजह इमोशनल डिस्ट्रेस, नेगेटिविटी व इंडस्ट्री का दबाव बताया है।

बता दें कि यह पहली बार नहीं है, जब नेहा कक्कड़ ने ब्रेक लिया है। साल 2020 में नेपोटिज्म की बहस के बीच भी उन्होंने ब्रेक का एलान किया था। आज सोमवार को फिर उन्होंने ब्रेक की बात कहकर फैंस को चौंका दिया है। उन्होंने लिखा, अब जिम्मेदारियों, रिश्तों, काम और हर उस चीज से ब्रेक लेने का समय है, जिसके बारे में अभी मैं सोच सकती हूं। पक्का नहीं पता कि मैं वापस आऊंगी या नहीं। शुक्रिया।

नेहा कक्कड़ ने पैपराजी और फैंस से भी गुजारिश की है कि वे उनकी निजता का ख्याल रखें। सिंगर ने लिखा, मैं पैपराजी और फैंस से रिक्वेस्ट करती हूं कि वे कहीं भी मेरी फोटोज और तस्वीरें कैप्चर न करें।

मुझे उम्मीद है कि आप मेरी प्राइवेसी का सम्मान करेंगे और मुझे इस दुनिया में आजादी से जीने देंगे। कोई कैमरा नहीं प्लीज।

मैं रिक्वेस्ट करती हूं। नेहा कक्कड़ के ब्रेक के एलान पर नेटिजन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। कुछ यूजर्स इसे पीआर स्टंट बता रहे हैं तो कुछ उन्हें सपोर्ट कर रहे हैं। फैंस लिख रहे हैं, %ब्रेक लेकर कुछ बेहतर और क्रिएटिव करिए।

# गैंगस्टर हुसैन उस्तरा की बेटी ने शाहिद कपूर की 'ओ रोमियो' पर उठाए सवाल

**मुंबई।** विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज से पहले विवादों में घिर गई है। अब गैंगस्टर हुसैन उस्तरा के परिवार ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है। जानिए मेकर्स को धमकी और कानूनी कार्रवाई को लेकर गैंगस्टर की बेटी ने क्या कुछ बतायाज शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' टीजर सामने आने के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। टीजर सामने आने के बाद ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म मुंबई के गैंगस्टर हुसैन शेख उर्फ उस्तरा के जीवन पर आधारित है। इसके बाद से ही विवाद शुरू हो गया क्योंकि गैंगस्टर के परिवार का कहना है कि मेकर्स ने फिल्म बनाने से पहले उनसे अनुमति नहीं ली। हुसैन शेख के परिवार की ओर से मेकर्स को धमकी देने की खबरों पर अब हुसैन शेख उर्फ उस्तरा की बेटी ने प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने बताया कि परिवार मेकर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा। इंडिया टुडे के साथ बातचीत में

**चर्चाओं**

> शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' टीजर सामने आने के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है।

हुसैन शेख उर्फ उस्तरा की बेटी सनोबर शेख ने फिल्म के मेकर्स को धमकी देने की बात से इनकार किया। सनोबर ने आगे कहा कि फिल्म निर्माताओं ने हमारे बाबा के जीवन पर आधारित फिल्म बनाने के लिए हमसे कभी अनुमति नहीं ली। हम कभी सार्वजनिक जीवन में नहीं रहे हैं और न ही हम यह सब पैसे या प्रसिद्धि के लिए कर रहे हैं। जब से उन पर आधारित फिल्म की खबर फैली है, हमारे परिवार को परेशान किया जा रहा है। लोग हमें मैसेज और वीडियो भेज रहे हैं और हमसे सवाल कर रहे हैं। अपने पिता का बचाव करते हुए सनोबर शेख ने कहा कि फिल्म में तथ्यों को



तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है और उन्हें गलत तरीके से दिखाया गया है। फिल्म में उस्तरा और सपना दीदी की कहानी को दिखाया गया है। जिनके किरदार शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी ने निभाए हैं। इस पर उस्तरा की बेटी ने कहा कि वह मेरे बाबा के लिए बहन जैसी थीं, लेकिन फिल्म में एक रोमांटिक एंगल दिखा रहे हैं, जो बिल्कुल गलत है। हम फिल्म की प्री-स्क्रीनिंग की मांग कर रहे हैं, ताकि हम समझ सकें कि यह किस बारे में है। अगर वे मेरे पिता की कहानी ले रहे हैं, तो उन्हें इसे सच रखना चाहिए। हम अंत तक केस लड़ने के लिए तैयार हैं। इस दौरान जब सनोबर शेख को बताया गया कि र्वजनिक डोमेन में मौजूद कहानियों पर फिल्म निर्माताओं को रचनात्मक स्वतंत्रता प्राप्त है। इस पर उन्होंने कहा कि परिवार का जीवन इससे बहुत प्रभावित हुआ है और हम इस मामले को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि पहले ऐसी खबरें थीं कि फिल्म उनके पिता पर आधारित है और अब मेकर्स इसे मना कर रहे हैं। टीजर जारी होने से पहले ही हमें परेशान किया जा रहा था। हमारी दुनिया फिल्म जगत से बहुत अलग है और हम इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते। हम एक परिवार के रूप में बहुत परेशान हैं। हालांकि, इस दौरान सनोबर शेख ने कानूनी मामले के बारे में कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया और कहा कि मामला विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि विशाल भारद्वाज एक प्रशंसित निर्देशक हैं और शाहिद कपूर भी एक अच्छे अभिनेता हैं।

हमें किसी से कोई समस्या नहीं है। हम फिल्म रिलीज होने से पहले देखना चाहते हैं ताकि हम इसे मंजूरी दे सकें। हम यह भी चाहते हैं कि मेकर्स यह स्वीकार करें कि हमारे परिवार ने उन्हें कोई धमकी नहीं दी है।

बाकी हम इस मामले को अदालत में लड़ेंगे। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' में शाहिद कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आ रहे हैं। इसके अलावा फिल्म में उनके साथ तृप्ति डिमरी, नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और फरीदा जलाल प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# अंकिता लोखंडे ने तस्वीरों के जरिए दिखाई अपनी जिंदगी की झलक









**मुंबई।** अंकिता लोखंडे भी बाकी सेलेब्स की तरह 2016 ट्रेंड लिस्ट में शामिल हो चुकी हैं। अंकिता ने 2016 से लेकर अब तक के कई शानदार पलों को तस्वीरों के जरिए सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने एक खास नोट भी लिखा है। अंकिता लोखंडे ने इंस्टाग्राम पर 2016 से लेकर 2026 तक की कई तस्वीरों को शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 2016 की यादेंज मेरे जीवन का सबसे कठिन दौरज एक ऐसा साल जिसने मुझे चुपचाप तोड़ दिया और हमेशा के लिए बदल दिया। आज मैं सिर्फ आभारी और गर्व महसूस करती हूं कि मैं वहां से इतनी दूर आ गई हूं। अंकिता ने ये भी बताया कि वो हमेशा से एक पारिवारिक लड़की रही हैं। उन्होंने अपनी पहली इंस्टाग्राम पोस्ट के साथ ही अपने प्यारे कुत्ते स्कॉच को बहुत याद किया। स्कॉच को वो अपना सबसे बड़ा सहारा बताती हैं, जो हर मुश्किल वक्त में उनके साथ रहा।

2016 में अंकिता और दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का ब्रेकअप हुआ था। दोनों की मुलाकात टीवी सीरियल पवित्र रिश्ता शो के सेट पर हुई थी, जहां वो लंबे समय तक साथ रहे। बाद में 14 जून 2020 को सुशांत सिंह राजपूत की मुंबई में मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। अंकिता ने 2016 को याद करके बताया कि वो साल कितना दर्द भरा था, लेकिन आज वो उस मुश्किल से निकलकर मजबूत हो गई हैं।

## अजय देवगन ने की एआई निर्मित फिल्म 'बाल तन्हाजी' की घोषणा

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपनी एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। यह एक एआई निर्मित फिल्म होगी। जानिए क्या होगी फिल्म की कहानी अजय देवगन साल 2020 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'तान्हाजी~ द अनंसग' वॉरियर की कहानी एक बार फिर लेकर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार ये कहानी एक नए अंदाज में पेश की जाएगी। क्योंकि अजय देवगन और निर्माता दानिश देवगन ने अपने लेंस वॉल्ट स्टूडियोज (एलवीएस) के तहत आई निर्मित फिल्म 'बाल तन्हाजी' की घोषणा की है। 2020 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'तन्हाजी~ द अनसंग वॉरियर' की ही दुनिया पर आधारित 'बाल तन्हाजी' इस फिल्म की दुनिया को अनछुए पहलुओं की ओर ले जाएगी। यह एक एआई फिल्म होगी। यह कहानी को एक ऐसी पीढ़ी के लिए नए सिरे से प्रस्तुत करेगी, जो सिनेमाघरों से परे कहानियों में रुचि रखती है।

# इलैयाराजा को मिलेगा पद्मपाणि अवॉर्ड, अजंता-एलोरा फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित होंगे संगीतकार



**मुंबई।** दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा के करियर में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। आगामी अजंता-एलोरा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एआईएफएफ) 2026 में इलैयाराजा को पद्मपानी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा खुद आयोजकों की ओर से की गई है। वार्षिक फिल्म महोत्सव 28 जनवरी से 4 फरवरी तक छत्रपति संभाजीनगर में आयोजित किया जाएगा। इस बात की जानकारी देते हुए आयोजकों की ओर से बताया गया कि संगीतकार इलैयाराजा को 28 जनवरी को महोत्सव के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों, विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियों की उपस्थिति में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। फिल्म समीक्षक लतिका पडगांवकर (अध्यक्ष), निर्माता-निर्देशक आशुतोष गोवारिकर, सुनील सुकथंकर और चंद्रकांत कुलकर्णी की समिति ने इलैयाराजा को इस पुरस्कार के लिए चुना है।

इस सम्मान में इलैयाराजा को पद्मपानी स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र और 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा।

इलैयाराजा से पहले गीतकार जावेद अख्तर, अनुभवी निर्देशक-लेखक साईं परांजपे और अभिनेता ओम पुरी जैसे दिग्गजों को ये सम्मान प्राप्त हो चुका है।

इलैयाराजा की बात करें तो पांच दशकों से भी लंबे करियर में उन्होंने 1,500 से अधिक फिल्मों के लिए 7,000 से अधिक गाने और संगीत तैयार किए हैं।

तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, हिंदी और मराठी सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं की फिल्मों में इलैयाराजा ने संगीत दिया है।

## केंद्र से पांच केंद्र शासित प्रदेशों को अधिकार




**नई दिल्ली।** औषधि एवं जादुई उपचार अधिनियम में यह स्पष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति ऐसे किसी विज्ञापन के प्रकाशन में भाग नहीं लेगा, जो किसी दवा को किसी निर्दिष्ट बीमारी, विकार या स्थिति के निदान, उपचार, रोकथाम या निवारण के लिए उपयोगी बताने का संकेत देता हो।

केंद्र सरकार ने पांच केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों और प्रशासकों को औषधि एवं जादुई उपचार अधिनियम के तहत भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करने के अधिकार दे दिए हैं। इसके तहत अब वे ऐसे अधिकारियों को अधिकृत कर सकेंगे, जो कैंसर, डायबिटीज जैसी बीमारियों के इलाज को लेकर जादुई गुणों और चमत्कारी दावों वाले विज्ञापनों से जुड़े मामलों में तलाशी और जब्ती की कार्रवाई कर सकें। हाल ही में गृह मंत्रालय की ओर से राजपत्र में अधिसूचित आदेश में यह अधिकार जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव तथा पुडुचेरी के उपराज्यपालों और प्रशासकों को दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने निर्देश दिया है कि इन केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासक, राष्ट्रपति के नियंत्रण के अधीन रहते हुए और अगले आदेश तक औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के तहत राज्य सरकार को प्राप्त शक्तियों और दायित्वों का अपने-अपने क्षेत्रों में इस्तेमाल करेंगे। इस अधिनियम के तहत कौन सी बीमारियां अनुसूची में शामिल? अधिनियम के तहत 54 बीमारियों और विकारों, जिनमें डायबिटीज, मोटापा और कैंसर शामिल हैं, के इलाज के लिए दवाओं के विज्ञापन पर प्रतिबंध है।

# भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने नितिन नबीन का नामांकन पत्र जमा किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया आज शुरू हो गई। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का नामांकन पत्र पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जमा कराए। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करने की औपचारिकता पूरी की गई। अब नए पार्टी अध्यक्ष के नाम का एलान कल किया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पहले अपना समर्थन पत्र सौंपा। उन्होंने उम्मीदवार के प्रति समर्थन जताते हुए पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नामांकन पत्रों का एक सेट, इस चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर बनाए गए पार्टी नेता के लक्ष्मण को सौंपे। रिपोर्ट्स के मुताबिक नबीन के नामांकन का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ

**चुनाव**

**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पहले अपना समर्थन पत्र सौंपा।**

नेताओं ने किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अलावा धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और किरेन रिजिजू जैसे वरिष्ठ पार्टी नेता भी नबीन के नामांकन के समय मौजूद रहे। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश



के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और अन्य राज्य नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक सेट जमा किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी और प्रमोद सावंत भी उपस्थित रहे। बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, झारखंड और अन्य राज्यों के नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्र जमा किए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नबीन के पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाने की संभावना है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी नेतृत्व इस पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का समर्थन कर रहे है। बता दें कि बिहार से पांच बार के विधायक रहे 45 वर्षीय नबीन को दिसंबर, 2025 में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पार्टी की राष्ट्रीय परिषद और विभिन्न राज्य परिषदों के प्रतिनिधियों से बने एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी पार्टी का राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी करता है।

## अंबरनाथ नगर परिषद वाले चुनाव को हाईकोर्ट ने क्यों बताया लोकतंत्र के लिए खतरा



**मुंबई।** अंबरनाथ नगर परिषद चुनावों के बाद बने गठबंधनों पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने पाला बदलने वाले नेताओं पर तंज कसते हुए कलेक्टर के आदेशों को अस्थायी रूप से रोक दिया। सभी दलों को सुनवाई का निर्देश दिया गया है। नए आदेश तक स्थिति यथावत रहेगी। अंबरनाथ नगर परिषद चुनावों के बाद बनी राजनीतिक उलझन पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए पाला बदलने वाले नेताओं को लेकर तीखा तंज कसा है। अदालत ने गठबंधनों को मान्यता देने और वापस लेने से जुड़े ठाणे कलेक्टर के आदेशों को फिलहाल प्रभाव में आने से रोक दिया है। साथ ही पूरे विवाद पर सभी पक्षों को सुनकर नया आदेश पारित करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि इस तरह बार-बार पक्ष बदलना नगर निकायों में स्थिरता को नुकसान पहुंचाता है। अदालत ने मामले को कलेक्टर के पास लौटाते हुए स्पष्ट किया कि भाजपा, कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना–सभी पक्षों को सुनवाई का पूरा मौका दिया जाए और फिर नियमों के अनुसार फैसला हो। 20 दिसंबर को हुए नगर परिषद चुनावों के बाद स्थानीय स्तर पर भाजपा और कांग्रेस ने मिलकर अंबरनाथ विकास आघाड़ी (एवीए) बनाई। इसमें राज्य सरकार की सहयोगी अजित पवार गुट वाली एनसीपी भी शामिल रही। इस गठबंधन ने सत्ता हासिल की, जबकि शिवसेना सबसे बड़ी पार्टी बनकर भी बाहर रह गई। एवीए पर विवाद बढ़ा तो कांग्रेस ने अपने 12 निर्वाचित सदस्यों को निलंबित कर दिया, जिसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गए। इसके बाद एनसीपी के चार सदस्य शिवसेना के साथ चले गए। 9 जनवरी को कलेक्टर ने इस नए गठजोड़ को प्री-पोल अलायंस मानते हुए एवीए की मान्यता रद्द कर दी। इसी आदेश को चुनौती देते हुए एवीए हाईकोर्ट पहुंची। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति रविंद्र घुगे ने टिप्पणी की कि ये चार सदस्य कल किसी के साथ थे, आज किसी और के साथ हैं। यह ग्लोब-ट्रॉटिंग जैसा है। अदालत ने कहा कि यदि कल फिर कोई और पक्ष चुन लिया जाए तो व्यवस्था कैसे चलेगी। कोर्ट ने सात और नौ जनवरी वाले दोनों आदेशों को फिलहाल स्थगित रखा है।

## सूखी सर्दी के बाद बदलेगा पहाड़ों पर मौसम

**नई दिल्ली।** एक पश्चिमी विक्षोभ ने पहले ही पहाड़ों की ओर रुख कर लिया है। ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम करवट लेने लगा है। करीब 12 हजार फीट से अधिक ऊंचे क्षेत्रों में जल्द ही बारिश और बर्फबारी शुरू होने के आसार हैं। लंबे समय से रूखी और खामोश पड़ी पहाड़ियों में अब मौसम की धड़कन लौटने वाली है। ठंडी हवा में नमी की खुशबू घुलने लगी है और आसमान जैसे कोई रंगीन कहानी लिखने की तैयारी में है। इस शीत ऋतु में उत्तरी पर्वतीय राज्यों में बारिश और बर्फबारी की भारी कमी ने सर्दियों को फीका बना दिया था। दिसंबर लगभग सूखा गुजर गया। लेकिन अब तस्वीर बदलने के संकेत साफ हैं। अगले सप्ताह से मौसम सक्रिय होने लगेगा और वीकेंड के आसपास पहाड़ों पर भारी बर्फबारी की उम्मीद है, जिससे लंबे सूखे की मार कुछ हद तक कम होगी।

## दुष्कर्म पीड़िता की मौत के बाद इंसाफ की मांग तेज




**इंफाल।** मणिपुर की हिंसा के दौरान दुष्कर्म का शिकार हुई युवती की मौत के बाद कुकी संगठनों ने न्याय की मांग तेज कर दी है। संगठनों का कहना है कि यह मामला केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समुदाय की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा है। संगठनों ने दोषियों पर कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई है। साल 2023 में मणिपुर हिंसा के दौरान दुष्कर्म का शिकार हुई कुकी युवती की 32 महीनों बाद अस्पताल में मौत हो गई, जिसके बाद कई संगठनों ने पीड़िता के लिए न्याय की मांग की है। संगठनों का आरोप है कि महिला की जान उस बीमारी और गहरे सदमे की वजह से गई, जो मई 2023 में उसके साथ हुआ था।

चुराचांदपुर और दिल्ली स्थित कुकी संगठनों ने दावा किया कि मई 2023 में इंफाल से महिला का अपहरण किया गया था और उसके साथ दरिंदगी की गई थी। वह किसी तरह अपहरणकर्ताओं के चंगुल से बच निकली, लेकिन शारीरिक चोटों और मानसिक आघात से उबर नहीं पाई और दस जनवरी को गुवाहाटी में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

इस घटना के बाद कुकी संगठनों ने केंद्र सरकार से अलग प्रशासन की मांग तेज कर दी है। उनका कहना है कि मैतेई समुदाय के साथ अब उनका रहना संभव नहीं है। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने कहा कि यह मौत इस बात का सबूत है कि कुकी-जो लोगों को कितनी बेरहमी से निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अब सुरक्षा और सम्मान के लिए अलग प्रशासन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (केएसओ) ने आरोप लगाया कि बार-बार अपील करने के बाद भी दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। संगठन ने मांग की है कि महिला की मौत को आधिकारिक तौर पर 2023 की हिंसा का परिणाम जाना चाहिए। वहीं, कुकी-जो विमेन फोरम ने कहा कि पीड़िता ने लगभग तीन साल तक ऐसा दर्द सहा जो किसी इंसान को नहीं सहना चाहिए। बता दें कि मई 2023 से मणिपुर में इंफाल घाटी के मैतेई और पहाड़ियों में रहने वाले कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में कम से कम 260 लोग मारे गए थे।

## तेलंगाना हाईकोर्ट ने केसीआर और हरीश राव को दी बड़ी राहत



**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने कालेश्वरम परियोजना की जांच रिपोर्ट के आधार पर केसीआर, हरीश राव और अन्य के खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर 25 फरवरी तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने सभी पक्षों को लिखित दलीलें दाखिल करने का समय दिया। मामले में आयोग की रिपोर्ट और सीबीआई जांच को लेकर विवाद है। तेलंगाना हाईकोर्ट ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर), पूर्व मंत्री टी. हरीश राव और अन्य को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने कालेश्वरम परियोजना से जुड़ी न्यायिक आयोग की रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार द्वारा किसी भी तरह की कार्रवाई से उन्हें 25 फरवरी तक अंतरिम संरक्षण दे दी है। इतना ही नहीं हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह और न्यायमूर्ति जीएम मोहीउद्दीन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 25 फरवरी तक के लिए टाल दी है।

अदालत ने यह समय इसलिए दिया है ताकि सभी पक्ष अपने-अपने लिखित तर्क (सबमिशन) दाखिल कर सकें। तब तक पहले से दी गई राहत जारी रहेगी। इस मामले में केसीआर, हरीश राव के अलावा पूर्व मुख्य सचिव शैलेंद्र कुमार जोशी और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी स्मिता सभरवाल ने भी हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल की हैं।

## शख्स पर लगा महिला को गलत तरीके से छूने का आरोप

**कोझिकोड।** पुलिस ने इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। इस बीच व्यक्ति की मौत के बाद वीडियो बनाने वाली महिला की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। बताया गया है कि वीडियो वायरल होने के बाद वह भी साइबर ट्रोलिंग का शिकार हुई थी। केरल में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बाद 42 वर्षीय व्यक्ति की ओर से आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। वीडियो में एक महिला ने स्थानीय बस में यात्रा के दौरान उस पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पुलिस के मुताबिक यह घटना रविवार सुबह की है। मृतक की पहचान कोझिकोड के गोविंदपुरम निवासी दीपक के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, जब रविवार सुबह करीब सात बजे उनके माता-पिता ने उन्हें जगाने की कोशिश की तो कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। कई बार दरवाजा खटखटाने और आवाज लगाने के बाद भी जवाब न मिलने पर पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया, जहां दीपक अपने कमरे में फंदे से लटके मिले। मृतक के माता-पिता का आरोप है कि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद से उनका बेटा मानसिक तनाव से गुजर रहा था।

# ग्रीनलैंड विवाद पर नाटो प्रमुख की ट्रंप से बात

**ब्रुसेल्स।** नाटो महासचिव मार्क रुटे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ग्रीनलैंड और आर्कटिक में सुरक्षा स्थिति पर बात की। मार्क रुटे ने यह भी जानकारी दी कि वह इस हफ्ते दावोस (स्विजरलैंड) में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात करेंगे।

ग्रीनलैंड पर नियंत्रण को लेकर अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी मंशा पूरी दुनिया को बता चुके हैं। इसी के साथ ट्रंप ने यूरोपीय संघ (ईयू) के आठ सदस्य देशों पर अगले महीने से दस फीसदी टैरिफ लगाने का एलान भी किया है। इस बीच नाटो महासचिव मार्क रुटे ने अमेरिका राष्ट्रपति से बात की और इस हफ्ते दावोस (स्विजरलैंड) में मुलाकात की भी उम्मीद जताई।

मार्क रुटे ने बताया कि उन्होंने ट्रंप से ग्रीनलैंड और आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति को लेकर बातचीत की है। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिका ने डेनमार्क और यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। मार्क रुटे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि इस सप्ताह दावोस में उनकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात भी होने वाली है। उन्होंने अपने एक्स पर लिखा, ग्रीनलैंड और आर्कटिक की सुरक्षा स्थिति को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप से बात हुई है।

**मुलाकात**

**मार्क रुटे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि इस सप्ताह दावोस में उनकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात भी होने वाली है।**



इस दिशा में काम जारी रहेगा और मैं दावोस में उनसे मिलने को लेकर उत्सुक हूं। हालांकि, रुटे ने बातचीत के विस्तृत ब्योरे साझा नहीं किया। इस बीच कई यूरोपीय देश एक साथ आए हैं और डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ समर्थन और एकजुटता व्यक्त की है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आठ यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी है जब तक कि उन्हें ग्रीनलैंड हासिल करने की अनुमति नहीं मिल जाती। डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम द्वारा जारी एक संयुक्त बयान, जिसे डेनिश विदेश मंत्रालय ने साझा किया उसमें उल्लेख किया गया है कि आर्कटिक एंड्योरेंस किसी के लिए खतरा नहीं है और ये देश डेनमार्क और ग्रीनलैंड के लोगों के साथ पूरी एकजुटता से खड़े हैं। बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि टैरिफ की धमकी ट्रांसअटलांटिक संबंधों को कमजोर करती है और खतरनाक गिरावट का जोखिम पैदा करती है।

## वेनेजुएला से मचाडो की सुरक्षित निकासी

**ओस्लो।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो का देश से सुरक्षित निकास का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें अमेरिका की मदद से उनके नॉर्वे पहुंचने तक की कहानी दिखती है। वेनेजुएला की विपक्षी नेता और 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो का अपने देश से सुरक्षित निकास का ड्रामाई वीडियो सामने आया है, जिसमें दिखता है कि कैसे एक अमेरिकी टीम की मदद से उन्होंने खतरों से भरा सफर तय किया और नॉर्वे पहुंचीं। मारिया मचाडो दिसंबर में वेनेजुएला से निकलकर नॉर्वे की राजधानी ओस्लो गई थीं, जहां उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार स्वीकार करना था। यह पुरस्कार उन्हें लोकतंत्र और मानव अधिकारों के लिए उनके संघर्ष के लिए दिया गया था। वीडियो में दिखता है कि मचाडो कारिबियन सागर के किनारे एक छोटी नाव पर थीं, जहां उन्होंने अमेरिकी विशेष बल के अनुभवी सदस्य ब्रायन स्टर्न और उनकी टीम से मुलाकात की।

## जर्मनी का तीन अरब यूरो का ईवी प्लान, इलेक्ट्रिक कार खरीदारों को मिलेंगे 6,000 यूरो

**नई दिल्ली।** जर्मनी ने मांग को फिर से बढ़ाने, कम इनकम वाले खरीदारों को टारगेट करने और चीन से बढ़ते कॉम्पिटिशन के बीच कार बनाने वाली कंपनियों को सपोर्ट करने के लिए 3 अरब यूरो का ईवी सब्सिडी प्रोग्राम प्लान किया है।

जर्मनी ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री को फिर से रफ्तार देने के लिए 3 अरब यूरो (करीब 27,000 करोड़ रुपये) का नया सब्सिडी कार्यक्रम पेश किया है। इसका मकसद न केवल ईवी की मांग को बढ़ाना है, बल्कि दबाव झेल रहे देश के ऑटोमोबाइल उद्योग को भी राहत देना है।इस योजना के तहत लगभग 8 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहन दिया जाएगा। सरकार का कहना है कि हाल के वर्षों में नीतियों में अचानक हुए बदलावों के कारण बाजार में अस्थिरता आई थी, जिसे अब स्थिर करने की कोशिश की जा रही है। पहले की योजनाओं से अलग, यह नया प्रोग्राम खास तौर पर



कम और मध्यम आय वर्ग के परिवारों पर केंद्रित है। पात्र खरीदारों को 1,500 यूरो से लेकर 6,000 यूरो तक की सब्सिडी मिलेगी। अनुदान की राशि वाहन के मॉडल, परिवार के आकार और आय स्तर के आधार पर तय होगी। सरकारी सहायता 2029 तक जारी रहेगी। हालांकि अंतिम ढांचे पर अभी कुछ संशोधन किए जा रहे हैं, लेकिन अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि 1 जनवरी 2026 से की गई खरीद पर भी आवेदन को मान्यता मिलेगी। सब्सिडी के लिए ऑनलाइन पोर्टल मई में शुरू होने की उम्मीद है।

जर्मनी का ईवी बाजार हाल के वर्षों में उतार-चढ़ाव से गुजरा है। 2024 में अचानक सब्सिडी हटने से ईवी रजिस्ट्रेशन में 27 प्रतिशत की गिरावट आई थी। इससे यह साफ हो गया कि ईवी की मांग सरकार की प्रोत्साहन नीतियों पर काफी हद तक निर्भर है। नए प्रोत्साहन ऐसे समय पर आए हैं जब कार निर्माता कम कीमत वाले इलेक्ट्रिक मॉडल पेश कर रहे हैं। करीब 25,000 यूरो की रेंज में नए ईवी मॉडल बाजार में आ रहे हैं। ताकि बजट को लेकर सजग खरीदारों को आकर्षित किया जा सके।

# पुर्तगाल के राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर में चौंकाने वाला नतीजा



**लिस्बन।** पुर्तगाल में राष्ट्रपति का पद नाममात्र का होता है, उनके पास कार्यकारी शक्तियां नहीं होतीं। ज्यादातर राष्ट्राध्यक्ष का उद्देश्य राजनीतिक खींचतान से दूर रहकर विवादों में मध्यस्थता करना और तनाव कम करना होता है। हालांकि, राष्ट्रपति के पास कुछ शक्तिशाली अधिकार हैं, जैसे संसद से पारित किसी भी कानून को वीटो करना और संसद भंग करने के साथ समय से पहले चुनाव कराने की शक्ति भी होती है। पुर्तगाल के राष्ट्रपति चुनाव में रविवार को चौंकाने वाले नतीजे में एक धुर दक्षिणपंथी पार्टी के नेता दूसरे स्थान पर रहे। अगले महीने होने वाले दूसरे दौर के मतदान में उनका सामना एक मध्य-वामपंथी प्रतिद्वंद्वी से होगा, जो आधिकारिक नतीजों के अनुसार यूरोप की बढ़ती धुर दक्षिणपंथी पार्टियों के लिए एक और राजनीतिक सफलता ला सकता है। पुर्तगाल के राष्ट्रपति चुनाव के लिए लगभग 98 प्रतिशत वोटों की गिनती हो चुकी है। सात साल से भी कम समय पहले बनी चेगा पार्टी के नेता आंद्रे वेंचुरा को 24 प्रतिशत वोट मिले हैं। वह मध्य-वामपंथी समाजवादी उम्मीदवार एंटोनियो जोस सेगुरो से पीछे दूसरे स्थान पर रहे, जिन्हें लगभग 31 प्रतिशत वोट मिले। 8 फरवरी को दूसरे चरण के मतदान में दोनों शीर्ष उम्मीदवारों का आमना-सामना होगा। आंद्रे वेंचुरा का दमदार प्रदर्शन यूरोप में धुर दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर हो रहे बदलाव में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। दरअसल, हाल के वर्षों में लोकलुभावन पार्टियों ने सत्ता की बागडोर अपने हाथ में ले ली है या उसके करीब पहुंच गई हैं। जनता के भारी समर्थन के चलते चेगा पार्टी पिछले साल पुर्तगाल की संसद में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई, जबकि इसकी स्थापना को महज छह साल ही हुए थे।

वेंचुरा और उनके समर्थकों को यूरोप भर में जैसे कि फ्रांस, जर्मनी, इटली और पड़ोसी देश स्पेन में समान विचारधारा वाली राष्ट्रवादी पार्टियों के बढ़ते प्रभाव से प्रोत्साहन मिला है। राष्ट्रपति चुनाव में रिकॉर्ड संख्या में अन्य नौ उम्मीदवार मैदान में उतरे, लेकिन कोई भी पहले दौर की जीत के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक वोटों के करीब नहीं पहुंच सका। चुनाव जीतने वाला राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा की जगह लेंगे, जिन्होंने पांच-पांच साल के दो कार्यकाल की सीमा पूरी कर ली है।

# ऑस्ट्रेलिया के बाद अंडर-16 सोशल मीडिया बैन पर यूके सबसे आगे

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया के बाद अंडर-16 सोशल मीडिया प्रतिबंध पर यूके सबसे आगे माना जा रहा है। इसी के साथ यूरोप और अमेरिका में भी इस मुद्दे पर मंथन तेज हो गया है। शोध के मुताबिक सोशल मीडिया के उपयोग से बच्चों की मानसिक सेहत पर व्यापक प्रतिकूल असर पड़ रहा है। 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाने वाला ऑस्ट्रेलिया का कदम अब वैश्विक बहस का केंद्र बन गया है। इसी कड़ी में यूनाइटेड किंगडम (यूके) अगला देश माना जा रहा है, जहां इस सप्ताह संसद के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में अंडर-16 सोशल मीडिया बैन पर अहम वोट हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया सरकार का ऑनलाइन सेफ्टी अमेंडमेंट एक्ट 10 दिसंबर से लागू हो चुका है। इस कानून के तहत रेडिट, एक्स, मेटा के इंस्टाग्राम,



यूट्यूब और टिकटॉक जैसे बड़े प्लेटफॉर्म शामिल हैं। नियमों के अनुसार कंपनियों को एज वेरिफिकेशन लागू करना होगा ताकि 16 साल से कम उम्र के बच्चे अकाउंट न बना सकें। यूके स्थित ग्रासरूट संगठन स्मार्टफोन फ्री चाइल्डहुड की सह-संस्थापक डेजी ग्रीनवेल ने कहा कि यह किसी एक देश की समस्या नहीं है। दुनिया भर की सरकारें बच्चों, अभिभावकों और समाज के लिए मौजूदा हालात को असफल मान रही हैं और सोशल मीडिया बैन को जरूरी माना है। ग्रीनवेल का कहना है कि जैसे-जैसे सबूत बढ़ेंगे और सरकारों का भरोसा मजबूत होगा, वैसे-वैसे और देश इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। यूके के अलावा फ्रांस भी इस दौड़ में मजबूत दावेदार माना जा रहा है। वहां दो विधेयकों पर बहस चल रही है, जिनमें से एक को राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का समर्थन प्राप्त है। इन प्रस्तावों का उद्देश्य 15 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह का बैन फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है, लेकिन राज्य और स्थानीय स्तर पर रुचि बढ़ रही है। कैलिफोर्निया और टेक्सस में 2026 तक राज्य-स्तरीय प्रतिबंधों पर चर्चा चल रही है। ग्रीनवेल के अनुसार शोध लगातार दिखाता है कि जैसे-जैसे बच्चों का स्मार्टफ़ोन और सोशल मीडिया पर समय बढ़ता है, व्यापक तौर पर उनकी मानसिक सेहत प्रभावित होती है। उनका तर्क है कि अगर ये प्लेटफॉर्म उपलब्ध नहीं होंगे तो नेटवर्क इफेक्ट टूटेगा और बच्चे वास्तविक दुनिया से दोबारा जुड़ सकेंगे। यूके के प्रधानमंत्री कीअर स्टारमर भी इस विचार के समर्थन में सामने आए हैं।

## दक्षिणी स्पेन में दो हाई स्पीड ट्रेनों की टक्कर

**मैड्रिड।** दक्षिणी स्पेन में बड़ा रेल हादसा हो गया। एक ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद हाई-स्पीड ट्रेनें आपस में टकरा गईं, जिसमें कम से कम 39 लोगों की मौत और 70 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। हालांकि इस आंकड़े के बढ़ने की आशंका है। मौके पर बचाव अभियान जारी है। दक्षिणी स्पेन में दो तेज रफ्तार ट्रेनों की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई और 70 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह दुर्घटना कॉर्डोबा प्रांत के आदमूज के पास हुई, जिसके चलते मैड्रिड और अंडालूसिया के बीच रेल सेवाएं निलंबित कर दी गईं। जानकारी के मुताबिक मलागा से मैड्रिड जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई और सामने से आ रही दूसरी ट्रेन से टकरा गई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक दोनों ट्रेनों में लगभग 500 यात्री सवार थे।

# राष्ट्र निर्माण की नींव युवाओं के संस्कार और अनुशासन में निहित : सुनील आंबेकर

- युवा शक्ति को सही दिशा देने के लिए मूल्यबोध अत्यंत आवश्यक : कुलपति प्रो. वंदना सिंह
- राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर पीयू में युवा संवाद का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संगोष्ठी भवन में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ की 100 वर्षों की यात्रा को दर्शाती एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक देखा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण की नींव युवाओं के संस्कार, अनुशासन और सतत अभ्यास में निहित है। आयुर्वेद, विज्ञान और योग जैसी भारतीय परंपराएँ मानव सभ्यता की सबसे प्राचीन धरोहर हैं, जिन्हें आज 21वीं सदी में पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। योग भले ही हजारों वर्ष पुराना हो, लेकिन आज विकसित देशों को भी इसकी आवश्यकता महसूस हो रही है। यह भारत की उस सांस्कृतिक चेतना का प्रमाण है, जो सदैव विश्व कल्याण की भावना से प्रेरित रही है।

उन्होंने कहा कि अच्छा नागरिक और देश के लिए उपयोगी व्यक्ति बनने की प्रक्रिया बचपन से ही प्रारंभ होती है। अचानक जागकर कोई भी महान नहीं बनता, इसके लिए निरंतर अभ्यास, अनुशासन और संस्कार आवश्यक होते हैं। उन्होंने युवाओं को इस सोच पर भी प्रकाश डाला कि मैं अकेला सही बनकर क्या कर लूँगा, और कहा कि इतिहास गवाह है कि जब कोई व्यक्ति अकेले सही मार्ग पर चलता है, तो वही मार्ग आगे चलकर समाज का मार्ग बन जाता है। सुनील आंबेकर ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए पाँच आयामों पर कार्य कर रहा है– सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी भाव का जागरण तथा नागरिक कर्तव्यों का बोध।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि आज का युवा ऊर्जावान, तेजस्वी और नवाचार से भरा हुआ है। लेकिन युवा शक्ति को सही दिशा देने के लिए मूल्यबोध और उद्देश्य अत्यंत आवश्यक हैं। जब जीवन का लक्ष्य केवल स्व तक सीमित रहता है, तो उपलब्धियाँ भी सीमित होती हैं, जबकि लक्ष्य में राष्ट्र जुड़ने से जीवन स्वयं सार्थक बन जाता है।

कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं अतिथियों का स्वागत प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को सकारात्मक सोच और राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन विभाग कार्यवाह डॉ. नितेश जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से मुख्य वक्ता से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

इस अवसर पर मंच पर काशी प्रांत के प्रांत संचालक अंगराज, प्रांत प्रचारक रमेश, सह प्रांत प्रचारक सुनील, प्रांत प्रचारक प्रमुख रामचंद्र, विभाग प्रचारक आदित्य, जिला प्रचारक अमरजीत, डॉ. महेंद्र, प्रो. एच सी पुरोहित, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. मनोज मिश्रा, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, विद्यार्थी कार्य प्रमुख डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव,डॉ. मनीष गुप्ता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## बोलेरे की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान, साथी घायल

**जौनपुर (खुटहन)** बनुआडीह गांव के तालाब के पास शाहगंज वाया प्रयागराज राजमार्ग पर सोमवार को आमने- सामने बोलेरो से हुई टक्कर में बाइक चला रहे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। उसी बाइक पर सवार उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। सुइथाखुर्द गांव निवासी 18 वर्षीय शैलेश चौहान पुत्र श्रीनाथ सोमवार को गांव के ही अपने मित्र दीपक प्रजापति को साथ लेकर बैंक से पैसा निकालने बाइक से खुटहन बाजार आ रहा था। उक्त तालाब के पास सामने से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दिया। हेलमेट न पहने होने के चलते शैलेश के सिर में गंभीर चोटें आने से वह बेहोश हो गया। दीपक को भी हाथ पैर में चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को एंबुलेंस से सीएससी ले आई। जहां देखते ही चिकित्सकों ने शैलेश को मृत घोषित कर दिया। घायल दीपक को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होते ही मृतक के स्वजन अस्पताल पहुंच गए। मृतक की माता गिरजा देवी,दादा रामजस चौहान,बड़ा भाई संदीप, पिता श्रीनाथ के रोने बिलखने से पूरा माहौल गमगीन हो गया।

# ऋण वितरण में देरी पर डीएम ने एच.डी.एफ.सी. बैंक को फटकारा

- 24 घंटे में ऋण वितरण का डीएम का अल्टीमेटम

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में एच.डी.एफ.सी. की बैंक शाखाओं द्वारा अकारण पत्रावलियों को निरस्त करने, पत्रावलियों को स्वीकृत करने के पश्चात भी ऋण वितरण न करने पर आज जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह स्वयं एच.डी.एफ.सी. बैंक की मुख्य शाखा पहुंचे। उन्होने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनांतर्गत प्रेषित पत्रावलियों की जानकारी करने पर पाया कि एच.डी.एफ.सी. की जनपद में संचालित 08 शाखाओं में 133 पत्रावलियां प्रेषित की गयीं, जिसमें से एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखाओं द्वारा 71 पत्रावलियों को निरस्त किया गया है जबकि 47 पत्रावलियां विभिन्न बैंक शाखाओं में लम्बित हैं, अभी तक मात्र 15 पत्रावलियों पर ही ऋण वितरण किया गया है, सर्वाधिक 20 पत्रावलियां एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा बेवर, 19 पत्रावलियां एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा स्टेशन रोड द्वारा निरस्त की गयी हैं। उन्होने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सदर ब्रांच शाखा में 10 पत्रावलियां विगत् 05 माह से लम्बित हैं, दि. 02 अगस्त को प्रेषित गौरव कुमार, अवनीश कुमार, शैलेन्द्र सिंह, दि. 07 अगस्त को प्रेषित पूजा राठौर, दि. 18 अगस्त को प्रेषित अनुज कुमार, शिवम कुमार एवं दि. 21 अगस्त को प्रेषित शहवाज, प्रदीप कुमार की पत्रावलियां बैंक शाखा द्वारा न तो स्वीकृत की गयी हैं और नाहीं निरस्त, बैंक शाखा में उक्त पत्रावलियां अकारण लम्बित हैं, जिस पर उन्होने शाखा प्रबन्धक को कठोर चेतावनी देते हुए कहा कि 24 घंटे के भीतर उपरोक्त पत्रावलियों को स्वीकृत कर लाभार्थियों को ऋण वितरण करना सुनिश्चित करें यदि ऋण वितरण में विलम्ब किया तो उत्तरदायित्व निर्धारित कर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

श्री सिंह ने कहा कि बैंकर्स लाभार्थीपरक योजनाओं में प्रेषित पत्रावलियों को यथाशीघ्र स्वीकृत कर ऋण वितरण करें, पत्रावलियों को निरस्त करने में नहीं बल्कि स्वीकृत करने में दिलचस्पी दिखाएं ताकि शिक्षित युवा विभिन्न योजनाओं का लाभ पाकर अपना स्वःरोजगार स्थापित कर स्वावलंबी, आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि यद्यपि जनपद में गत वित्तीय वर्ष में लाभार्थीपरक, जन-कल्याणकारी योजनाओं में बैंकर्स ने ऋण वितरण में रुचि दिखाई है, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वःरोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्वःनिधि निधि योजना सहित विभिन्न योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत की पूर्ति की गई है लेकिन सबसे महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति में काफी सुधार की गुंजाइश है, बैंकर्स इस ओर ध्यान दें और अपने यहां स्वीकृत हेतु अवशेष पत्रावलियों को प्राथमिकता पर स्वीकृत कर लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।इस दौरान शाखा प्रबंधक के अलावा उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चंन्द्र, अनिल सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# स्नान करने पालकी से ही जाएंगे, वरना नहीं उठेंगे: शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** माघ मेले में मौनी अमावस्या के दिन हुई घटना के बाद धरने पर बैठे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि वह स्नान करने पालकी से ही जाएंगे और प्रशासन जब तक लिखित रूप से माफी नहीं मांग लेता वह नहीं उठेंगे। उन्होंने पुलिस पर साधु संतों को पीटे जाने का आरोप लगाते हुए इस पूरी घटना के लिए पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, गृह सचिव मोहित गुप्ता और जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की फोटो दिखाते हुए उन्हें जिम्मेदार ठहराया है। शंकराचार्य ने सीओ विनीत सिंह की फोटो दिखाते हुए आरोप लगाया कि संगम नोज पर जिन साधु संतों को पुलिस ने हिरासत में दिया उन्हें विनीत सिंह ने पीट-पीट कर घायल किया। शंकराचार्य ने कहा कि वह धरने पर नहीं बैठे हैं। प्रशासन उन्हें जहां छोड़ गया था वह वहीं विराजमान है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि माघ मेले में संगम स्नान के लिए चारों शंकराचार्य के लिए प्रोटोकॉल बनना चाहिए ताकि शंकराचार्य पालकी पर जाकर स्नान कर सकें। उन्होंने कहा कि जब तक प्रशासन आकर माफी नहीं मांगता, तब तक हम अपने आश्रम में प्रवेश नहीं करेंगे। फुटपाथ पर ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जब भी इतिहास में स्नान करने गए हैं, पालकी में ही गए हैं।

## ज्योतिष्पीठ शंकराचार्य से दुर्व्यवहार निंदनीय

**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर माघ मेले के दौरान ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार को लेकर कांग्रेस सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अंकित सिंह यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

अंकित सिंह यादव ने कहा कि सनातन धर्म के प्रतिष्ठित धर्मगुरुओं में से एक शंकराचार्य के साथ इस प्रकार का व्यवहार न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह प्रशासनिक लापरवाही और असंवेदनशीलता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि माघ मेला जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन में संतङ्कमहात्माओं का सम्मान और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जैसे विद्वान और धर्माचार्य सनातन संस्कृति के संवाहक हैं। उनके साथ मौनी अमावस्या जैसे पवित्र पर्व पर दुर्व्यवहार होना अत्यंत निंदनीय है। यह घटना श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुँचाने वाली है।

उन्होंने राज्य सरकार और मेला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जाँच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस व्यवस्था और संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।

# अरुण भोजवाल को किया भोजवाल रत्न से सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** भोजवाल जागृति पदयात्रा के माध्यम से भोजवाल समाज को संगठित करके भोजवाल समाज को जागृत करने के लिए श्री राम जानकी कान्यकुब्ज वैश्य भोजवाल पंचायती मंदिर विभीषण कुंड, अयोध्या धाम द्वारा भोजवाल रत्न से सम्मानित किया गया।

तीन दिवसीय भोजवाल जागृति पदयात्रा लखनऊ से अयोध्या धाम के श्री राम जानकी मंदिर विभीषण कुण्ड पहुंचने पर श्री राम जानकी मंदिर अयोध्या धाम के महंत श्री दुर्गेश दास एवं भोजवाल समाज अयोध्या के द्वारा पदयात्रा का भव्य स्वागत किया गया। पद यात्रा का नेतृत्व कर रहे भोजवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष अरुण भोजवाल को यहां भोजवाल रत्न से इस यात्रा का सफलतापूर्वक समापन स्थल तक पहुंचने पर सम्मान दिया गया। अरुण भोजवाल आज़ाद इस सम्मान से गदगद होकर कहा कि यह यात्रा पूरे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से होली के बाद निकाली जाएगी और पूरे उत्तर प्रदेश के एक करोड़ से भी अधिक भोजवाल समाज को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। जिससे इस समाज को भी राजनैतिक एवं सामाजिक हक और अधिकार प्राप्त हो सके। इस पैदल यात्रा में बिहार से गणेश कानू मुखिया, मुंबई से राम जी भोजवाल, राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवराम प्रजापति, राष्ट्रीय सचिव दिलीप प्रजापति, प्रदेश अध्यक्ष शिवनाथ भोजवाल, प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ युगल प्रजापति, मंडल अध्यक्ष लखनऊ सुरेंद्र प्रकाश भोजवाल सहित दिलीप भोजवाल, हरीश भोजवाल, आलोक भोजवाल, शुभम भोजवाल, विजय भोजवाल, जितेंद्र भोजवाल , मनोज भोजवाल, शिवा, छोटू, अनुज भोजवाल, सुशील भोजवाल तथा अयोध्या जनपद से पदयात्रा में शामिल होने वाले भोजवाल समाज के सुल्तानपुर से बजरंगी भोजवाल, विजय भोजवाल, अशोक भोजवाल, रक्तदानी दीपक भोजवाल, विनोद भोजवाल, राम सुमेर भोजवाल, मोहित भोजवाल, दीपक गुप्ता, वेद प्रकाश, छेदीलाल चौधरी, संजय, शिलादेवी, बस्ती से रामकुमार भोजवाल, बृजभान भोजवाल, हरिराम आदि भोजवाल समाज के लोग सम्मिलित हुए।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं (मोहम्मद आमिर कुरैशी) पुत्र स्वर्गीय श्री मो. मुबीन कुरैशी, निवासी 18 आशियाँ ई मुबीन, सागर स्क्वायर कालोनी फेस-2, मस्जिद ई हीरा, मोतीझील ऐशबाग लखनऊ, ने अपने नाम में परिवर्तन किया है। पूर्व में मेरा नाम मोहम्मद आमिर कुरैशी (MOHD AAMIR QURESHI) था, जिसे बदलकर अब मोहम्मद आमिर कुरैशी (MOHD AMIR QURESHI) कर लिया गया है। शासकीय अभिलेखों में अब नया नाम MOHD AMIR QURESHI मान्य होगा।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी सैयद कमर अली पुत्र सैयद अली, आयु लगभग 55 वर्ष, ग्राम मदारपुर, जिला अम्बेडकर नगर उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है। प्रार्थी का नाम कुछ दस्तावेजों में त्रुटिवश उसके पिता के नाम के साथ जोड़ कर सैयद कमर अली सैयद अली लिख गया है, जबकि प्रार्थी का सही नाम सैयद कमर अली है। भविष्य में प्रार्थी को उसके सही नाम सैयद कमर अली के नाम से ही जाना-पहचाना जाए। ज्ञात रहे कि उपरोक्त जानकारी वा विधिक औपचारिकताएं प्रार्थी द्वारा संपन्न की गयी हैं।

प्रार्थी

सैयद कमर अली ग्राम मदारपुर, जिला अम्बेडकर नगर, उत्तर प्रदेश

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम बबलू महमूद फरियाद अहमद था मैने अपना नाम बदलकर बबलू महमूद रख लिया है अब मुझे बबलू महमूद के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

बबलू महमूद पुत्र फरियाद अहमद ग्राम व पोस्ट - सिरसाल थाना - रानी की सराय जनपद - आजमगढ़ उत्तर प्रदेश-276207

## सूचना

मेरे पुत्र का नाम पासपोर्ट में SYED MOHAMMAD WASIF ZAIDI तथा आधार कार्ड में MOHD WASIF ZAIDI दर्ज है। अब से उसका सही नाम MOHD WASIF ZAIDI माना जाएगा। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

सैय्यद इक़बाल हैदर ज़ैदी

निवासी- मकान नं. 337/469, टापे वाली गली, नियर इज़ा हॉस्पिटल, चौक, लखनऊ।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम सै. सलमान अब्बास एवं पिता का नाम सरकार आलम था अब मैंने अपना नाम बदलकर सलमान अब्बास एवं पिता का नाम सै. सरकार आलम कर लिया है।

आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहित श्रीवास्तव मकान नं. 7/326 गांधी नगर शकलागंज, पोस्ट-गंगाघाट, कानपुर का हूं। मैं ताज एन्टरप्राईज में कल्क्शन करता हूं। मेरा आई कार्ड नम्बर 2530180 लखनऊ शहर में कहीं खो गया है। जिस किसी को भी मिले इस मोबाइल नंम्बर पर 8299787322 पर सूचित करे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर विचार गोष्ठी व सम्मान समारोह आयोजित किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** भारत विकास परिषद शाखा आजमगढ़ के तत्वाधान में प्रतिभा निकेतन स्कूल के सभागार स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर साप्ताहिक महोत्सव के अन्तर्गत विचार गोष्ठी व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती व विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि,दीप प्रज्ज्वलन कर वन्देमातरम् के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अवनीश कुमार सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर मर्यादा पुरुषोत्तम पी.जी. कालेज रतनपुरा मऊ रहें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आज युवाओं को स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन के आदर्शो को आत्मसात कर जीवन के लक्ष्य को सुगमता पूर्वक प्राप्त किया जा सकता है। प्रांतीय संयोजक सम्पर्क बद्री प्रसाद गुप्त ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद का जीवन समाज के युवाओं के लिए सशक्त मार्गदर्शन कर जीवन को गति व दिशा में देने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में साप्ताहिक महोत्सव के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न विद्यालयों में स्वामी विवेकानंद जी के विषय पर निबंध प्रतियोगिता व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर बच्चों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अशोक अग्रवाल जी को विकास रत्न बनने पर अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीताराम पाण्डेय,व संचालन अजय मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रमाकांत वर्मा, अशोक अग्रवाल, डां देवेश दूबे, विश्वनाथ अग्रवाल, सविता बरनवाल, आनन्द मोहन श्रीवास्तव, विरजा शंकर राय, डां राजेन्द्र श्रीवास्तव,वेदांती वर्मा, पुष्पा बरनवाल, नीलम अस्थाना,व विभिन्न विद्यालयों के बच्चों सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने बिखरे परिवारों को समझौते के माध्यम से एक सूत्र में बांधा

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली, परिसर स्थित परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई-किरण में बैठक आयोजित की गई बैठक में 07 पत्रावलियों के दोनों पक्षों को फोन/नोटिस द्वारा बुलाया गया, जिनमें 06 पत्रावलियों ने उपस्थिति दी। 02 प्रकरणों में पक्षों को कुशलता पूर्वक समझा-बुझाकर समझौता कराया गया समझौते मुख्यतः दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना से संबंधित थे इस पहल से बिखरे हुए परिवारों में सामंजस्य स्थापित हुआ और पारिवारिक न्यायालय का कार्यभार भी कम हुआ। शेष पत्रावलियों में दोनों पक्षों को आगामी तिथि पर मिडिएशन हेतु नोटिस/फोन द्वारा सूचित किया जाएगा। समझौता सफल प्रकरण (कुल 02) अर्चना मौर्य पत्नी वृजराज मौर्य, सा0 लेडुवा, थाना तहबरपुर, अरविन्द यादव पुत्र सिकानू यादव, सा0 बालापुर रामसारा, थाना जीयनपुर इस अवसर पर काउंसलर डॉ0 उमेशचन्द्र पाण्डेय, गिरीश सिंह पटेल उ0नि0 महेन्द्र प्रसाद तिवारी, प्रभारी परिवार परामर्श प्रकोष्ठ आरक्षी जितेन्द्र कुमार शाह, महिला आरक्षी प्रतिमा सिंह मौजूद रही।

## लावारिस व्यक्ति को प्रयास टीम ने समुचित इलाज के अस्पताल भेजा

**आजमगढ़।** नर सेवा नारायण सेवा को अंगीकार करते हुए प्रयास सामाजिक संगठन द्वारा लगातार सेवाओं को अंजाम दिया जा रहा है, उसी क्रम में आजमगढ़ रोडवेज स्थित एक लावारिस व्यक्ति जिसकी पीठ तथा पैर में सड़न हो गई थी।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम बबलू महमूद फरियाद अहमद था मैने अपना नाम बदलकर बबलू महमूद रख लिया है अब मुझे बबलू महमूद के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

बबलू महमूद पुत्र फरियाद अहमद ग्राम व पोस्ट - सिरसाल थाना - रानी की सराय जनपद - आजमगढ़ उत्तर प्रदेश पिन कोड 276207

# दीक्षा तिवारी और पीयूष सोनी ने जीता मिस और मिस्टर बादशाहपुर का खिताब

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** युवा डांस एकेडमी द्वारा आयोजित मिस और मिस्टर बादशाहपुर इंडियन कल्चरल सीजन 3 प्रतियोगिता का आयोजन कटरा मोहल्ला स्थित राधेश्याम पैलेस में हुआ। इस प्रतियोगिता में दीक्षा तिवारी और पीयूष सोनी ने क्रमशः मिस और मिस्टर सीनियर बादशाहपुर का खिताब जीता, जबकि ध्रुविका केसरवानी और आकर्ष सोनी ने मिस और मिस्टर जूनियर बादशाहपुर का खिताब हासिल किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र सिंह, प्रबंधक आलोक गुप्ता पिंटू, इंजीनियर उमाशंकर गुप्ता, राजन सिंह, राजकुमार ऊमरवैश्य, सुमन जायसवाल और सुषमा कुशवाहा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में 85 सीनियर और जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मंच पर उतरे सभी प्रतिभागियों ने मुंगराबादशाहपुर के 15 के दशक के परिधानों में प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। विजेताओं को प्रबंधक आलोक गुप्ता पिंटू, राजन सिंह और आयोजक पवन कुमार ने संयुक्त रूप से ट्राफी और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जागृति सिंह, आलख्या सिंह, माही केसरवानी, दीप सचान और ज्ञान श्रीवास्तव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। आयोजक पवन कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह दिया।इस अवसर पर सत्येंद्र सिंह (फंटू), आलोक कुमार गुप्ता पिंटू, राजन सिंह, इंजीनियर उमाशंकर गुप्ता, संदीप केसरी, संजय शुक्ला, अनुपम सिंह, सुमन जायसवाल, सुषमा कुशवाहा, आदित्य गुप्ता, विशाल सिंह, सत्यदेव सिंह, अश्वनी सिंह, रोहित जायसवाल और रोहित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप के वीरता की गाथा युगों-युगों तक प्रेरणादायक रहेगी: कृपाशंकर

- राजपूत सेवा समिति ने मनाया महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि, दी श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** राजपूत सेवा समिति जौनपुर द्वारा नगर के कालीचाबाद में स्थापित महाराणा प्रताप प्रतिमा पार्क में सोमवार को वीर शिरोमणि की पुण्यतिथि माल्यार्पण कर मनाया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान मेवाड़ के वीर योद्धा, त्याग, तपस्या व अदम्य साहस के प्रतीक, जिनकी वीरता की गाथा युगों-युगों तक प्रेरणादायक रहेगी, और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने राष्ट्र और स्वाभिमान की रक्षा के लिए उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर त्याग, बलिदान और वीरता का उच्चतम आदर्श स्थापित किया।

आगे उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं, जो केवल शासक नहीं बल्कि विचार बन जाते हैं। ऐसा ही एक नाम है महाराणा प्रताप। वे केवल मेवाड़ के राजा नहीं थे, बल्कि स्वाभिमान, स्वतंत्रता और आत्मसम्मान की जीवंत मिसाल थे। जब अधिकांश राजपूत शासक मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार कर चुके थे, तब महाराणा प्रताप ने घास की रोटियां खाकर, जंगलों में रहकर भी गुलामी को ठुकरा दिया। इस अवसर पर शशि मोहन सिंह क्षेम, अजीत सिंह, डा. सिद्धार्थ सिंह, सर्वेश सिंह, ,रविन्द्र प्रताप सिंह, डॉ विनोद सिंह,शशि सिंह, शशिकांत सिंह,अमर बहादुर सिंह, डॉ नवाब सिंह,धर्मेंद्र सिंह,अजय सिंह,राजेश सिंह,राम प्रताप सिंह विनीत सिंह श्याम राज सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सूदखोरों से परेशान रिटायर्ड बैंक कर्मचारी ने की आत्महत्या

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र के प्रयागपुरम मोहल्ले में रहने वाले एक दलित रिटायर्ड बैंककर्मी ने सूदखोरों से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार देर रात की है। पत्नी के शोर मचाने पर बेटे मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बच्चा लाल की मौत हो चुकी थी। परिजन घटना की सूचना देने के लिए नैनी थाने पहुंचे, लेकिन वहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं मिला। इसके बाद परिजन वापस लौटे और अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गए। इसी दौरान सूदखोर घर पहुंच गए और अंतिम संस्कार पर रोक लगा दी। घंटों चली पंचायत और हंगामे के बाद किसी तरह शव का अंतिम संस्कार कराया जा सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनी के प्रयागपुरम निवासी बच्चा लाल (65)स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद से कुछ दिन पहले ही रिटायर्ड हुए थे। वह अपनी पत्नी सीता देवी के साथ कच्चे मकान में रहते थे, जबकि उनके चार बेटे अरुण, राहुल, रजत और अरविंद सामने किराए के मकान में रहते हैं।

पत्नी सीता देवी के अनुसार, रिटायरमेंट के बाद बच्चा लाल ने कई लोगों से 10 से 12 लाख रुपए ब्याज पर उधार लिए थे। गुजारे के लिए वह सब्जी का ठेला लगाते थे, लेकिन कर्ज और ब्याज के दबाव के चलते लगातार तनाव में रहते थे। आए दिन सूदखोर घर पर आकर पैसे की मांग करते और दबाव बनाते थे।

रविवार रात बच्चा लाल ने खाना खाने के बाद अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। देर रात उन्होंने पत्नी को कमरे से बाहर कर दिया। कुछ देर बाद शोर सुनकर परिवार और मोहल्ले के लोग बाहर आए। जब किसी तरह कमरे के अंदर पहुंचे तो बच्चा लाल का शव बल्ली से साड़ी के फंदे के सहारे लटका मिला। परिजन आनन-फानन में शव को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह परिजन सूचना देने थाने पहुंचे, लेकिन वहां कोई मौजूद नहीं मिला। मजबूरन परिजन घर लौटे और अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे।

इसी बीच सूदखोर वहां पहुंच गए और कर्ज का हवाला देते हुए अंतिम संस्कार से रोक दिया। इसे लेकर काफी देर तक हंगामा और पंचायत चली। बाद में मोहल्ले के लोगों के समझाने पर अंतिम संस्कार किया जा सका।

## हत्यामामले में वांछित अभियुक्त गोली लगने से घायल, गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जनपद में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मुबारकपुर पुलिस और एक वांछित अभियुक्त के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया, जिसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार 17 जनवरी की रात प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि एक वांछित अभियुक्त अमिलो क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख अभियुक्त ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ नियंत्रित जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। घायल अभियुक्त की पहचान सालिम पुत्र हफीजुर्रहमान, निवासी अमिलो, थाना मुबारकपुर, उम्र लगभग 24 वर्ष के रूप में हुई है। उसे तत्काल काबू में लेकर प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुबारकपुर भेजा गया।

## डव सॉफ्ट लिमिटेड ने लॉन्च किया CPaaS 2.0, एआई-संचालित मल्टी-चैनल कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म

**नई दिल्ली।** डव सॉफ्ट लिमिटेड, एक तेजी से बढ़ता क्लाउड-कम्युनिकेशन्स और CPaaS प्रदाता, ने CPaaS 2.0 के लॉन्च की घोषणा की है। यह एआई-संचालित कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म उद्यमों को यूनिफाइड कम्युनिकेशन इकोसिस्टम के माध्यम से ग्राहक जुड़ाव को सरल, स्वचालित और स्केल करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। CPaaS 2.0 व्हाट्सएप, एसएमएस, आरसीएस, इंस्टाग्राम, वॉयस, ईमेल और एआई-संचालित बॉट्स को एक ही प्लेटफॉर्म पर यूनिफाइड वॉलेट द्वारा संचालित है। यह इंटीग्रेटेड अप्रोच बिलिंग को सरल बनाता है, पारदर्शिता बढ़ाता है और व्यवसायों को एक केंद्रीकृत डैशबोर्ड के माध्यम से स्केल पर कम्युनिकेशन मैनेज करने में सक्षम बनाता है। प्लेटफॉर्म आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग करके नियमित ग्राहक इंटरैक्शन्स को स्वचालित करता है, रिस्पॉन्स टाइम में सुधार करता है और चैनल उपयोग, परफोर्मेंस मेट्रिक्स तथा वॉलेट खपत में वास्तविक समय की दृश्यता प्रदान करता है। इसके वर्कफ्लो स्वचालित रूप से सबसे इफेक्टिव कम्युनिकेशन चैनल का चयन करते हैं, जिससे उद्यम लागतों को अनुकूलित कर सकें, जबकि प्राथमिक चैनल विफल होने पर बिल्ट इन फॉलबैक लॉजिक के माध्यम से मैसेज डिलीवरी सुनिश्चित होता है। CPaaS 2.0 दैनिक बिज़नेस कम्युनिकेशन को समर्थन देने के लिए एआई-सक्षम उपयोगिता टूल्स का एक सूट भी पेश करता है।

## रूबिक्स ग्रुप ने अपनी फ्रेंचाइज़ी यूपी डोमिनेटर्स के साथ प्रो रेसलिंग लीग की वापसी का ऐलान किया



**नोएडा।** रूबिक्स ग्रुप ने एक बार फिर कम्युनिटी-बेस्ड पार्टनरशिप और वर्ल्ड-क्लास स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म के लिए मानक ऊँचा किया है। भारत की प्रमुख फ्रेंचाइज़ी-आधारित प्रोफेशनल रेसलिंग लीग–प्रो रेसलिंग लीग – की वापसी को समर्थन देकर, रूबिक्स ग्रुप (रूबिक्स रियल्टी) के स्वामित्व वाली यूपी डोमिनेटर्स भारतीय कुश्ती के लिए वैश्विक मंच पर एक निर्णायक रीसेट साबित होने जा रही इस लीग में अग्रणी भूमिका निभाएगी रूबिक्स ग्रुप की यह भागीदारी उनके 'होम्स दैट बिल्ड चैंपियंस' विज़न का प्रतीक है, जो जमीनी स्तर की प्रतिभा और कम्युनिटी वेलनेस को एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच से जोड़ती है।प्रो रेसलिंग लीग के वापसी सीज़न का पहला अध्याय 3 जनवरी, 2026 को हुए प्लेयर ऑक्शन से शुरू हुआ। रूबिक्स ग्रुप की ऑक्शन रणनीति का फोकस स्टार पावर को होनहार प्रतिभा और अंतरराष्ट्रीय अनुभव के साथ संतुलित करना था। ग्रुप ने मौजूदा -20 वर्ल्ड चैंपियन और एशियन चैंपियन अंजित पंघाल (53 किग्रा) को रिकॉर्ड ?52 लाख में खरीदकर शानदार शुरुआत की। इसके बाद टीम में निशा दहिया (62 किग्रा) और विशाल कालिरामना (65 किग्रा) सहित अन्य शीर्ष भारतीय पहलवानों को शामिल किया गया। अंतरराष्ट्रीय अनुभव को मज़बूती देते हुए टीम में अरमान एंड्रेसियन (74 किग्रा) और वासिल मिखाइलोव (74 किग्रा) जैसे महत्वपूर्ण ग्लोबल रेसलर्स भी शामिल हैं, जो मिडलवेट कैटेगरी में बेहतरीन तकनीक और रणनीतिक विविधता लाते हैं। सुपर-हेवीवेट डिवीजन में जसप्रीत सिंह (125 किग्रा) की मौजूदगी टीम को अहम मजबूती देती है। साथ ही, सागर शर्मा (57 किग्रा), राहुल दलाल (57 किग्रा), ब्रिगेट मैरी ड्यूटी (57 किग्रा) और ओजो डामोला हन्ना (76 किग्रा) जैसे युवा और दीर्घकालिक विकास क्षमता वाले एथलीट भी टीम का हिस्सा हैं। डोमिनेटर्स को एक अनुभवी भारतीय कोचिंग बेंच का मार्गदर्शन मिलेगा, जिसमें पूर्व ओलंपियन और 11-बार के नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट विनोद कुमार (हेड कोच - फ्रीस्टाइल) के साथ NIS डिप्लोमा होल्डर एवं UWW लेवल-1 और लेवल-2 सर्टिफाइड कोच प्रदीप कुमार शामिल हैं। यह प्रोफेशनल कोचिंग संरचना पारंपरिक कुश्ती मूल्यों को आधुनिक कंडीशनिंग, तकनीकी प्लानिंग और मैच-रेडी अप्रोच से जोड़ती है। रूबिक्स ग्रुप के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर सुहान शेट्टी ने कहा कुश्ती भारत का मूल अनुशासन वाला खेल है, जो अखाड़ों में गढ़ी जाती है, त्याग से कमाई जाती है और साहस से मनाई जाती है। प्रो रेसलिंग लीग (PWL) की वापसी सिर्फ एक नया सीज़न नहीं है; यह हमारी स्वदेशी खेल विरासत को दुनिया के सामने लाने का एक राष्ट्रीय अवसर है।

यूपी डोमिनेटर्स के माध्यम से, रूबिक्स ग्रुप ब्रांडिंग से कहीं आगे बढ़कर स्वस्थ कम्युनिटीज़ बनाने, युवाओं के लिए रास्ते खोलने, महिलाओं की भागीदारी को समर्थन देने और जमीनी स्तर से चैंपियनशिप इकोसिस्टम तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त हुई तिमाही और नौ महीने के लिए आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के वित्तीय नतीजे किये घोषित

**लखनऊ।** आज आईडीबीआई बैंक ने वित्तवर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा कर दी। वित्तवर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में बैंक ने 1,935 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। बैंक ने 1,917 करोड़ रुपये का संचालन लाभ दर्ज किया। शुद्ध ब्याज मार्जिन (एन.आई.एम) 3.52% रहा। वित्तवर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के लिए जमा लागत 4.62% थी, जो वित्तवर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में दर्ज 4.62% के बराबर है। सी.आर.ए.आर में साल-दर-साल 265 बीपीएस की बढ़ोत्तरी हुई और यह 24.63% रहा। वित्तवर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के लिए एसेट्स पर रिटर्न (ROA) 1.83% है, जो वित्तवर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 1.99% था। इक्विटी पर रिटर्न 14.49% दर्ज हुआ। 31 दिसंबर, 2025 तक बैंक ने 0.18% का शुद्ध एनपीए अनुपात दर्ज किया। 31 दिसंबर, 2025 को बैंक का सकल एनपीए अनुपात 2.57% था, जो 31 दिसंबर, 2024 में दर्ज 3.57% से 100 बीपीएस कम है। 31 दिसंबर, 2025 तक बैंक ने 99.33त्न का प्रोविज़न कवरेज अनुपात दर्ज किया, जो 31 दिसंबर, 2024 को 99.47% था।साल-दर-साल 12% की वृद्धि के साथ 5,46,643 करोड़ रुपये का कुल व्यवसाय किया कुल जमा 9% की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 3,07,858 करोड़ रुपये रही।शुद्ध एडवांस 2,38,786 रुपये था, जो साल-दर-साल 15% अधिक था।प्रोविज़न कवरेज अनुपात (पीसीआर) 99.33त्न रहा। कासा साल-दर-साल 4% की वृद्धि करते हुए 1,35,632 करोड़ रुपये दर्ज हुआ।

## एचडीएफसी बैंक के तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम: दिसंबर तिमाही में एचडीएफसी बैंक का मुनाफा 11.5% बढ़ा

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने शनिवार, 17 जनवरी, 2026 को मुंबई में हुई अपनी मीटिंग में 31 दिसंबर, 2025 को खत्म हुई तिमाही और नौ महीनों के लिए बैंक के नतीजों को मंज़ूरी दी। बैंक के स्टैच्यूटरी ऑडिटर्स ने इन अकाउंट्स का लिमिटेड रिव्यू किया है। एचडीएफसी बैंक के तीसरी तिमाही के परिणाम: एचडीएफसी बैंक ने दिसंबर तिमाही में मुनाफे और आय में सालाना आधार पर अच्छी बढ़त दर्ज की है। बैलेंस शीट मजबूत हुई है और एसेट क्वालिटी में भी सुधार दिखा है।

देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंकों में शुमार एचडीएफसी बैंक ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश कर दिए हैं। दिसंबर तिमाही के आंकड़े बताते हैं कि बैंक ने मुनाफे, आय और बैलेंस शीट-तीनों मोर्चों पर स्थिर प्रदर्शन बनाए रखा है। QxFY26 में एचडीएफसी बैंक का स्टैंडअलोन शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 18,653.75 करोड़ पहुंच गया। पिछले साल इसी तिमाही में यह मुनाफा 16,735.50 करोड़ था। यह बढ़त दिखाती है कि चुनौतीपूर्ण हालात के बावजूद बैंक की कोर कमाई मजबूत बनी हुई है।

बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम यानी NII में भी सालाना आधार पर 6.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह बढ़कर 32,615 करोड़ हो गई, जो पिछले साल इसी तिमाही में 30,653 करोड़ थी। इससे साफ है कि लोन और डिपॉजिट के बीच संतुलन बैंक के पक्ष में रहा। एचडीएफसी बैंक ने बताया कि उसका कोर नेट इंटरेस्ट मार्जिन कुल एसेट्स के आधार पर 3.35 प्रतिशत रहा, जबकि इंटरेस्ट कमाने वाले एसेट्स पर यह 3.51 प्रतिशत पर बना रहा। मौजूदा प्रतिस्पर्धा और फंडिंग कॉस्ट के माहौल में यह स्तर बैंक के लिए संतोषजनक माना जा रहा है। प्रोविजन और कंटिन्जेंसी से पहले बैंक का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 8.4 प्रतिशत बढ़कर 27,097.80 करोड़ हो गया। वहीं, इस तिमाही में प्रोविजंस घटकर 2,837.9 करोड़ रह गए, जो पिछले साल की तुलना में करीब 10 प्रतिशत कम हैं। ग्रॉस एनपीए सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत घटकर 35,178.98 करोड़ रह गए, जो पिछले साल 36,018.58 करोड़ थे। हालांकि, नेट एनपीए में हल्की बढ़ोतरी देखी गई। इसके बावजूद, ग्रॉस एनपीए रेश्यो 1.24 प्रतिशत और नेट एनपीए रेश्यो 0.42 प्रतिशत पर आ गया, जो पहले के मुकाबले बेहतर स्थिति दिखाता है। 31 दिसंबर 2025 तक बैंक का कुल बैलेंस शीट साइज बढ़कर 40,890 बिलियन हो गया, जो एक साल पहले 37,590 बिलियन था। औसत डिपॉजिट में 12.2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जबकि CASA डिपॉजिट भी करीब 10 प्रतिशत बढ़े।

बैंक की ग्रॉस एडवांस दिसंबर 2025 के अंत तक 28,446 बिलियन पर पहुंच गईं। रिटेल लोन में 6.9 प्रतिशत, छोटे और मिड-मार्केट एंटरप्राइज लोन में 17.2 प्रतिशत और कॉरपोरेट व अन्य होलसेल लोन में 10.3 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की गई। ओवरसीज एडवांस कुल लोन बुक का छोटा हिस्सा बने रहे। कंसॉलिडेटेड आधार पर बैंक का मुनाफा सालाना आधार पर 12.2 प्रतिशत बढ़कर 19,806.63 करोड़ हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 17,656.61 करोड़ था।

## पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया पराग पारिख लार्ज कैप फंड

**नई दिल्ली।** पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड ने आज पराग पारिख लार्ज कैप फंड के न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) की शुरुआत की। यह एनएफ़ओ 30 जनवरी 2026 को बंद होगा, जबकि योजना 6 फ़रवरी 2026 से दोबारा निवेश के लिए खुलेगी। यह फंड हाउस की स्थापना के बाद पेश की गई सातवीं योजना है। यह योजना निवेशकों को कम लागत में, व्यापक लार्ज-कैप एक्सपोज़र उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखती है। इसके तहत ऐसी निवेश रणनीति अपनाई जाएगी जिससे ट्रेडिंग और इम्पैक्ट लागत को नियंत्रित किया जा सके और समय के साथ पोर्टफोलियो को इसके बेंचमार्क के क़रीब रखा जा सके। योजना में कुशल निवेश साधनों का उपयोग करते हुए एक्टिव शेयर को सीमित रखा जाएगा।इस योजना में न्यूनतम निवेश राशि 1,000 रूपये होगी और उसके बाद 1 रूपये के गुणकों में निवेश किया जा सकेगा। योजना में कोई एंट्री या एग्ज़िट लोड नहीं होगा। डायरेक्ट और रेगुलर–दोनों योजनाओं में ग्रोथ तथा इनकम डिस्ट्रीब्यूशन कम कैपिटल विदड्रॉल विकल्प उपलब्ध होंगे। पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड के चेयरमैन एवं सीईओ नील पराग पारिख ने कहा, कई निवेशक पारदर्शी, कम लागत और स्थिर लार्ज-कैप निवेश के अवसर की तलाश में रहते हैं। यह फंड इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉन्च किया गया है, जिसमें स्मार्ट निष्पादन और लागत दक्षता पर ज़ोर दिया गया है, जिसका लाभ सीधे निवेशकों तक पहुँचेगा। इस योजना का प्रबंधन राजीव ठक्कर, रौनक ओंकार, राज मेहता, रुकुन ताराचंदानी, तेजस सोमन और ऐश्वर्या धर द्वारा किया जाएगा।पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड के ईवीपी एवं फंड मैनेजर रुकुन ताराचंदानी ने बताया कि यह योजना लागत-कुशल तरीके से निवेश के लिए निम्न रणनीतियाँ अपना सकती है डिस्काउंट पर सिंगल स्टॉक फ्यूचर्सः जब किसी शेयर का नज़दीकी महीने का फ्यूचर उसके मौजूदा (स्पॉट) भाव से कम दाम पर मिल रहा हो, तो तय नियमों और सीमाओं के भीतर ऐसे फ्यूचर्स के ज़रिये निवेश किया जा सकता है, जिससे लागत के लिहाज़ से बेहतर फायदा मिलता है।डिस्काउंट पर इंडेक्स फ्यूचर्स अगर इंडेक्स फ्यूचर्स, इंडेक्स के मौजूदा स्तर से नीचे ट्रेड कर रहे हों, तो बेहतर एक्सपोज़र पाने के लिए इन फ्यूचर्स का उपयोग किया जा सकता है। मर्जर से जुड़ा आर्बिट्राज़ जब किसी इंडेक्स की कंपनी का किसी दूसरी कंपनी के साथ विलय हो रहा हो, तो घोषित मर्जर अनुपात के मुकाबले कम दाम पर उपलब्ध शेयरों में, तय अनुमेय सीमाओं के भीतर, निवेश का अवसर मिल सकता है। स्मार्ट री-बैलेंसिंग निफ़्टी 100 के शेयरों में बदलाव होने पर, इंडेक्स की तय तारीख पर एक साथ बदलाव करने के बजाय, बेहतर निष्पादन के लिए धीरे-धीरे और चरणों में री-बैलेंसिंग की जा सकती है। सीमित अवसरवादी एक्टिव शेयर डीमर्जर या अन्य विशेष कॉर्पोरेट घटनाओं के समय, तरलता और लागत पर नियंत्रण रखने के लिए निवेश में धीरे-धीरे प्रवेश और निकास किया जा सकता है।

## नैसकॉम इनडीड की रिपोर्ट - 2027 तक काम का भविष्य मानव + ए.आई से तय होगा

**नई दिल्ली।** आज नैसकॉम और इनडीड ने अपनी वार्षिक फ्यूचर ऑफ वर्क रिपोर्ट 2025, ''वर्क रिइमेजींडः द राईज़ ऑफ ह्यूमन - ए.आई कोलोबोरेशन'' जारी की। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि संगठन किस प्रकार अपने दैनिक कामों में ए.आई का उपयोग कर रहे हैं। नियोक्ताओं और नौकरी के इच्छुकों के लिए ए.आई क्या मायने रखती है, जब कार्य क्रियान्वयन से नतीजों में परिवर्तित हो रहा है। लगभग सभी एच.आर लीडर्स (97 प्रतिशत) का अनुमान है कि साल 2027 तक काम मनुष्यों और ए.आई के मिलकर काम करने से तय होगा, न कि कभी-कभी ए.आई के उपयोग से। यह एक परिवर्तन का संकेत है। ए.आई अब एक सप्लीमेंट्री टूल नहीं, बल्कि दैनिक काम, वर्कफ्लो और डिसीज़न-मेकिंग की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है। इस रिपोर्ट में सामने आया कि टेक्नोलॉजी संगठनों में 20 से 40 प्रतिशत काम ए.आई द्वारा निपटाया जा रहा है। 45 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि 40 प्रतिशत से अधिक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट ए.आई द्वारा किया जा रहा है। इंटैलिजेंट ऑटोमेशन द्वारा 37 प्रतिशत और बी.पी.एम द्वारा 37 प्रतिशत काम निपटाया जा रहा है। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि ए.आई स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर सकता है। आधे से अधिक उत्तरदाताओं ने अधूरे और कम गुणवत्ता के आउटपुट की शिकायत की, जिससे इस बात को बल मिलता है कि मानव निगरानी महत्वपूर्ण बनी रहेगी। मनुष्यों और ए.आई द्वारा मिलकर काम करने का यह मॉडल इस परिवर्तन का अगला चरण होगा, जिसमें सफलता इस बात से तय होगी कि ए.आई से मानव क्षमताएं कितनी बढ़ती हैं, कर्मचारी कितने सशक्त बनते हैं और यह संगठन के उद्देश्यों से कितना तालमेल बनाता है। इस रिपोर्ट में सामने आया कि सबसे ज्यादा प्रभावशाली मानव+ए.आई सहयोग उच्च क्रम की गतिविधियों, जैसे स्कोप परिभाषा, सिस्टम आर्किटेक्चर, और डेटा मॉडल डिज़ाईन में संभव हो रहा है। साथ ही, ज्यादा रूटीन काम और बार-बार होने वाले काम, जैसे बॉयलरप्लेट कोड जनरेशन और यूनिट टेस्ट क्रिएशन भी अगले दो से तीन सालों में ए.आई द्वारा ऑटोमेट कर दिए जाएंगे।नैसकॉम की हेड ऑफ रिसर्च, केतकी कर्णिक ने कहा, ''टेक्नोलॉजी उद्योग में ए.आई कोई भविष्य की टेक्नोलॉजी नहीं है। काम करने के लिए इसका उपयोग पहले से किया जा रहा है। वास्तविक अवसर तो यह है कि लोगों को ए.आई की मदद से प्रभावशाली नतीजे देने के लिए कैसे तैयार किया जाएगा। ए.आई का उपयोग जैसे-जैसे बढ़ेगा, कौशल और क्षमता निर्माण का महत्व बढ़ता जाएगा, ताकि प्रतिभाशाली कर्मचारी वैल्यू चेन में आगे बढ़ते जाएं और व्यवसाय के लिए बेहतर नतीजे प्रदान करें।''

## गीग वर्कर्स के लिए डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम भारत पेट्रोलियम प्लांट कुर्सी रोड में संपन्न हुआ

**लखनऊ।** लखनऊ शहर में गिग वर्कर्स को डिजिटल एवं वित्तीय रूप से जागरूक बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन महिंद्रा फाइनेंस एवं NIIT foundation के सहयोग से चल रहा है इसी कार्यक्रम मे के दौरान भारत पेट्रोलियम प्लांट कुर्सी रोड में एक कार्यक्रम संपन्न हुआ, कार्यक्रम की शुरुआत NIIT फाऊंडेशन के मुख्य वित्तीय प्रशिक्षक रितेश शर्मा ने की , रितेश जी ने कार्यक्रम के दौरान वहां उपस्थित ड्राइवर को बीमा वित्तीय अनुशासन लोन एवं डिजिटल धोखाधड़ी के बारे में विस्तार पूर्वक एवं बड़े ही रोचक तरीके से बताया साथ ही सरकार द्वारा चल रही विभिन्न योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति ,बीमा योजना के बारे में भी अवगत किया, वहां उपस्थित गिग वर्कर्स जिसमें ड्राइवरों, कंडक्टर्स एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे लोगों ने कार्यक्रम को समझा एवं सराहना की सभी ने डिजिलॉकर की उपयोगिता को विशेष रूप से समझा एवं NIIT foundation के कार्यकर्ता मनोज यादव के सहयोग से अपने फोन में उसको नामांकित किया एवं हो रहे फ्रॉड की जानकारी प्राप्त की एवं कार्यक्रम की सराहना की वहां उपस्थित 50 ड्राइवर ने इस धन संवाद कार्यक्रम का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया

## एल-कार्निटीन युक्त ग्रीन टी के साथ करें नए साल के वेलनेस लक्ष्यों की शुरुआत

**नई दिल्ली।** नया साल शुरू होते ही हम में से कई लोग अपने वजन पर नियंत्रण और बेहतर सेहत के लिए आसान और टिकाऊ तरीकों की तलाश करते हैं।

ऐसी ही एक सरल, रोज़मर्रा की आदत है–अपनी नियमित चाय की जगह एल-कार्निटीन युक्त ग्रीन टी को अपनाना, जो बॉडी फेट को कम करने में मदद करने के लिए जानी जाती है।

नई टेटली ग्रीन टी स्लिम केयर रेंज में प्रीमियम ग्रीन टी पत्तियों के प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ एल-कार्निटीन जोड़ा गया है, जो संतुलित आहार और नियमित शारीरिक गतिविधि के साथ मिलकर बॉडी फेट को कम करने में मदद करता है।

इसका नतीजा है एक ताज़गीभरा पेय, जो आपकी रोज़मर्रा की दिनचर्या में आसानी से शामिल हो जाता है और आपकी फिटनेस और वजन को मेनेज करने की कोशिशों को सहारा देता है। यह ताज़गी देने वाले दो फ्लेवर में उपलब्ध है–लेमन एंड हनी और जिंजर मिंट लेमन।

यह मिश्रण आपके लक्ष्यों पर लगातार बने रहना आसान बनाता है, चाहे आप सजग खानपान पर ध्यान दे रहे हों,

दिन भर हल्का महसूस करना चाहते हों, या तेज़ चाल से टहलने से लेकर नियमित वर्कआउट तक अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ाना चाहते हों।

एल-कार्निटीन, जब संतुलित आहार और नियमित शारीरिक गतिविधि के साथ लिया जाता है, तो बॉडी फेट को कम करने में सहायक होता है।

यह केवल एक ब्रांड नाम है और इसके वास्तविक स्वरूप का प्रतिनिधित्व नहीं करता।

## इंडस टावर्स के वृक्षारोपण और आजीविका प्रोग्राम ने उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में जलवायु संरक्षण एवं ग्रामीण समृद्धि को किया प्रोत्साहित

**बरेली।** दुनिया की सबसे बड़ी टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में से एक, इंडस टावर्स लिमिटेड ने सस्टेनेबल ग्रीन इनिशिएटिव फाउंडेशन (एसजीआईएफ) के सहयोग से, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण के ज़रिए पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। अपने मुख्य सीएसआर प्रोग्राम 'प्रगति' के तहत, इंडस टावर्स ने छोटे और सीमांत किसानों की ज़मीनों पर 60,000 फल वाले पेड़ लगाने में मदद की है, जिससे पूर्वी उत्तर प्रदेश के इस संसाधन-संवेदनशील क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और आजीविका के सुधार में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। यह प्रोग्राम भारत सरकार के नेशनल एक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज और ग्रीन इंडिया मिशन के अनुरूप काम करते हुए सुनिश्चित करता है कि वृक्षारोपण के प्रयास-जलवायु संरक्षण, जैव विविधता में सुधार तथा ग्रामीण स्थायित्व के राष्ट्रीय लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करें। वृक्षारोपण के वैज्ञानिक तरीकों, फील्ड की सख्त निगरानी और समुदाय की भागीदारी के ज़रिए यह पहल किसानों के खेतों को फल उगाने वाले बागानों में बदल देती है। इससे उन्हें न सिर्फ लम्बे समय के लिए आजीविका के स्रोत मिलते हैं, बल्कि जलवायु संरक्षण में भी सहयोग मिलता है। कुल मिलाकर ये प्रयास क्षेत्र में पर्यावरण के स्वास्थ्य में सुधार लाते हैं। इस पहल पर पर बात करते हुए तेजिन्दर कालरा, सीओओ, इंडस टावर्स लिमिटेड ने कहा, ''इंडस टावर्स में हमारा मानना है कि पर्यावरण की सुरक्षा और ग्रामीण प्रगति दोनों एक साथ जारी रहने चाहिए। सोनभद्र में हमारा वृक्षारोपण अभियान दर्शाता है कि वैज्ञानिक तरीकों से वृक्षारोपण, समुदाय के सहयोग और निरंतर क्षमता निर्माण के द्वारा पारिस्थितिक एवं आर्थिक दोनों स्तरों पर सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। छोटे एवं सीमांत किसानों को फल वाले पेड़ लगाने में सहयोग प्रदान कर, हम जलवायु संरक्षण में योगदान दे रहे हैं, साथ ही किसानों को भी गरिमा के साथ स्थायी आजीविका कमाने में सक्षम बना रहे हैं। देश भर में हमारे प्रयास हरित, सशक्त एवं अधिक प्रत्यास्थ समुदायों के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।''सोनभद्र में वृक्षारोपण अभियान के दौरान किसानों को बागवानी के बेहतर ज्ञान एवं खेती के पर्यावरण अनुकूल तरीकों के साथ सशक्त बनाने पर ज़ोर दिया गया। प्रशिक्षण सत्रों, फील्ड डेमोन्स्ट्रेशन तथा प्रासंगिक सरकारी विभागों के सहयोग से किसानों को मिट्टी की तैयारी, पौधों के पोषण, सिंचाई की योजना एवं बागान प्रबन्धन के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। वहीं दूसरी ओर महिला सदस्यों ने भी खेती के ज़रिए परिवार को सहयोग प्रदान कर तथा समुदाय में पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस पहल के व्यापक प्रभावों पर रोशनी डालते हुए श्री दुर्गेश रतुरी, डायरेक्टर, सस्टेनेबल ग्रीन इनीशिएटिव फाउन्डेशन ने कहा, ''सोनभद्र में यह प्रोग्राम दर्शाता है कि कैसे सुनियोजित वृक्षारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता में सुधार लाकर ग्रामीण समुदायों के लिए आजीविका के मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

## माननीय मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता जी ने गोमती नगर विस्तार में इपॉक्सी फर्नीचर ब्रांड 'लग्जरवुड' शोरूम का शुभारंभ किया



**लखनऊ।** इपॉक्सी फर्निचर के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट और प्रीमियम पहचान बना चुके ब्रांड 'लग्जरवुड' के पहले शोरूम का भव्य शुभारंभ आज राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार में संपन्न हुआ। इस अत्याधुनिक शोरूम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री माननीय श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' जी द्वारा किया गया। सदर तहसील के निकट स्थित इस नए शोरूम में इपॉक्सी तकनीक से निर्मित प्रीमियम, आधुनिक एवं कस्टम-मेड फर्निचर की आकर्षक श्रृंखला उपलब्ध है। शोरूम में इपॉक्सी डाइनिंग टेबल, सेंटर टेबल, ऑफिस फर्निचर, विशेष रूप से तैयार किया गया वुडन फर्निचर तथा आधुनिक इंटीरियर के अनुरूप एक्सक्लूसिव डिज़ाइन्स प्रदर्शित किए गए हैं। प्राकृतिक लकड़ी की खूबसूरती और इपॉक्सी आर्ट का अनूठा संगम लग्जरवुड को एक अलग पहचान प्रदान करता है। उद्घाटन समारोह के दौरान माननीय मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता जी ने शोरूम का अवलोकन करते हुए लग्जरवुड की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। *जेवर एयरपोर्ट के समीप फॉक्सकॉन सहित चार बड़ी कंपनियों द्वारा सेमीकंडक्टर फैब जैसे उत्पादों के निर्माण में लगभग 10,000 करो ड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है, जिससे देश की आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नवाचार-आधारित उद्योग स्थानीय युवाओं और कारीगरों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करते हैं तथा लखनऊ जैसे शहरों को व्यापार और डिज़ाइन के नए केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर लग्जरवुड के संस्थापक एवं लखनऊ निवासी श्री अमिताभ जौहरी ने बताया कि ब्रांड का उद्देश्य लखनऊ से शुरुआत कर प्रदेश एवं देशभर में इपॉक्सी फर्निचर को एक नई और विशिष्ट पहचान दिलाना है। उन्होंने कहा कि लग्जरवुड गुणवत्ता, मजबूती और डिज़ाइन के मामले में किसी भी अंतरराष्ट्रीय ब्रांड से कम नहीं है तथा ग्राहकों की पसंद के अनुसार कस्टमाइज़्ड फर्निचर उपलब्ध कराना इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में इपॉक्सी फर्निचर की लागत अन्य देशों की तुलना में कम है, जबकि इसकी गुणवत्ता और फिनिश अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है।

इसी कारण भविष्य में लग्जरवुड के उत्पादों के निर्यात की व्यापक संभावनाएँ हैं और आने वाले समय में ब्रांड अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की दिशा में कदम बढ़ाएगा, जिससे 'मेक इन इंडिया' को वैश्विक पहचान मिलेगी। कार्यक्रम में आर्क-एन-डिज़ाइन के प्रमुख आर्किटेक्ट श्री अशोक कुमार, लखनऊ आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आर्किटेक्ट प्रशांत पाल सिंह, आईआईआईडी लखनऊ के चेयरमैन आर्किटेक्ट अविरल अग्रवाल, तथा आईआईए उत्तर प्रदेश चैप्टर के महासचिव आर्किटेक्ट देवेश मणि त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश ग्लोबल मेडटेक हब बनने की दिशा में अग्रसर



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एक मैन्युफैक्चरिंग की भरोसेमंद डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा है, जिसे मजबूत गवर्नेंस, बिजनेस सुलभता और मजबूत लॉजिस्टिक्स ढांचे का प्रोत्साहन मिला है। संस्थागत क्षमता बनाने के लिए राज्य की सक्रिय प्रतिबद्धता लंबे समय के औद्योगिक निवेश के लिए एक मजबूत और उच्च विकास का माहौल बना रही है। मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन श्री पवन चौधरी ने लगातार निवेश, मैन्युफैक्चरिंग के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और आरएंडडी पर ग्लोबल नजरिया प्रस्तुत करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मेडटेक मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकता है। एक मजबूत हॉस्पिटल नेटवर्क और उत्तर प्रदेश का हैल्थकेयर फुटप्रिंट वास्तव में बहुत शानदार है। शहर नदी किनारे बसे; मेडटेक क्लस्टर हॉस्पिटल हब के आस-पास बढ़ते हैं। मेडिकल टेक्नोलॉजी वहीं फलती-फूलती है जहाँ एक बड़ा, सक्रिय हैल्थकेयर डिलीवरी सिस्टम होता है, क्योंकि वहीं टेक्नोलॉजी का परिक्षण किया जाता है, बेहतर बनाया जाता है, उसकी पुष्टि की जाती है और जिम्मेदारी से बढ़ाया जाता है। लखनऊ, कानपुर और मेरठ में स्थित प्रमुख संस्थानों के सहारे खड़ी उत्तर प्रदेश की व्यापक स्वास्थ्य व्यवस्था, और आयुष्मान भारत के व्यापक नेटवर्क से मिलने वाली मजबूती, मेडटेक मैन्युफैक्चरिंग के लिए महत्वपूर्ण विस्तार और मांग उपलब्ध कराती है।

# उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

- जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु व श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न
- 1200 करोड़ के जीबीसी लक्ष्य पर जोर



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के उद्यमियों एवं व्यापारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

बैठक में मेसर्स विशाल ट्रेडिंग कम्पनी, मुसहर बस्ती, जंगल बेलवां, पडरौना के इकाई स्थल के संपर्क मार्ग के पक्के निर्माण एवं चौड़ीकरण के संबंध में नगर पालिका द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यादेश जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। मेसर्स सीएससी कुशीनगर सठियांव यूपी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, सठियांव, फाजिलनगर के संपर्क मार्ग निर्माण के प्रकरण में जिलाधिकारी द्वारा नगर पंचायत फाजिलनगर को बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित कर टेंडर की प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मेसर्स बुद्धा वाटर पार्क एवं रिसॉर्ट, एनएच-28, भैंसहां के लंबित धारा 80 प्रकरण में कार्य पूर्ण पाए जाने पर प्रकरण को समाप्त किए जाने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार मेसर्स खट्टर एडिबिल्स, रामपुर बगहां, कप्तानगंज की विद्युत आपूर्ति समस्या के समाधान की जानकारी देते हुए बताया गया कि नवीन उपकेंद्र भड़सर खास चालू हो जाने से समस्या का पूर्ण समाधान हो गया है, जिस पर समिति द्वारा प्रकरण समाप्त किया गया। मेसर्स गुरु इंटरप्राइजेज, कसया के इकाई स्थल संपर्क मार्ग के पक्के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को शीघ्र प्राक्कलन तैयार कर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। मिनी औद्योगिक स्थान नदवां विशुनपुर, फाजिलनगर में गाटा संख्या सुधार का कार्य पूर्ण होने पर उद्यमी संगठन द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। मिनी औद्योगिक स्थान सरगटिया करनपट्टी, दुदही में विद्युत आपूर्ति सुधार के संबंध में आवश्यक तकनीकी जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने एवं ट्रांसफार्मर स्थापना के निर्देश दिए गए। गोला बाजार, कसया स्थित उद्योग विभाग के पुराने प्रशिक्षण केंद्र के पुनर्निर्माण का कार्य अतिक्रमण हटाकर प्रारंभ कराए जाने की जानकारी दी गई, जिस पर प्रकरण समाप्त किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, ओडीओपी एवं एमवाईएसवाई योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को लक्ष्य पूर्ति में सकारात्मक सहयोग देने के निर्देश दिए। साथ ही जीबीसी 5 के अंतर्गत विभिन्न विभागों को आवंटित ?1200 करोड़ के लक्ष्य को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए कृषि, पर्यटन, आयुष, बेसिक शिक्षा, गन्ना, मत्स्य, खाद्य सुरक्षा, राजस्व, नगर विकास सहित संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

## नहर में मिला शव, शिनाख्त के प्रयास में जुटी पुलिस

**जामों।** शारदा सहायक खंड-49की बड़ी नहर में सोमवार को एक अज्ञात शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

सोमवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंधवा मजरे रेसी में बंधवा के पास शारदा सहायक खंड 49 बड़ी नहर के बांध में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नहर के बांध में फसा शव को स्थानीय और राहगीरों ने देखा जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को नहर से बाहर निकलवाकर कब्जे में ले लिया। पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस भेज दिया। मृतक पैंट और टीशर्ट पहने हुए था। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। पुलिस आस पास के क्षेत्रों में गुमशुदा लोगों की जानकारी जुटा रही है जिससे कि मृतक व्यक्ति पहचान की जा चुकी है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बधवा के पास नहर के बांध पर एक अज्ञात शव मिला है, जिसकी पहचान की जा रही है।

# स्वच्छता का नारा, सड़क पर कूड़ा : 40 लाख की एमआरएफ यूनिट बनी शो पीस



हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर पकड़ी मदरहां गांव के समीप गिराया जा रहा नगर का कूड़ा



वार्ड नंबर 8 में शो पीस बना एमआरएफ सेंटर

**अवधनामा संवाददाता**

- वार्ड नंबर 8 (बहुआस धुस) पर बना है एमआरएफ

**मथौली, कुशीनगर।** नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 8 इंदिरा नगर (बहुआस) में बना लाखों का कूड़ा निस्तारण केंद्र शो पीस बनकर रह गया है। नगर का कूड़ा व कचरा नगर पंचायत की गाड़ी से सेंटर पर न गिराकर हाटाङ्कप्तानगंज मार्ग पर पकड़ी मदरहां गांव के समीप सड़क किनारे पटरी पर गिराया जा रहा है। जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका है, वहीं बदबू से राहगीरों को आवागमन में भी काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

बता दें कि नगर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा बनाने के लिए नगर पंचायत की तरफ से करीब ढाई साल पहले लगभग 40 लख रुपए की लागत से वार्ड नंबर 8 इंदिरा नगर (बहुआस) में कूड़ा निस्तारण केंद्र (एमआरएफ) बनाया गया है। आज वर्तमान में शो पीस बनकर रह गया है। नगर पंचायत में कूड़ा धोने वाली लगभग आधा दर्जन गाड़िया है। इन गाड़ियों का कार्य नगर के सभी वार्डों में घूमकर कूड़ा एकत्र करना और कूड़ा निस्तारण केंद्र पर गिराना है, लेकिन ऐसा न करके वार्ड नंबर 16 हाटाङ्कप्तानगंज मार्ग के दोनों तरफ पकड़ी मदरहां गांव के समीप सड़क की पटरियों पर गिराया जा रहा है। उधर पकड़ी मदरहां गांव के लोगों का कहना है कि मथौली नगर के लोगों के घरों से निकलने वाला कूड़ा करकट जहां तहां लोगों की खाली जमीन पड़ी है वही फेंक दिया जा रहा है। इसमें अधिकतर प्लास्टिक के कचरा रहता है। ज्यादा होने पर इसमें आग लगा दिया जाता है। इससे निकली वाली जहरीली गैस लोगों के घरों में जाती है। इससे स्वांस के बीमारियों की फैलने की अंदेशा बना रहता है।

# एक ही चिता पर खत्म हुई अरुण और नेहा की प्रेम कहानी

- अजब प्रेम की गजब कहानी : चार माह में ही जीवन लीला समाप्त





**अवधनामा संवाददाता**

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के किनवारी बड़ई टोला में रविवार की देर रात दिल दहला देने वाली घटना ने सबको झंकझोर कर रख दिया। अभी चार माह पूर्व हुई इस प्रेम विवाह ने क्षणिक भर में अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। सोमवार को एक ही चिता पर दोनों का अंतिम संस्कार हुआ तो परिजन फुट फुटकर रो पड़े।

बता दें कि उक्त गांव निवासी अरुण शर्मा (22) वर्ष पुत्र हरिंदर शर्मा निवासी तरया सुजान तथा नेहा भारती (19) वर्ष निवासी बरियापट्टी, थाना विशुनपुरा के बीच काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब चार माह पूर्व दोनों ने परिजनों के मर्जी के खिलाफ मंदिर में विवाह कर लिया था। बाद में दोनों तरया सुजान आकर रहने लगे, जहां अरुण एक कपड़े की दुकान पर नौकरी करता था। परिजन इस विवाह से नाराज़ थे, जिस कारण दोनों को घर की छत पर बने एक अलग कमरे में रहने दिया गया था। रविवार की शाम करीब नौ बजे दोनों कमरे में बंद थे। काफी देर तक कोई आवाज न आने पर परिजनों को शक हुआ। दरवाजा तोड़ने पर अंदर नेहा का गला कटा शव तथा अरुण का फंदे से लटका शव देख पूरे गांव में अफरा तफरी मच गई।घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान, सीओ राकेश प्रताप और अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा भी मौके पर पहुंचे और जांच की। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाने में लगी रही। दो प्रेमी युगल रविवार को सुबह कहीं घूमने गए थे और शाम करीब चार बजे घर लौटकर अपने कमरे में बंद हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के बातों पर विश्वास करें तो युवक ने पहले पत्नी से सजने को कहा, फिर उसकी मांग में सिंदूर भरने के बाद धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी और स्वयं फंदा लगाकर जान दे दी। घटना का पता तब चला जब मजदूरी से लौटे पिता ने ऊपर कमरे में जाकर आवाज दी, लेकिन कोई जवाब न मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया। अंदर का मंजर देखकर सभी की चीख निकल गई। गांव में मातम पसरा हुआ है।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक में नवीनीकरण व विस्तार पर दिया गया जोर

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित सूचना विभाग कार्यालय में संपन्न हुई। संगठन के जिलाध्यक्ष सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व की कार्यवाई की पुष्टि करते हुए नए सत्र के नवीनीकरण सहित तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई। संचालन जिला महासचिव संजय चाणक्य ने किया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत निर्धारित समय पर आयोजित बैठक में सर्वप्रथम संगठन के महासचिव संजय चाणक्य ने पूर्व की कार्रवाई को पढ़कर सुनाया। इसकी पुष्टि के पश्चात नए सत्र के नवीनीकरण, जनपद के सभी तहसील का जनवरी माह के अंतिम सप्ताह तक गठन व संगठन का मजबूती से विस्तारी करण पर जोर दिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन अनवरत पत्रकारों के हित में कार्य कर रही है। राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर लगातार गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों का आयुष्मान कार्ड बनवाने की मांग चल रही है उम्मीद है कि सरकार जल्द कोई निर्णय ले। उन्होंने 28 जनवरी तक सभी सदस्यों के नवीनीकरण व तहसील गठन पर जोर देते हुए कहा कि मार्च माह में प्रादेशिक सम्मेलन से पूर्व जिला स्तरीय कार्यक्रम फरवरी माह में होना तय है। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्योतिभान मिश्र, उपाध्यक्ष अनिल पांडेय, उपाध्यक्ष अजय मिश्र व संगठन मंत्री बीबी त्रिपाठी व बृजेश मणि त्रिपाठी, कृष्ण मोहन पाण्डेय आदि ने समस्त तहसील इकाई के गठन पर जोर देते हुए कहा कि संगठन की सक्रियता पत्रकारों के मजबूती का आधार है। इस लिए संगठन में सक्रियता जरुरी है। इस अवसर आदित्य श्रीवास्तव, शम्भू शरण मिश्र, अभय मिश्र, पवन कुमार मिश्र, अखिलेश सिंह, अमित कुमार राव, अशोक कुमार सिंह, अजय त्रिपाठी सहित तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को नारी सुरक्षा व सम्मान की जानकारी

- हेल्पलाइन सेवाओं के प्रति किया गया जागरूक, अधिकारों व सुरक्षा उपायों पर जोर



**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के अंतर्गत धर्मपुर पर्वत न्याय पंचायत के कंपोजिट विद्यालय भगवानपुर में छात्राओं को नारी सुरक्षा व नारी सम्मान के प्रति जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम के प्रभारी राजेश यादव के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। इसमें 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 1090 पावर साइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। एसआई रविंद्र यादव ने कहा कि छात्राओं को सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं व हेल्पलाइनों की जानकारी होना आवश्यक है, जिससे वे किसी भी संकट की स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। कांस्टेबिल गिरीश चंद गोंड ने कहा कि साइबर अपराध सहित सामाजिक जोखिमों से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। महिला कांस्टेबिल ममता ने कहा कि समय पर सूचना देने से प्रभावी कार्रवाई संभव होती है। शिक्षक धनन्जय मिश्र, नन्हे प्रसाद, बंधन, निभा, रानी, नीलू, सोनी, सिंधु, ब्यूटी, संजना, सितारा, कोमल, पिंकी, मुस्कान, नेहा, नन्दनी आदि उपस्थित रहे।

# एसआईआर : लक्ष्मीपुर में 880 लोगों को दिया जायेगा नोटिस



**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिन मतदाताओं का रिकार्ड वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नहीं मिल पाए हैं, उन्हें चुनाव आयोग की ओर से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को रामकोला विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में कुल 880 लोगों को नोटिस बीएलओ के द्वारा दिया गया है।

बता दें कि नोटिस जारी होने के सात दिन बाद इसकी सुनवाई की तिथि रखी जा रही है। इस दौरान जो भी दस्तावेज मांगे गए हैं उन्हें आनलाइन अपलोड किया जा सकता है। चुनाव आयोग का कहना है कि इस सुविधा का उद्देश्य एसआईआर अभियान के तहत दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाना है, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम अंतिम मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। इस दौरान प्रधान अकमल हुसैन, लेखपाल राहुल दीक्षित, बीएलओ सुधीर पांडे, संक्रांति देवी, राम दरस प्रसाद, अल्फाज हुसैन, बिंदुमति, सरस्वती, पूनम, सिद्धांत आदि उपस्थित रहे।

## बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में मनाई गई बेगम साहिबा के 30वी पुण्यतिथि

**बस्ती।** आज बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में कॉलेज की संस्थापिका स्व0 अलहाज खादिमा बेगम साहिबा की 30 वी पुण्यतिथि विद्यालय में मनायी गयी । इस अवसर पर अध्यापिकाओं और छात्राओं ने कलाम पाक की तिलावत की और स्व0 बेगम साहिवा के हक में दुआ की। स्व0 बेगम साहिबा को याद करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य मुस्लिमा खातून ने कहा कि स्व0 बेगम साहिबा बहुत ही परिश्रमी एवं जुझारु महिला थी। अपने पति स्व0 अबुल खैर साहब की मृत्यु के पश्चात अकेले ही उनके द्वारा शुरू किये गये सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास के कार्यो को अनवरत जारी रखा। स्व0 बेगम साहिबा ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए सभी के शिक्षित होने पर अत्यधिक जोर दिया। उनका मानना था कि शिक्षा के अभाव में कोई भी कौम तरक्की नही कर सकता है। वो स्वयं भी विद्वान महिला थी इस्लाम धर्म की बहुत अच्छी जानकार थी। इस अवसर पर प्रवक्ता अंजुम परवीन, स0अ0 उतरफा खातून, नुसरत फातिमा, शबाना अंजुम, खालिदा परवीन, रीता देवी, नजराना , नाजिश, शकील, सावित्री उपाध्याय, रचना सिंह आदि उपस्थित रहीं।

# तेंदुए के भय से खेती ठप, दहशत में किसान



- पंपलेट बंटवाकर वन विभाग की लोगों को घरों में रहने का दे रहे सलाह

**अवधनामा संवाददाता**

**खड्डा, कुशीनगर।** खड्डा वन रेंज क्षेत्र के सिसवा गोपाल गांव में बीते शुक्रवार को गन्ने के खेत में फंसा तेंदुआ विभागीय लापरवाही के कारण फरार हो गया। अब तक वन विभाग के लोग ढूंढ नहीं पाए। जिसके वजह से अब जंगलों के किनारे बसे लोग दहशत में है। तेंदुए को पकड़ने के बजाय वन कर्मी पंपलेट बंटवाकर घरों में ही रहने का सलाह दे रहे है। वन विभाग कि चेतावनी एवं पंपलेट बंटवाने से लोग और भी भयभीत है और अपने खेतों में जाने से कतरा रहे हैं। जिसके वजह से गन्ने की खड़ी फसल अब सूखने लगी है और मजदूर खेतों में काम करने नहीं पहुंच रहे हैं। तेंदुए की तलाश के लिए वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में कांबिंग अभियान चला रही है।

खड्डा रेंजर अमृता सिंह के निर्देश पर दो अलग-अलग स्थानों पर पिंजरा भी लगाया गया है, ताकि तेंदुए को सुरक्षित पकड़ा जा सके। इसके बावजूद अभी तक तेंदुए का कोई सुराग नहीं मिल सका है। वन विभाग की टीम दिन-रात गांवों और आसपास के जंगलों में गश्त कर रही है। शनिवार को खड्डा वन रेंज से सटे निचलौल वन रेंज क्षेत्र के बढ़या गांव में तेंदुए ने एक 16 वर्षीय किशोरी पर हमला कर उसकी जान ले ली। यह घटना सिसवा गोपाल से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर हुई, जिससे लोगों का डर और बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर तेंदुआ इतनी दूरी तय कर सकता है, तो वह किसी भी गांव में हमला कर सकता है। इस घटना के बाद महिलाएं और बच्चे घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। रविवार को वन विभाग की टीम सिसवा गोपाल गांव पहुंची और ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए पंपलेट वितरित किए। इन पंपलेटों में सुबह, शाम और रात के समय खेतों या सुनसान स्थानों पर अकेले न जाने की सलाह दी है। बच्चों को अकेले बाहर न छोड़ने, पशुओं को मजबूती से बांधकर रखने और समूह में निकलने के निर्देश दिए जा रहे हैं। और लोगो को टॉर्च लेकर चलने और तेंदुए को देखने पर घबराने की बजाय वन विभाग को सूचना देने की अपील की गई है। सोमवार तक तेंदुए का पता नहीं चल सका है। वन विभाग की टीम लगातार अभियान चला रही है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि सुरक्षा की जिम्मेदारी वन विभाग को ही उठानी चाहिए, जब तक तेंदुआ पकड़ा नहीं जाए।

## पीएम आवास का स्वीकृति पत्र मिलते ही लाभार्थियों खिल उठे चेहरे

**खड्डा, कुशीनगर।** नगर पंचायत छितौनी के लाभार्थियों को पीएम आवास योजना का प्रथम किस्त का स्वीकृति पत्र पाते खुशी के मारे चेहरे खिल उठे और लाभार्थियों ने बोला थैंक यू अध्यक्ष एवं ईओ महोदय। छितौनी नगर पंचायत कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 370 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के स्वीकृति पत्र प्रदान होने पर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। परिसर में मौजूद विधवा, दिव्यांग और 60 वर्ष के लाभार्थियों ने स्वीकृति पत्र पाकर ईओ अखिलेश यादव और नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक निषाद को धन्यवाद दिया। और लाभार्थियों ने कहा कि ऐसे अध्यक्ष और अधिशाषी अभियंता जिले के हर नगर पंचायत को मिले।नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक निषाद ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसको मैं लाभार्थियों को दिलाकर अपने आप को धन्य समझूंगा। अधिशासी अधिकारी अखिलेश यादव ने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाना हम सबका कर्तव्य है।उन्होंने यह भी कहा कि नगर पंचायत छितौनी में पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ आगे भी दिलाता रहूंगा। इस दौरान नगर पंचायत के सैकड़ों लाभार्थी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## सड़क दुघर्टना में हुई कांग्रेस नेता के बेटे की मौत, सांसद किशोरी लाल शर्मा अंतिम संस्कार शामिल हुए



**अमेठी।** रविवार की सुबह हुए एक सड़क हादसे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरसिंह बहादुर सिंह के बेटे दीपक सिंह की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने पर कांग्रेस सांसद किशोरीलाल शर्मा ने नेता नरसिंह बहादुर सिंह से फोन पर बात की और बाद में दिल्ली से उनके घर पहुंचकर अंतिम संस्कार में शामिल हुए। रविवार की सुबह गौरीगंज थाना क्षेत्र के टांडा-बांदा राजमार्ग पर गुंवावा मोड़ के पास हुआ। यहां एक रोडवेज बस और कार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में सवार दीपक सिंह और कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सांसद किशोरीलाल शर्मा ने नेता नरसिंह बहादुर सिंह से फोन पर बात की और बाद में दिल्ली से उनके घर पहुंचकर अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

## जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह के निर्देशन में राजकीय इंटर कॉलेज के शिक्षकों व छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

**बस्ती ।** जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह के निर्देशन में राजकीय इंटर कॉलेज बस्ती के शिक्षकों व छात्रों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली और जागरूकता रैली निकालकर लोगों को सुरक्षित वाहन चलाने का संदेश भी दिया। प्रधानाचार्य डॉ. विजय प्रकाश वर्मा द्वारा बताया गया कि 'सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा' के मूल मंत्र के साथ इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। उन्होंने कहा कि हम लोगों को यातायात नियमों का पालन करते हुए चार पहिया वाहनों को सीटबेल्ट लगाकर, दो पहिया वाहनों को हेलमेट पहनकर व गति सीमा को ध्यान में रखकर सही दिशा में ही गाड़ी चलाना चाहिए. ड्राइविंग के समय मोबाइल फोन व नशीले पदार्थों जैसे ध्यान भटकाने वाले वस्तुओं प्रयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर सुरक्षा नियमों का पालन करना हम सबकी जिम्मेदारी है यह जीवन बचाने के बराबर है. जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके क्योंकि जीवन अनमोल है।




# बुद्ध विहार के विकास के लिए सीएम को पत्र

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** सिरमौर बुद्ध विहार सोइया में आयोजित बौद्ध सम्मेलन में बुद्ध विहार के विकास के लिए पांच बिंदु का एक प्रस्ताव पास करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया है। सम्मेलन के दौरान पालि भाषा को जूनियर हाईस्कूल की कक्षाओं के पाठ्यक्रम में शामिल करने और महाबोधि विहार बोधगया के पुराने प्रबंधन एक्ट को रद्द करते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकार से बौद्धों को सौंपने की मांग भी की गई है।

आयोजन समिति के संयोजक बेचू बौद्ध और सदस्यों की ओर से बौद्धाचार्य राम प्रताप ने सम्मेलन में प्रस्ताव को पढ़ा, जिसे सम्मेलन ने ध्वनिमत से पारित किया।इस अवसर पर भंते प्रज्ञा मित्र,भंते शील रत्न,भंते धम्म ज्योति भंते धम्म मित्र,भंते बुद्ध वंश भंते शील वंश ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव भारती, संगठन सचिव संजय कुमार, प्रचार सचिव डा नन्हे लाल,राम चन्द्र बौद्ध,राम चन्द्र सरस , श्याम लाल, त्रिभुवन दत्त,मोती लाल, श्याम कुमार,राम किशोर रसीला, नागेश्वर बौद्ध, बाबू लाल, पलटूराम,राम समुझ चौधरी ,बौद्धाचार्य वैरागी राम भारती,राम सागर बौद्ध, भीमसेन बौद्ध सुनील कुमार मास्टर, रामप्रसाद, रामदेव, राम लाल, ग्राम प्रधान अर्चना यादव के प्रतिनिधि , वासुदेव मौर्य एडवोकेट,रामदीन, रामकली, जगदीश प्रसाद बौद्ध, फूलचंद बौद्ध,राम मिलन शर्मा,लालबहादुर बौद्ध,हरी लाल बौद्ध, श्याम लाल,शिवचरन,?विकास आनंद, राहुल मौर्य, अमृत लाल, इन्द्र पाल यादव, राजेश कोरी, राम गोविंद कोटेदार,जिया लाल बौद्ध, राधेश्याम मास्टर,दीपा बौद्ध, शिवकुमारी, मंजीत कुमार,सरिता बौद्ध, जगरानी,चमेला, काजल , दयाराम, राजेश कुमार , बबलू मौर्य आदि मौजूद रहे।

### सम्मेलन में पारित प्रस्ताव - एक नजर

1-सिरमौर बुद्ध विहार तक सम्पर्क मार्ग को लोक निर्माण विभाग की धर्मार्थ योजना में शामिल करते हुए निर्माण कराया जाय।

2-पालि भाषा को जूनियर हाईस्कूल की कक्षाओं के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाय।

3-डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसायटीज गलत तरीके से कराए गए नवीनीकरण को रद्द कर अपना प्रतिनिधि भेजकर चुनाव के जरिए प्रबंध समिति का गठन कराएं ।

4-सिरमौर बुद्ध विहार को पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल किया जाय।

# विशेष अभियान तिथि पर निर्वाचक नामावली को बूथ लेवल अधिकारी द्वारा किया गया पाठन कार्य

**बृजेश कुमार शुक्ल**



**बस्ती।** रविवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के निर्देश के क्रम में विशेष अभियान तिथि का आयोजन जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर किया गया। इस विशेष अवसर पर जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया गया। समस्त मतदेय स्थलों पर पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने, नाम हटाने अथवा संशोधन संबंधी आवेदन तत्काल किए जा सकने के उद्देश्य से बीएलओ के पास पर्याप्त संख्या में फॉर्मङ्क6, 7 एवं 8 उपलब्ध रहा । जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका ज्योत्सना ने 311-महादेवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय खुटहन तथा बकैनियादीप में कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

वहीं अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने 310-बस्ती सदर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज, प्रा0वि0 भूअर निरंजनपुर, और गोविन्द राम सक्सेरिया इण्टर कालेज के बूथो का निरीक्षण किया। विशेष अभियान तिथि के मौके पर बूथों पर बड़ी संख्या में मतदाताओ की उपस्थिति देखी गई।

इस मौके पर विधानसभा 307-हर्रैया में प्राप्त फार्म- 6 की संख्या 1702 प्राप्त फार्म- 7 की 31 और प्राप्त फार्म-8 की 52 रही। विधानसभा 308-कप्तान गंज में प्राप्त फार्म-6 की संख्या 1627 प्राप्त फार्म-7 की 23 और प्राप्त फार्म-8 की 40 रही। विधानसभा 309-रूधौली में प्राप्त फार्म-6 की संख्या 1789, प्राप्त फार्म-7 की 55 और प्राप्त फार्म-8 की 11 रही। विधानसभा 310- बस्ती सदर प्राप्त फार्म-6 की संख्या 1019, प्राप्त फार्म-7 की 18 और प्राप्त फार्म-8 की 119 रही। विधानसभा 311-महादेवा प्राप्त फार्म-6 की संख्या 997 प्राप्त फार्म-7 की 15 और प्राप्त फार्म-8 की 97 रही। इस प्रकार सभी विधानसभाओं में कुल प्राप्त फार्म-6 की संख्या 7134, प्राप्त फार्म-7 की संख्या 142 और प्राप्त फार्म-8 की संख्या 419 रही।

# संघ एक शताब्दी से राष्ट्र सेवा में समर्पित है: कृष्ण कुमार

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज माधवपुरी मे सकल हिंदू समाज के तत्वधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार ने संघ की गौरवशाली यात्रा का वर्णन करते हुए बताया कि संघ एक शताब्दी से राष्ट्र की सेवा में समर्पित है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक समाज के सभी सभी क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय रहकर मां भारती का यशोगान कर रहे हैं। उन्होंने वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए समाज से पंच परिवर्तन के संकल्पों को आत्मसात करने का आवाहन

- अपने धर्म के लिए बलिदान होना सहर्ष स्वीकार: विष्णु
- माधवपुरी में संगठित हिंदू-समर्थ भारत का शंखनाद

किया। उन्होंने कहा सामाजिक समरसता से संपूर्ण हिंदू समाज को जातिगत भेदभाव से मुक्त होकर एक सूत्र में बंधना होगा। कुटुंब प्रबोधन को अपनाकर परिवार ही संस्कार की पहली पाठशाला है, इसे पुनः जागृत करना होगा।पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से जल, पृथ्वी और वृक्षों की रक्षा करना हमारा आध्यात्मिक उत्तरदायित्व है।स्वदेशी व नागरिक कर्तव्य का पालन कर आत्मनिर्भरता हेतु स्वदेशी का उपयोग करें और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को सर्वोपरि रखें। अनंत श्री विभूषित ब्रह्मर्षि स्वामी विष्णुदेवाचार्य महाराज ने सनातन संस्कृति की अपौरुषेय



शक्ति का उल्लेख करते हुए समाज में नई चेतना का संचार किया। उन्होंने अत्यंत गंभीर विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने धर्म के लिए बलिदान होना सहर्ष स्वीकार है किंतु किसी भी परिस्थिति में परधर्म का अवलंबन स्वीकार नहीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर हमारा स्वाभिमान है इस स्वाभिमान को प्राप्त करने के लिए लाखों लोगों ने अपने जीवन को बाली विधि पर अर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि हिन्दू परिवारों को गौ पालन करना चाहिए क्योंकि गौ संरक्षण के बिना हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना साकार नही होगी। ब्रह्माकुमारी बहराइच की प्रमुख साधना दीदी ने संघ के महान कार्यों को ईश्वरीय कार्य की संज्ञा देते हुए कहा कि जिस प्रकार ईश्वर मानवता के कल्याण की योजना बनाता है, संघ के स्वयंसेवक उसी सेवा को धरातल पर क्रियान्वित कर रहे हैं।मेजर डॉ. एस.पी. सिंह जी ने बल दिया कि जब तक हिंदू समाज संगठित और स्वाभिमानी है, तब तक भारत की सीमाएं और संस्कृति सुरक्षित हैं। सम्मेलन के पश्चात आयोजित समरसता सहभोज में अद्भुत दृश्य देखने को मिला, कार्यक्रम में आए बंधुओं और भगिनियों ने एकसाथ सहभोज किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र रक्षा के सामूहिक संकल्प और भारत माता की जय के गगनभेदी जयघोष के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में नगर संघचालक डॉ गोविंद शेखर, जिला कार्यवाह भूपेंद्र, जिला प्रचारक अजय, विभाग संपर्क धर्मेंद्र, विभाग प्रचारक प्रमुख अतुल गौड़, जिला सह संपर्क प्रमुख अमर सिंह, विजय बहादुर,ओम प्रकाश, राजेन्द्र प्रसाद, यमुना प्रकाश, मनीष, अभिषेक,उत्तम, विपिन, इंद्रेश सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एनएसएस छात्रों ने निकाली यातायात जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर चयनित गांव देवखेड़ा में तीसरे दिन सड़क सुरक्षा यातायात जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष पचोखरा अमित तोमर, सब इंस्पेक्टर निशा बंसल, अमित उपाध्याय, कार्यक्रम प्रभारी सुनील जैन ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया एवं स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। रैली को हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। थानाध्यक्ष पचोखरा अमित तोमर एवं सबइंस्पेक्टर निशा बंसल सहित पचोखरा थाना स्टाफ ने स्वयं सेवकों के साथ रैली निकाल कर लोगों को



जागरूक किया। जिसमें दो पहिया वाहन, लोगों को हेलमेट पहनने व निर्धारित गति मे चलने और शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने तथा चार पहिया वाहन को चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने की अपील की। स्वयंसेविकाओं ने स्वागत गीत एवं सड़क सुरक्षा पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी एवं अतिथियों का वेज एवं पट्टा डालकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक अर्पित पाठक ने किया। एनएसीसी सुरक्षा प्रभारी अमित उपाध्याय ने सड़क सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए। तथा यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाले खतरों से भी अवगत कराया। तथा आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कांस्टेबल अंकित मलिक एवं पार्थिव गौतम एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तीन-तीन सफाई कर्मचारी हुए नदारत

- जनता का काम नहीं करेंगे सफाई कर्मचारी

अवधनामा संवाददाता



**अखंड नगर/सुलतानपुर।** मामला सुल्तानपुर जिले के तहसील कादीपुर थाना दोस्तपुर ब्लाक अखंड नगर के अंतर्गत पहाड़पुर बस्तीपुर से जुड़ा हुआ है जहां पर हर गांव सभा में एक लेखपाल की तैनाती की जाती है जो राजस्व का काम देखता है वही उनके ऊपर भी आ रही कानूनगो की तैनाती की जाती है। कौन सा लेखपाल कितना काम गांव सभा में किया उसका खाका डाटा रखने के लिए जिम्मेदारी दी जाती है उसके बाद नायब तहसीलदार होते हैं और उनके ऊपर तहसीलदार होते हैं फिर पूरे तहसील का कार्यभार संभालने के लिए उप जिला अधिकारी की नियुक्ति जाती है लेकिन यहां तो उल्टा हो रहा है ग्राम सभा पहाड़पुर बस्तीपुर में लेखपाल का कार्य अब सफाई कर्मचारियों के हाथ में है जिसे ना तो खेत का खसरा पता है और ना ही नक्शा पता है लेकिन फिर भी उनके हाथ में खसरा अपलोड बनाने का काम माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा ऐसे हाथों में दे दिया है जहां जनता का उद्धार करने के बजाय सत्यानाश करने पर तुल गए हैं और पूरी तरह से सफाई करने का इरादा बना लिया है। (1) मंशाराम (2) चन्द्रवती (3) अमृत लाल पहाड़पुर बस्तीपुर में तैनात है और नाले की सफाई करके छोड़ दिया जबकि वही घर के ठीक सामने कचरा पड़ा हुआ है और नाथ बात रिश्तेदार आने वाले है। गजाई पुत्र मुन्नीलाल ग्राम बस्तीपुर में सफाई कर्मचारी की बड़ी लापरवाही आई सामने कल दिनांक 19 1.2026 को बढ़ाओ लेकर आने वाले हैं और घर पर के सामने सफाई कर्मचारियों के द्वारा नाला साफ करके छोड़ दिया गया है लेकिन सूचना देने के बाद भी सफाई कर्मचारियों ने वही ग्रामीणों से बदसलूकी करते हुए कहा कि हम सफाई तो केवल 20 तारीख को ही करेंगे अन्यथा नल की सफाई नहीं की जाएगी और इतना ही नहीं आखिरकार घर वालों ने नाले की सफाई स्वयं किया आखिर सरकार किस लिए वेतन दे रही है और किस लिए गांव सभा में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है जब जनता का ही काम सफाई कर्मचारी नहीं करेंगे तो किस लिए गांव सभा में तैनात किया गया है इन सफाई कर्मचारियों की इन सभी अधिकारियों के आदेश का भी कहने पर भी नहीं सुनते हैं और जनता को ही आंखें दिखाते हैं क्या यही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ है के द्वारा साधना आदेश जारी किया गया है कि जनता का काम सफाई कर्मचारी ना करें क्या यही जनता का शासन है या सुशासन व्यवस्था है इस पर सवाल खड़े होते हैं।

# ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**लंभुआ/सुलतानपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय लंभुआ में ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों का ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा ने देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ एवं खंड शिक्षा अधिकारी लंभुआ द्वारा मुख्य अतिथि सीताराम वर्मा को बैज अलंकरण माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विधायक लंभुआ ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर चर्चा करते हुए डी बी टी ऑपरेशन कायाकल्प जैसी योजनाओं के लाभ के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम के संचालन के क्रम में ब्लॉक प्रमुख लंभुआ कुंवर बहादुर सिंह द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों के विकास में शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों एवं समुदाय का सकारात्म सहयोग आवश्यक है।



नगरपंचायत लम्भुआ के चेयरमैन प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ने कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में कराए गए कार्यो की सराहना करते हुए ग्राम पंचायत प्रधानों एवं सभासदों को धन्यवाद दिया उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लम्भुआ के अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कार्यक्रम के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों के सकारात्मक विकास के लिए बच्चे के नामांकन के साथ साथ उपस्थिति एवं ठहराव में परिवार के साथ साथ समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ राम सागर गुप्ता ने विभाग की योजनाओं पर चर्चा करते हुए बताया कि नियम भारत योजना डीबीटी, एसएमसी बैठक आदि के सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों के साथ साथ समुदाय के भी योगदान की आवश्यकता होती है। संतोष सिंह प्रतापगढ़ी ने महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर याद करते हुए उनके महावीरता के सम्बन्ध में दो पंक्तियां सभा में प्रस्तुत की। सभी कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय प्रताप सिंह संतोष कुमार सिंह केदार नाथ दुबे सुचित्रानंद चतुर्वेदी ज्ञानेंद्र सिंह जितेंद्र कुमार तिवारी राम प्रवेश सिंह राम मिलन कैलाश चंद्र दुबे प्रसून मालवीय देवी सिंह रामपाल यादव प्रीति मौर्य क़दम लाल सोनी रामकेश सिंह राधेश्याम विजयप्रकाश श्रीवास्तव इंद्रभान द्विवेदी के साथ साथ ग्राम प्रधान एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## परोपकार दिवस के रूप में पुण्यतिथि मनाया जाना सराहनीय: एडीएम

**शाहजहांपुर।** पुण्यतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने कहा कि आज जिस तरह से पूरे देश में और शाहजहांपुर में स्वर्गीय पत्रकार अश्विनी कुमार (मिन्ना) की पुण्यतिथि सेवा समर्पण और परोपकार दिवस के रूप में मनाई जा रही है वह बहुत ही सराहनीय कार्य है स्वर्गीय पत्रकार अश्विनी कुमार ने पूरे जीवन पत्रकारिता के साथ राष्ट्रभक्ति सेवा समर्पण और परोपकार किया है जो उनकी पुण्यतिथि के माध्यम से हम सब देख रहे हैं उन्होंने कहा जिस तरह से अनाथालय में अनाथ बच्चों को जैकेट वस्त्र वितरण किए गए वह बहुत ही सराहनीय कार्य है जिन बच्चों के मां-बाप नहीं हैं उनकी सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य है हमें स्वर्गीय पत्रकार अश्विनी कुमार मिन्ना जी से सीखने की आवश्यकता है पुण्यतिथि कार्यक्रम में बाल गृह अधीक्षक रविंद्र श्रीवास्तव, राम औतार त्रिपाठी सदस्य CWC, मुनीश परिहार, अरविंद मिश्रा, पत्रकार पंकज सक्सेना, सूरज सहाय, वंदना गौतम, मनोज कुमार, ताराचंद, राजू कनौजिया, दया गौतम, अपर जिला अधिकारी अरविंद कुमार मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने भरवाए बूथ पर एसआईआर फार्म

**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों द्वारा एसआईआर के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पोलिंग सेंटरों पर संपर्क कर नए वोट बनवाए जा रहे हैं, साथ ही वोटरों को आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर उनकी समस्याओं को बूथ बैठकर दूर कराया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को टूंडला के पोलिंग सेंटर जूनियर हाई स्कूल रामलीला ग्राउंड पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में बूथ संख्या 203 204 ,205 206 पर नए वोट बनवाए गए, इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा पूरे प्रदेश में वोटर लिस्ट का नवीनीकरण का कार्य चल रहा है।

# ''उत्तर प्रदेश दिवस'' पर विभागीय अधिकारी तैयारियां पूर्ण करें: सीडीओ

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार कक्ष में आगामी 24 जनवरी से 26 जनवरी तक ''उत्तर प्रदेश दिवस'' के भव्य एवं गरिमामयी आयोजन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में शासन के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया, मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन ''विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत की थीम'' पर किया जाएगा, विकास भवन परिसर और मुख्य आयोजन स्थलों पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी, इसमें एक जनपद एक उत्पाद के



स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे, कार्यक्रम को केवल सरकारी आयोजन न रखते हुए इसमें जन सामान्य स्वयंसेवी संस्थाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी देने पर जोर दिया जाएगा, इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं पर्यटन अधिकारी उपस्थित रहें।

## 9 किलो 847 ग्राम गांजे सहित 2 अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तगण को 09 किलो 847 ग्राम अवैध गांजे सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में मादक पदार्थ तस्करों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में सोमवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तगण रफीक खान उर्फ भीम पुत्र शौकत खान निवासी इब्राहिम मस्जिद के पास इलायचीपुर थाना ट्रोनिका सिटी जनपद गाजियाबाद एवं सलीम पुत्र जानू निवासी जे जे कालोनी नई दिल्ली को प्रेमपुर की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 09.847 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना नगला सिंघी पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

# पूर्व प्रधानाचार्य और उनकी पत्नी को डंफर ने रौंदा, मौत

अवधनामा संवाददाता

- मिट्टी खनन में लगे डंफर ने एटा चौराहे पर स्कूटी सवार दंपत्ति को रौंदा

**शिकोहाबाद।** नगर के एटा चौराहा पर सोमवार दोपहर ढाई बजे के करीब पूर्व प्रधानाचार्य एके कालेज अपनी स्कूटी पर पत्नी पूर्व प्रधानाचार्य न्यू नारायणी पब्लिक स्कूल को बैठा कर घर की तरफजा रहे थे। जब स्कूटी एटा चौराहे पर पहुंची, तभी मिट्टी लेकर आ रहे डंफर की चपेट में आ गई। जिससे स्कूटी सहित दोनों काफी दूर तक घसीटते हुए डंफर ले गया। जिससे दोनों की मृत्यु हो गई। हादसे के बाद चालक डंफर को छोड़ कर भाग गया। आक्रोशित लोगों ने जाम लगा दिया और दिन में चलने वाले मिट्टी के डंफर पर रोक लगाने की मांग कर नारेबाजी करने लगे। मौके पर पहुंची थाना पुलिस और मक्खनपुर पुलिस ने लोगों को समझा कर शव को कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेज दिया।

नगर की प्रोफेसर कालोनी निवासी पूर्व प्रधानाचार्य 70 वर्षीय रघुवीर सिंह अपनी पत्नी 65 वर्षीय कमला के साथ नगर से एटा चौराहे की तरफ आ रहे थे। जब उनकी स्कूटी एटा चौराहे पर पहुंची, तभी तेज रफ्तार और लापरवाही पूवर्क चला रहे डंफर के चालक ने उनकी स्कूटी को रौंद दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी डंफर में फंस गई, जिससेकाफी दूर तक दंपत्ति घिसटता रहा। जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद चालक डंफर छोड़ कर भाग गया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोग डंफरों को रोकने की मांग करने लगे। घटना की जानकारी होते ही थाना पुलिस और मक्खनपुर प्रभारी चमन शर्मा भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जाम लगा रहे लोगों को समझा बुझा कर जाम खुलवा दिया। जाम के चलते एटा चौराहे पर चारों तरफ वाहनों की कतारें लग गई। जाम खुलते ही वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रोफेसर वर्ष 2005 में सेवानिवृत हुए हैं। उनकी पत्नी भी न्यू नारायणी पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर रह चुकी हैं। हादसे की जानकारी होते ही आक्रोशित भीड़ एकत्रित हो गई और एटा चौराहा पर जाम लगा दिया। जिससे एटा शिकोहाबाद मार्ग पर वाहनों की भीड़ लग गई। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। पुलिस ने दंपत्ति के शव कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कालेज के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि उनका एक बेटा राहुल है, जो दिल्ली में किसी कंपनी में काम करता है। घटना की जानकारी होते ही वह दिल्ली से शिकोहाबाद के लिए रवाना हो गया है।

# एलएस शरण की अध्यक्षता में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियों के प्रोत्साहन, पंजीयन बेस एवं राजस्व वृद्धि तथा स्थानीय स्तर पर जी0एस0टी0 2.0 सुधारों के प्रति जागरूकता हेतु उद्यमियों, करदाताओं एवे अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से नवीन सभागार, कलेक्ट्रेट में ÷व्यापारी संवाद कार्यकम÷ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एल0एस0शरण, उपायुक्त राज्य कर खण्ड-1 द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुलतानपुर विशिष्ट अतिथि अमित मोहन, अपर आयुक्त ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0) राज्य कर अयोध्या जोन, अयोध्या उपस्थित रहे। व्यापारी संवाद कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। दीप प्रज्जवलन उपरान्त व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों अनूप श्रीवास्तव, विजय प्रताप सिंह, हिमांशु मालवीय, अलीमुद्दीन तथा अन्य पदाधिकारियों, टैक्स बार के अध्यक्ष रवींद्र श्रीवास्तव, विकास सिंह, चार्टर्ड एकाउंटेट संतोष सिंह तथा ईट उद्यमी कल्याण समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रताप सिंह का राहुल कुमार शर्मा, राज्य कर अधिकारी तथा रामस्वरूप, राज्य कर अधिकारी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यकम में मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत वीमा पाये हुये लाभार्थियों का भी सम्मान किया गया।व्यापारी संवाद कार्यक्रम में एल0एस0शरण, उपायुक्त तथा अभिषेक प्रताप सिंह चौहान, उपायुक्त द्वारा जीएसटी पंजीयन, राजस्व संग्रह तथा मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के बारे में, सुदीप अग्रहरि एडवोकेट तथा विनोद तिवारी एडवोकेट द्वारा जीएसटी पंजीयन तथा जीएसटी रिटर्न दाखिल किये जाने के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गयी।

# मोबाइल टावरों में लीथियम बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

अवधनामा संवाददाता

- 10 लाख से ऊपर की 18 लीथियम बैटरी बरामद
- 10 लाख 80 हजार रुपये व ईको कार के साथ चार गिरफ्तार

**शाहजहांपुर** जनपद में सोमवार को थाना रोजा पुलिस ने SOG/सर्विलांस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई थाना रोजा में अमित कुमार तिवारी निवासी दीवान जोगराज, केरुगंज, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था सूचना दी गई कि उनकी कंपनी के मोबाइल टावर (आई0डी0 संख्या IN-1100394), ग्राम सिसौआ से लीथियम बैटरी चोरी कर ली गई है। प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना रोजा पर दिनांक 30 नवंबर 2025 को मुकदमा पंजीकृत किया गया जिसका खुलासा करने के लिए पुलिस काफी दिनों से लगी हुई थी स्वाट/सर्विलांस सेल व थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीमें गठित की गई। गठित टीमों द्वारा भिन्न-भिन्न स्थानों पर सतत दबिश देकर अथक प्रयासों के फलस्वरूप घटना का सफल अनावरण किया गया। कार्यवाही के दौरान अभियुक्तगण–1 रामतीरथ पुत्र रतीराम, निवासी ग्राम नौगवां, थाना जलालाबाद, जनपद शाहजहाँपुर (उम्र लगभग 40 वर्ष), 2. आजाद यादव पुत्र सत्यपाल, निवासी ग्राम सराय साधौं, थाना जलालाबाद, जनपद शाहजहाँपुर (उम्र लगभग 29 वर्ष) 3. हरिओम यादव पुत्र इन्द्रपाल, निवासी ग्राम तुर्कीखेड़ा, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर (उम्र लगभग 21 वर्ष) 4. विमलेश पुत्र बाबूराम, निवासी ग्राम खजुआ, थाना मोहम्मदी, जनपद खीरी (उम्र लगभग 45 वर्ष) को नेकनामपुर नहर के किनारे से 18 मोबाइल टावर लीथियम बैटरी एवं एक ईको कार रजि. नं. P27 BK 1249 सहित गिरफ्तार किया गया। जिनमें रामतीरथ पर विभिन्न थानों एवं जनपदों में 12, आजाद यादव पर 19 हरिओम यादव पर 2, विमलेश पर 11, मुकदमे विभिन्न थानों और जनपदों में दर्ज हैं पुलिस के मुताबिक पकड़े गए चोरों ने पूछताछ में बताया है शाहजहाँपुर में लगभग पाँचछ्छः स्थानों पर मोबाइल टावरों से बैट्रियाँ चोरी की थीं। उन्होंने बताया कि पूर्व में थाना रोजा क्षेत्रान्तर्गत छीतेपुर सिसौआ स्थित मोबाइल टावर से दो बार में– दिनांक 28.11.2025 की रात्रि में 22 बैट्रियाँ एवं 02 सोलर पैनल चोरी कर लिए थे, जिन्हें उन्होंने रास्ते में मिले अज्ञात कबाड़ियों को बेचकर प्राप्त धनराशि आपस में बांट ली थी, जो अब खर्च हो चुकी है। इसके अतिरिक्त दिनांक 06.01.2026 की रात्रि में उन्होंने पुनः इसी टावर से 05 बड़ी बैट्रियाँ चोरी करना स्वीकार किया, जिन्हें पुलिस द्वारा वाहन सहित बरामद किया गया है। उन्होंने दिनांक 02.01.2026 की रात्रि में थाना तिलहर क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर स्थित टावर से भी बैट्रियाँ चोरी की थीं। साथ ही अलगङ्खअलग तिथियों में थाना जलालाबाद के ग्राम गुलरिया, थाना पुवायां के ग्राम रहदेवा एवं ग्राम जठिया खुर्द, थाना अल्हागंज के ग्राम मुड़िया खुर्द तथा थाना सेहरामऊ के ग्राम आटा बुजुर्ग स्थित मोबाइल टावरों से भी बैट्रियां चोरी की थीं, जिनमें से कुछ बैट्रियां अज्ञात कबाड़ियों को बेचीं है।

# ज़िले में रही हिन्दू सम्मेलनों की धूम

अवधनामा संवाददाता

- जनपद के विभिन्न स्थानों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित
- 29 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन के लिए कैसरगंज में हुआ भूमि पूजन

**बहराइच।** जनपद में कैसरगंज के एस आर मैरिज हॉल में आगामी 29 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन के निमित्त भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में राम सतीश जी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक वीरेश सिंह, डॉ अरविंद सिंह, विजय सिंह, पवन सिंह, बंशीधर, भगवान दास, हिमांशु सिंह, बड़कऊ सिंह, उमेश सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

इसी क्रम में खण्ड तेजवापुर, बहराइच के संत पथिक विद्यालय के प्रांगण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ ने कहा कि सनातन संस्कृति कभी जाति आधारित नहीं थी, अपितु कर्म आधारित थी। उन्होंने कहा कि जो लोग समाज को संगठित करने की सामर्थ्य रखते हैं, वे घरों में बैठे हैं, इसी निष्क्रियता के कारण धर्मांतरण व जातिवादी राक्षस समाज को निगलने के लिए मुँह बाए खड़ा है। कार्यक्रम में मनीष अग्रवाल, ,सह खंड कार्यवाह प्रशांत, जिला जॉइनआरएसएस प्रमुख उत्तम सिंह, मोहन अवस्थी कपिल शुक्ला समेत क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक, युवा और मातृशक्ति उपस्थित रही।

पयागपुर नगर के भूपगंज बाजार स्थित सेंट जेवियर अकेडमी में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य वीरेंद्र जी एवं आर्य समाज के विद्वान सूर्य देवगिरी जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अजय जी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंच परिवर्तन के महत्व के बारे में लोगों को बताया उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण,



नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन आदि के आदर्शों को अगर अपने जीवन में लागू किया जाए तो इससे सनातन से जुड़ा जा सकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में विधायक सुभाष त्रिपाठी ,निशंक त्रिपाठी ,समय प्रसाद मिश्रा, कमलेश ,हरेंद्र, निवेश अखिलेंद्र ,अशोक ,पवन सुधांशु ,राजेश हेमंत ,मंसाराम ,विजय , जसवंत सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

चित्तौरा खंड के मसीहाबाद मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन महाराजा सुहेलदेव की पावन स्थल पर नदी के तट पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजा यशवेंद्र विक्रम सिंह व कार्यक्रम का संचालन जिला सेवा प्रमुख रमेश ने किया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर हुई। मुख्य अतिथि डॉ दीनानाथ मिश्र ,विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक वासुदेव जी रहे। संयोजन राष्ट्रपति एवं राज्य पुरस्कार से सम्मानित श्याम कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर मातृशक्ति के रूप में उपस्थित डॉक्टर श्वेता ने सनातन धर्म में नारियों के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रसिद्ध कथा वाचक डॉ दीनानाथ मिश्र विमल जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व को दिए गए ज्ञान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक वासुदेव जी ने पंच परिवर्तन के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि हिंदू समाज जात-पात को त्याग कर हिंदू हिंदू भाई-भाई के नारे को चरितार्थ करें। अध्यक्षीय वक्तव्य में यशवेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि भारत का वास्तविक इतिहास हमें नहीं पढ़ाया गया। मोहम्मद गौरी को 17 बार परास्त होने का इतिहास छुपाया गया और युद्ध में हार के बाद भी तथाकथित व्यक्तियों द्वारा उसका महिमामंडन किया गया। इस अवसर पर श्रीमंगल दास अंकित शुक्ला सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु रहे।

दूसरी तरफ डीहा मंडल में भी विराट हिन्दू सम्मलेन का आयोजन किया गया। यहां भी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। यहां पुष्पा चौधरी ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति विश्व की अद्वितीय धरोहर है। हम सभी गौ गंगा और गीता को भारतीयता का प्रतीक मानते हैं। इस अवसर पर संयोजक आयुष जायसवाल,मनीष वर्मा,बैजनाथ चौधरी, परमार्थ चौधरी, खण्ड संघ चालक धनन्जय, खंड प्रचारक गौरव, पंकज, राजकुमार, शिव प्रताप सहित सैकड़ों हिन्दू मौजूद रहे। इसकी जानकारी विपिन जिला प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच अवध ने दी।

# ‘कोयला गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा 2025-26’ का आगाज़



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** सोमवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में ‘कोयला गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा 2025-26’ का शुभारंभ हुआ। इस वर्ष एनसीएल में यह पखवाड़ा 19 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार ने गुणवत्ता सुधार के लिए नए मानक तय करने और पूर्व उपलब्धियों को आधार बनाकर आगे बढ़ने एवं शत-प्रतिशत गुणवत्ता युक्त कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु उपस्थित सभी से आह्वान किया। कार्यक्रम में एनसीएल के निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण ने कहा कि गुणवत्ता कंपनी के राजस्व, वित्तीय स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा से सीधे जुड़ी है। उन्होने उपस्थित सभी को गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), अजय कुमार जायसवाल ने कहा कि कोयले की गुणवत्ता जीवन की गुणवत्ता जैसी ही आवश्यक है एनसीएल की कोयला गुणवत्ता में निरंतर सुधार से उपभोक्ताओं का भरोसा और सुदृढ़ होगा। इस दौरान महाप्रबंधक (गुणवत्ता) ने कंपनी के गुणवत्ता संबंधी लक्ष्यों पर प्रकाश डालते हुए पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने सभी को कोयला गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्ध रहने तथा ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए एनसीएल को गुणवत्ता के क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित करने की शपथ दिलाई। गौरतलब है कि एनसीएल अपने ग्राहकों को लगातार बेहतर गुणवत्ता का कोयला उपलब्ध करवा रही है। मुख्यालय सहित एनसीएल की सभी परियोजनाओं व इकाइयों में कोयला गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा 2025 -26 मनाया जा रहा है, इसके तहत एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं गतिविधियों, निरीक्षण इत्यादि का आयोजन किया जाएगा।

# कवयित्री डॉ. रचना तिवारी की पुस्तक लोकार्पित



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जानी मानी कवयित्री लेखिका और सामाजिक चिंतक डॉक्टर रचना तिवारी के नए कविता संग्रह क्षसपनों की उम्र नहीं होतीक्ष का 16 जनवरी 2026 को दिल्ली में चल रहे विश्व पुस्तक मिले के लेखक मंच पर लोकार्पण संपन्न हुआ। पुस्तक का लोकार्पण हिंदी के गणमान्य लेखकों, संस्कृति कर्मियों के द्वारा किया गया। ज्ञातव्य है कि डॉ रचना तिवारी हिंदी साहित्य की दुनिया में पिछले तीन दशकों से सक्रिय हैं और झील में उतरी नाव, कुछ प्रेम मिलने के लिए नहीं होतेक्ष मेरे गीत तुम्हीं से जन्मे सहित कई कविता संग्रह, गजल संग्रह, मुक्तक संग्रह अब तक प्रकाशित हो चुके हैं। हिंदी कविता के सौंदर्य बोध के विभिन्न पहलुओं और विमर्शों पर शोध कार्य करने वाली डॉक्टर रचना तिवारी ने इस बीच एक आलोचक की ख्याति भी पाई है और काव्य मंचों की भी लोकप्रिय हस्ताक्षर हैं। देश के अनेक राष्ट्रीय मंचों पर उन्होंने अपनी कविता पाठ से अदब की दुनिया में एक रचनात्मक हलचल पैदा की है। हिंदी के जाने माने आलोचक डॉक्टर ओम निश्चल ने कहा कि रचना तिवारी के गीतों की पृष्ठभूमि में सामाजिक समस्याएं और जीवन जगत की विडंबनाएं बेबाक ढंग से उजागर हुई हैं और उन्हें किसी भी रचना को छंद में पिरोने में महारत हासिल है। वे कविताओं से श्रोताओं को गहरे कनेक्ट कर लेती हैं। डॉक्टर रचना तिवारी को अब तक विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय सम्मान साहित्य रचना के लिए हासिल हो चुके हैं।

## विवाहिता महिला ने अपने घर मे लगाई फांसी

**अनपरा/सोनभद्र।** अनपरा थाना क्षेत्र औड़ी मोड़ अटल नगर वार्ड 6 कि घटना रविवार कि रात मे विवाहिता महिला ने अपने घर मे लगाई फासी स्थानिय लोगो ने पुलिस दि सुचना वार्डवासीयो के कहने के अनुसार सात वर्ष पहले शादी हुई थी मृतक रानी देवी पत्नी मनीष कुमार राम उम्र 30 वर्ष साथ मे 6 वर्ष का



बड़ा बेटा और पॉच माह कि लड़की भी थी। मनीष का टायर पंचर लगाने का कारोबार था। मनीष अकसर घर लेट लतिफ आता जाता ाा जिसको लेकर पत्नी से कुछ विवाद हुआ सोमवार को सुबह 7 बजे पतनी खुद को कमरे मे बन्दकर पंखे में फासी लगा कर अपनी जिवनलिला खत्म कर ली । घर मे केवल सांस थी काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी दरवाजा नही खुला तो आपपास के लोगो ये मदद लेकर दरवाजा तोड़ा गया तब तक विवाहिता मर चुकी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे मे लेकर अग्रिम कार्रवाई कि जा रही है मामले की जांच के बाद हि कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

# नगर में ऑटो चालक बने मुसीबत जाम से आमजन परेशान



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** बिलग्राम नगर क्षेत्र में ऑटो चालकों की मनमानी अब आम लोगों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। बाजार हो या प्रमुख चौराहे, हर जगह ऑटो चालकों का जमावड़ा देखने को मिल जाता है। स्थिति यह है कि कई नाबालिग भी बेधड़क ऑटो चलाते नजर आ रहे हैं, जिन्हें न तो यातायात नियमों की जानकारी है और न ही सड़क पर वाहन चलाने की समझ। विशेषकर सदर बाजार और पीपल चौराहे के आसपास ऑटो चालकों द्वारा सड़क पर खड़े होकर सवारियां भरने के कारण आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो घंटों तक जाम लगा रहता है, जिससे आपातकालीन सेवाओं तक को दिक्कत होती है। जाम की समस्या को और गंभीर बना रहा है सड़कों पर फैला अतिक्रमण, जिसके चलते यातायात के लिए जगह पहले से ही सीमित है। ऐसे में ऑटो चालकों की अव्यवस्था हालात को और बिगाड़ देती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन को सख्ती दिखाने की जरूरत है। पहले सड़क से अतिक्रमण हटाया जाए और उसके बाद नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही नाबालिग ऑटो चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उन्हें समझाया जाए और उनके अभिभावकों को भी जिम्मेदार ठहराया जाए। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है।

## जर्जर भवन से नए विद्यालय में शिफ्ट हुए बच्चे, अभिभावकों की कोशिश लाई रंग



**मौदहा, हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के छिमौली रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी में बना नवीन विद्यालय भवन आखिरकार बच्चों की शिक्षा के लिए खोल दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी (CDO) के आदेश पर कंपोजिट विद्यालय को पुराने और जर्जर भवन से नए बहुमंजिला भवन में शिफ्ट कर दिया गया। सोमवार को विद्यालय के पहले दिन आधा सैकड़ा से अधिक बच्चे उपस्थित रहे। विदित हो कि पुराना स्कूल भवन काफी जर्जर हो चुका था, जिससे किसी भी अनहोनी की आशंका बनी रहती थी। इसे लेकर अभिभावकों और स्थानीय समाजसेवियों ने समाधान दिवस से लेकर मानवाधिकार आयोग तक लगातार पत्राचार किया था। जनहित में की गई इस मांग पर संज्ञान लेते हुए सीडीओ ने खंड शिक्षा अधिकारी को तत्काल स्कूल शिफ्ट करने के निर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार कमल ने बताया कि विद्यालय का प्रभार संकुल शिक्षक मोहम्मद सईद सिद्दीकी को सौंपा गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विद्यालय की सुरक्षा के लिए फिलहाल तारबाड़ी कराई जा रही है और बजट उपलब्ध होते ही पक्की बाउंड्रीवॉल का निर्माण भी कराया जाएगा।

## भव्य शोभायात्रा के साथ पाँच दिवसीय संत समागम का हुआ समापन



**मौदहा, हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** अखाड़ा उदासीन निर्वाण भ्रमणशील मंडल के तत्वावधान में आयोजित पाँच दिवसीय सनातन सम्मेलन सोमवार को भव्य शोभायात्रा के साथ संपन्न हो गया। विद्या देवी पालीवाल इंटर कॉलेज में आयोजित इस समागम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग आधा सैकड़ा संतों ने धर्म और संस्कृति की रक्षा का संदेश दिया। समागम के अंतिम दिन संतों ने नगर भ्रमण कर धर्मार्थ का संदेश प्रसारित किया। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुँची, जहाँ विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस धार्मिक आयोजन में संतों के साथ मुख्य रूप से शिब्बू महाराज, बृजेंद्र गौतम, शैलेश त्रिपाठी और राकेश पालीवाल उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से उपजिलाधिकारी (SDM) कर्णवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय और कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा। शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए रूट डायवर्ट किया गया था, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## हजरत पीर सुर्खरू बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स बुधवार से होगा शुरू

**मौदहा, हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के मोहल्ला हैदरगंज स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत पीर सुर्खरू बाबा रह. का तीन दिवसीय सालाना उर्स आगामी बुधवार से अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। उर्स कमेटी के अध्यक्ष कमरुद्दीन उर्फ बाबू दरोगा ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम के अनुसार, बुधवार शाम ईशा की नमाज के बाद नातिया मुशायरे का आयोजन होगा। गुरुवार को फज्र की नमाज के बाद कुरान ख्वानी, जोहर के बाद लंगर और असर



की नमाज के बाद पारंपरिक चादरपोशी की जाएगी। यह चादर हजरत हकीम उद्दीन हक्की बाबा के पुराने निवास से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए मजार शरीफ पहुँचेगी। गुरुवार रात को ही शानदार कव्वाली का प्रोग्राम होगा, जिसमें बाहरी कलाकार अपना कलाम पेश करेंगे। शुक्रवार को सुबह कुल की फातिहा और जुमे की नमाज के बाद भजनों के कार्यक्रम के साथ उर्स का समापन होगा। कमेटी अध्यक्ष और सफिया चौधरी द्वारा जायरीनों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिरकत कर दुआओं में शामिल हों।

## एसएसपी ने जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी समस्याएं



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रुप से होने वाली जनसुनवाई की गयी। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) ,थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। एस एस पी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना इटावा पुलिस की प्राथमिकता है।

## नेता के घर में चोरी

**अनपरा/सोनभद्र।** अनपरा क्षेत्र मे इन दिनो चोरी के वारदात खुब बढ गई है चोरो के सामने प्रशासन भी हार गई है ऐसे मे ही शनिवार कि रात चोरो ने किया बड़ा अंजाम को पुरा रेणुसागर चौकी क्षेत्र में आजाद नगर वार्ड 03 मे निवासरत सपा नेता प्रसांत सिंह के घर मे चोरो ने सोने चॉदी के आभुषण के साथ नगद रूपए ले भागे। स्थानीय पुलिस को इसकी खबर तक नहीं लग पाई। सपा नेता प्रशांत सिंह ने बताया कि शनिवार कि रात 10 बजे कुछ कारणवश सपरिवार घर से बाहर चले गए थे। जब वापस रविवार को भोर मे 5 बजे घर आया तो देखा घर का दरवाजा खुला है। घर के अन्दर जाने पर पता चला कि चोरी हुई है सभी कमरे मे सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी के लाकर को चोरो ने तोड़ दिया था। आलमारी मे पड़ी सोने कि चौन, चॉदी के आभूषण एवं नगदी रूपए नही थे। इसी क्रम मे पुजा घर से चॉदी के सिक्के एवं भगवान की मुरत और घरेलू सामान भी चोरो ने नही छोड़ा।

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0: जनपद न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों के साथ की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश श्री मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 को सफल बनाने के उद्देश्य से न्यायिक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जनपद न्यायाधीश ने उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे न्यायालयों में लंबित मामलों में से मध्यस्थता के योग्य अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मुकदमों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराने का प्रयास किया जाए, ताकि पक्षकारों को त्वरित और सुलभ न्याय मिल सके। इस बैठक में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ज्ञान प्रकाश सिंह, अपर जिला जज प्रथम उदयवीर सिंह, विशेष न्यायाधीश (SC/ST Act) रनवीर सिंह, विशेष न्यायाधीश (द.प्र.क्षे. एक्ट) अनिल कुमार खरवार और विशेष न्यायाधीश कीर्तिमाला सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय, सिविल जज निहारिका जायवाल, अभिषेक त्रिपाठी, वन्दना अग्रवाल, अंकित पाल, कीर्ति मिश्रा और शैली शरण सहित अन्य न्यायिक अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से विधिक समाधान की प्रक्रिया को गति देना रहा।

# उत्तर प्रदेश हेल्थ टेक कॉन्क्लेव 1.0 में कुलपति की सक्रिय सहभागिता

वहाज अली निहाल




**सैफई,इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (UPUMS) के कुलपति प्रो.अजय सिंह ने तीन दिवसीय (18-20 जनवरी) उत्तर प्रदेश हेल्थ टेक कॉन्क्लेव 1.0 में सक्रिय रूप से सहभागिता की। यह प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय आयोजन उत्तर प्रदेश प्रोमोट फार्मा काउंसिल द्वारा लखनऊ में आयोजित किया गया। कॉन्क्लेव के दौरान कुलपति ने अमित कुमार घोष,अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा शिक्षा एवं चिकित्सा स्वास्थ्य), उत्तर प्रदेश शासन सहित सरकार, शिक्षा जगत तथा मेडटेक उद्योग से जुड़े अनेक वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर मंथन किया।

इस कॉन्क्लेव का उद्घाटन मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश,योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने उत्तर प्रदेश को चिकित्सा उपकरण,हेल्थ टेक्नोलॉजी एवं क्लिनिकल अनुसंधान के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित करने की राज्य सरकार की दूरदृष्टि को रेखांकित किया।

यह दृष्टिकोण प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के अनुरूप है। उन्होंने मेडिकल डिवाइस पार्क (YEIDA) ,नीतिगत समर्थन, आधारभूत संरचना विकास तथा प्रौद्योगिकी-आधारित स्वास्थ्य सुधारों पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर माननीय उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री, ब्रजेश पाठक जी ने नवाचार,स्वदेशी विनिर्माण तथा तकनीक-समर्थित स्वास्थ्य सेवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला, विशेषकर ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के संदर्भ में। कॉन्क्लेव के दौरान कुलपति ने वरिष्ठ अधिकारियों,उद्योग प्रतिनिधियों एवं शिक्षाविदों के साथ अकादमिक-उद्योग सहयोग, उभरती स्वास्थ्य तकनीकों के वैधीकरण, क्लिनिकल अनुसंधान के एकीकरण तथा सरकारी चिकित्सा संस्थानों में क्षमता निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में P-IMRAS (उत्तर प्रदेश-टीग्रेटेड मेडिकल रिसर्च एप्लीकेशन सिस्टम) का शुभारंभ,मानकीकृत क्लिनिकल रिसर्च एसओपी का विमोचन,विभिन्न एमओयू का आदान-प्रदान तथा मेडटेक विनिर्माण, नियामक ढांचे,स्टार्ट-अप प्रोत्साहन एवं वैश्विक सहयोग पर उच्च स्तरीय विचार-विमर्श शामिल रहा। यह आयोजन उत्तर प्रदेश को हेल्थ टेक्नोलॉजी नवाचार के अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ हुआ।

## दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा गृह सहायिकाओं को कम्बल वितरण

**अनपरा/सोनभद्र।** दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या इन्दू सिंह के दिशा निर्देशन में सामाजिक कार्यो के लिए दिशिता महिला मंडल रेनुसागर सदैव अग्रणी रही है। इसी क्रम में प्रेक्षागृह के प्रांगण में 81 गृह सहायिकाओं को कम्बल वितरण किया गया है। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनूसागर की वरिष्ठ सदस्या रीना जैन एवं निशा पांडेय ने संयुक्त रूप से सम्बोधन में कहा कि आज के इस पुनीत अवसर पर आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को कम्बल प्रदान करना केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का जीवंत उदाहरण है। ऐसे कार्य समाज में आपसी सहयोग, करुणा और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम का संचालन दिशिता महिला मंडल रेनूसागर कि सचिव तुलिका श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की कार्यकारिणी समिति की सदस्याएं मेनका अरोड़ा,विभा सिंह, किरण श्रीवास्तव व अन्य सदस्याएं प्रमुख रुप से उपस्थित थी। उपहार पाकर सभी गृह सहायिकाओं के चेहरे खुशी से खिल गये और उन्होंने हृदय से दिशिता महिला मंडल रेनूसागर के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सदर विधायक करेंगे सड़क का शिलान्यास

**सोनभद्र।** सदर विधानसभा क्षेत्र के पात्र मुख्यमंत्री आवास योजना लाभार्थियों को 20 जनवरी दिन मंगलवार को स्वीकृति पत्र प्रदान किए जाएंगे। रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के लसड़ा ग्राम पंचायत स्थित पुल (राइस मिल) के पास मंगलवार की सुबह 10 बजे आयोजित होने जा रहे कार्यक्रम में सदर विधायक भूपेश चौबे सिरपालपुर से होकर बेठीगांव तक जाने करीब ढाई किलोमीटर लंबे सड़क के विशेष मरम्मत कार्य का शिलान्यास करेंगे, इसके साथ ही आवास एवं आयुष्मान लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपेंगे। करीब 35 लाभार्थियों में स्वीकृति पत्र वितरित किया जाएगा, विधायक ने कहा कि सरकार की मंशा है कि पात्र परिवारों को समयबद्ध ढंग से आवास का लाभ मिले और किसी के साथ अन्याय न हो। बेठिगाव ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि अनूप त्रिपाठी ने बताया कि लसड़ा पुल के पास कार्यक्रम की तैयारी चल रही है, उन्होंने ग्रामीणों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह भी किया है, इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहेंगे।

# बड़े इमामबाड़े, इटावा में मरहूमा जमीला रिज़्वी के 40वें पर मजलिस

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** स्थानीय पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में शरीफ मंज़िल सैदबाड़ा निवासी मरहूमा जमीला रिज़्वी के चालीसवें पर राहत अक़ील श्क्न की ओर से मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस में तक़रीर करते हुए दिल्ली से आये मौलाना सैयद नामदार अब्बास ने कहा कि हक पहुंचाने के लिए पहले हक पर चलना चाहिए। कलमा आसानी से पढ़ा जा सकता है लेकिन किरदार बनाने में पूरी जिंदगी लग जाती है। इमाम हुसैन ने किरदार की बुनियाद पर बुलाया ईमान की बुनियाद पर नहीं। अल्लाह जिन्हें नेमतें देता है उन्हीं से हिसाब भी लेगा। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने इंसान को एक जैसा नही बनाया। इंसान अपने अंगूठे से किसी दूसरे का आधार कार्ड नहीं खोल सकता। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन को दुश्मनों ने मदीने में सुकून से रहने नहीं दिया इसलिये इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ 28 रजब को अपना घर मदीना छोड़ना पड़ा और इमाम हुसैन ने मदीने से कर्बला का सफर शुरू किया। मजलिस में तसलीम रज़ा, सलीम रज़ा, ज़हूर नक़वी ने सोजख्वानी की और तनवीर हसन, जाफर ईरानी ने पेश ख्वानी की। मौलाना अनवारुल जैदी इमामे जुमा इटावा ने कलाम पेश करते हुए कहा जो करती थीं खुलूस ए क़ल्ब से शह की अज़ादारी नेहा अब वह कनीज़ ए फातिमा ज़हरा है तुर्बत में, सईद आमाल थे सारे तो दिल अपना यह कहता है जमीला रिज़्वी होंगी निज़्द ए ज़हरा आप जन्नत में। मजलिस में जफर अब्बास, एस एम हादी, जीशान हुसैन जानू, सलमान हुसैन, साहिल, फैसल, शाबी हुसैन, असद हुसैन, रिजवान अहमद, नईम उद्दीन, फीरोज अंसारी, टीएच रिज़्वी, शावेज़ नक़वी, शब्बर अक़ील, शारिक सग़ीर शानू, रानू, शफी अहमद बालक, कामरान खान, निहाल खान सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## गंगा एक्सप्रेसवे के रेस्ट एरिया के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस



**बिलग्राम (हरदोई)/अवधनामा संवाददाता।** बिलग्राम क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे के रेस्ट एरिया के समीप एक अज्ञात व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में पड़े व्यक्ति को तत्काल बिलग्राम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 30-35 वर्ष के आसपास प्रतीत हो रही है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। मृतक की पहचान कराने के लिए पुलिस ने आसपास के थाना क्षेत्रों को सूचना भेज दी है और आमजन से भी सहयोग की अपील की जा रही है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतक की पहचान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## समस्याओं से संबंधित किसानों ने सौंपा ज्ञापन



**बिलग्राम (हरदोई)/अवधनामा संवाददाता।** किसान यूनियन की मासिक बैठक में क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रत्येक माह 18 तारीख को होने वाली बैठक इस बार अवकाश के कारण 19 तारीख को आयोजित की गई। बैठक के बाद किसानों ने उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार यशवंत सिंह को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विकास खंड बिलग्राम की ग्राम सभा डाभा स्थित चकरोड संख्या 414 पर लंबे समय से चले आ रहे अतिक्रमण का मुद्दा उठाया गया। किसानों ने बताया कि यह ग्राम पंचायत का मुख्य मार्ग है, लेकिन कई बार शिकायत के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। विकास खंड मल्लावां की ग्राम सभा इस्लामपुर जगई में चकबंदी के बाद भी पैमाइश न होने पर नाराजगी जताई गई। वहीं ग्राम सभा लालपुर कन्हरी में रजबहा माइनर तक बने घटिया खड़ंजे की जांच की मांग की गई। इसके अलावा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा हटाकर वहां बाजार लगवाने की मांग की गई। किसानों ने समस्याओं के शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई।

## अभिषेक राजपूत ने परेश मिश्रा के लिए अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** परेश मिश्रा एडवोकेट,सदस्य/पूर्व अध्यक्ष बार कॉन्सिल ऑफ उ.प्र.के लिए बार कॉन्सिल ऑफ उ.प्र के चुनाव में सदस्य पद के उम्मीदवार के लिए सोमवार को कचहरी में अभिषेक राजपूत एडवोकेट ज़िला उपाध्यक्ष ऑल इंडिया लायर्स यूनियन ने अपने साथियों के साथ परेश मिश्रा के लिए अधिवक्ताओं से प्रथम वरीयता का मत समर्थन एवं आशीर्वाद के लिए अनुरोध किया।

## समाजसेवी राजू गुप्ता ने किया एस.एच. इलेक्ट्रिकल्स वर्क्स का उद्घाटन



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** पुराने बस स्टैंड के पास एस.एच. इलेक्ट्रिकल्स वर्क्स का मुख्य अतिथि समाजसेवी राजू गुप्ता ने फीता काटकर उदघाटन किया। प्रोपराइटर शादाब हुसैन रिज़्वी काशिब व राहत हुसैन रिज़्वी ने मुख्य अतिथि का शाल उढ़ाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। समाजसेवी श्री गुप्ता ने कहा हम कामना करते हैं कि एस.एच.इलेक्ट्रिकल्स वर्क्स उन्नति के रास्ते पर अग्रसर हो। उन्होंने प्रोपराइटर शादाब हुसैन रिज़्वी काशिब व राहत हुसैन रिज़्वी के प्रति उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में बुलाने पर आभारी व्यक्त किया। इस अवसर पर अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, लौरैब नक़वी, चांद मंसूरी, कामरान खान, अनुज गुप्ता अर्चित गुप्ता, नोमान आलम, अमीर हैदर जाफरी, अदनान जाफरी, शब्बर अक़ील, तालिब रिज़्वी, नजमुल हसन, हसन अब्बास, मोहम्मद अहमद, आदिल अख्तर, जमीर हसन झम्मन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रोपराइटर शादाब हुसैन रिज़्वी काशिब ने मुख्य अतिथि राजू गुप्ता व मौजूद लोगों का आभार व्यक्त कर सभी को मिष्ठान वितरित किया।

## गो आश्रय स्थलों पर व्यवस्था सही न पाये जाने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी

# दुग्ध समितियों का भुगतान समय पर किया जाए: धर्मपाल

- परागके माध्यम से पौष्टिक पशु आहार गोशालाओं को उपलब्ध कराया जाए
- आवंटित बजट को ससमय व्यय किया जाए



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में प्रदेश के गौ आश्रय स्थलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए सख्त रूप से निर्देश दिये कि नोडल अधिकारियों द्वारा गोशाला के निरीक्षण के समय व्यवस्थाएं सही न पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। गोशालाओं के संचालन में अव्यवस्था, उदासीनता एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। प्रत्येक गो आश्रय स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। पराग के माध्यम से पौष्टिक पशु आहार गोशालाओं को उपलब्ध कराया जाए। गौशालाओं को गोद लेने हेतु स्वयं सेवी संस्थाओं को प्रोत्साहित किया जाए।

सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मण्डल स्तरीय जनपदों की गौशालाओं में सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगाये जाए। पशुओं हेतु दवाई एवं वैक्सीन का उचित प्रबंध किया जाए। जनपद के नोडल अधिकारी गौ आश्रय स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण कर चारा, भूसा, पानी प्रकाश आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। गोवंश के ठंड से बचाव के लिए त्रिपाल अलाव आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। ठंड में चारा, भूसा या दवाओं के अभाव में किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो। पशुचिकित्साधिकारी गौ आश्रयस्थल पर जाकर गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। हरे चारे एवं पशुआहार की अतिरिक्त व्यवस्था की जाए। मंत्री ने निर्देश दिये कि अवस्थापना कार्यों का बजट यथाशीघ्र आवंटित कर समय पर कार्य पूर्ण कराये जाए और कार्यों में गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा जाए। ससमय निर्माण कार्य पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्थाओं को भी निर्देशित किया जाए। उन्होंने 76 प्रतिशत बजट व्यय किये जाने पर संतोष व्यक्त किया और निर्देशित किया गया कि शेष बजट शीघ्र ही योजनाओं हेतु अवमुक्त कर दिया जाए। किसी भी मद का बजट सरेंडर न होने पाए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 7497 गोआश्रय स्थल हैं, जिनमें 1238447 निराश्रित गोवंश संरक्षित किये गये हैं।

धर्मपाल सिंह ने दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दुग्ध समितियों के पुरानी क्रियान्वयन पद्धति की समीक्षा की जाए और वर्तमान आवश्यकता एवं संभावनाओं के अनुरूप संचालन किये जाने पर ठोस कार्य योजना तैयार की जाए। पुरानी समितियां किसी भी दशा में बन्द न होने पाये। जो नई समितियां बन चुकी है उनका विधिवत संचालन किया जाए और समितियों का भुगतान समय पर किया जाए। पराग के उत्पादों की बिक्री पर भी विशेष ध्यान दिया जाए और उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए।

बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, पीसीडीएफ के एमडी वैभव श्रीवास्तव, दुग्ध विकास विभाग के विशेष सचिव राम सहाय यादव, पशुपालन विभाग के निदेशक (प्रशासन एवं विकास) डा0 मेम पाल सिंह, निदेशक (रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद तथा संयुक्त निदेशक डा0 पी0के0 सिंह सहित पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सी.एस.आर. के तहत आगरा-लखनऊ में लगीं सोलर स्ट्रीट लाइट



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ/आगरा।** नव ज्योति सेवा संस्थान (Non-Government Organisation) द्वारा Genus Breeding India Private Limited के सहयोग से CSR (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) के अंतर्गत सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापना परियोजना को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इस परियोजना के तहत कुल 16 सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित की गई, जिनमें से 10 सोलर लाइट आगरा ज़ोन तथा 6 सोलर लाइट लखनऊ ज़ोन में लगाई गई। आगरा ज़ोन में सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना Genus Breeding India Private Limited के फील्ड टेक्निकल मैनेजर डॉ. सागर शाश्वत के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सुनिश्चित की गई। वहीं लखनऊ ज़ोन में यह कार्य नव ज्योति सेवा संस्थान की उपाध्यक्ष श्रीमती पूजा अवस्थी, संरक्षक देवेंद्र अवस्थी एवं संस्था की टीम के सहयोग से संपन्न हुआ।इस CSR गतिविधि से ग्रामीण एवं अर्ध-ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को रात्रि के समय सुरक्षित एवं स्थायी प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध होगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा बढ़ेगी तथा सामाजिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। सोलर स्ट्रीट लाइट पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ ऊर्जा की बचत करती हैं और बिजली पर निर्भरता को कम करती हैं, जिससे सतत विकास को बढ़ावा मिलता है। नव ज्योति सेवा संस्थान निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित एवं ग्रामीण वर्ग को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। यह सोलर स्ट्रीट लाइट परियोजना संस्था की उसी प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, जो स्वच्छ ऊर्जा और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम है। नव ज्योति सेवा संस्थान एवं Genus Breeding India Private Limited के इस संयुक्त प्रयास की स्थानीय नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है।

# योगी सरकार ने साढ़े आठ साल में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बीते साढ़े आठ वर्षों से प्रदेश के दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और सम्मानजनक जीवन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने यह बात प्रतापगढ़ जनपद में दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य निधि के अंतर्गत आयोजित 'दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी' के शुभारंभ अवसर पर कही। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा दिव्यांगजनों द्वारा अपने कौशल, परिश्रम और रचनात्मकता से तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों का अवलोकन किया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, स्टिल सहित अन्य सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सेवा आश्रम ट्रस्ट एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से इस कार्यक्रम में 150 से अधिक दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजनों के कौशल विकास और रोजगार सृजन के उद्देश्य से प्रदेशभर में दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे दिव्यांगजन अपने हुनर को मंच प्रदान कर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु दो विशेष विश्वविद्यालय डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्व विद्यालय, लखनऊ और जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्व विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।

# सड़क सुरक्षा पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

- सड़क दुर्घटनाएं घटाने को कार्यशाला आयोजित
- सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की अपील
- परिवहन मंत्री ने किया सड़क सुरक्षा कार्यशाला का उद्घाटन
- हेलमेट और सीट बेल्ट पर सख्ती जरूरी: दयाशंकर सिंह




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने लोक निर्माण विभाग के विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं दक्षता को विकसित करने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला सडक़ सुरक्षा अभियान में मददगार साबित होगी। प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से विभागीय अधिकारी और अधिक दक्ष होकर क्षेत्र में जायेंगे और सडक़ सुरक्षा के नियमों का पालन और बेहतर ढंग से कराना सुनिश्चित कर सकेंगे।

परिवहन मंत्री ने कहा कि सडक़ सुरक्षा में होने वाली मृत्यु के आंकड़ों में कमी लाने के लिए जन जागरूकता सबसे अहम है। सरकार का दायित्व नियम बनाना एवं उसका पालन कराना है जबकि लोग यदि अपनी दिनचर्या में सडक़ सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करें तो सडक़ दुर्घटना से होने वाली मृत्यु के आंकड़ों को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा भी डीलर पॉइंट पर दो पहिया वाहनों की बिक्री के साथ ही दो हेलमेट का रूल अनिवार्य किये जाने का नियम बनाया गया है। इसी प्रकार नो हेलमेट नो फ्यूल का भी नियम भी सरकार बना चुकी है लेकिन जन जागरूकता के अभाव में इसमें लाभ नहीं हो पा रहा है। उन्होंने लोगों से दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट स्वयं पहनने एवं पीछे बैठे व्यक्ति को भी पहनने के लिए प्रेरित करने की अपील की। साथ ही उन्होंने चार पहिया वाहनों के चालकों से अपील करते हुए कहा कि सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करें। उन्होंने ओवर स्पीडिंग ड्रंक एंड ड्राइविंग न करने एवं सडक़ सुरक्षा संबंधित नियमों का पालन करने को कहा। परिवहन मंत्री ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी नियमों का पूरा पालन कड़ाई से कराया जाये। परिवहन मंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस.वे पर यूपीडा होल्डिंग एरिया एवं डारमेट्री बनाने पर विचार करें। एक्सप्रेस.वे पर ट्रामा सेंटर की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए 100 किमी की दूरी पर एक एक ट्रामा सेंटर बनाने पर विचार किया जाये। इस दौरान अपर मुख्य सचिव परिवहन अर्चना अग्रवाल ने सडक़ सुरक्षा को और बेहतर करने पर जोर दिया। प्रमुख सचिव पीडब्लूडी अजय चौहान ने कहा कि पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं मीडिया के सामूहिक प्रयास से सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने कहा कि प्रवर्तन टीम लगातार फील्ड में काम कर रही है और ओवरलोड एवं ओवर स्पीड वाले वाहनों का चालान किया जा रहा है।

# सर्वोदय विद्यालयों में कक्षा 6 से 9 तक प्रवेश का मौका

अवधनामा ब्यूरो

- 15 मार्च को होगी प्रवेश परीक्षा, 10 मार्च से जारी होंगे एडमिट कार्ड

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश भर में संचालित 103 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो जाएगी। इसके तहत कक्षा 6, 7, 8 और 9 की खाली सीटों पर अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।

समाज कल्याण निदेशक संजीव सिंह ने परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। कक्षा 6 से 9 तक की प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 10 मार्च को जारी किए जाएंगे। वहीं प्रवेश परीक्षा का आयोजन 15 मार्च को किया जाएगा, जबकि परीक्षा परीणाम 23 मार्च को घोषित किया जाएगा। इसी के साथ प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उपनिदेशक जे राम ने बताया कि सर्वोदय विद्यालयों से निकलने वाले विद्यार्थी आज शिक्षा, खेल और विभिन्न प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश भर में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं के लिए कक्षा 6 से 12 तक आवासीय सुविधा से युक्त 103 सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ श्रम्म् और छम्म्ज् जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। इसके अलावा विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

# आईआरसीटीसी की भारत गौरव ट्रेन 18 फरवरी से

- गया पुरी अयोध्या यात्रा पर भारत गौरव ट्रेन
- भारत गौरव ट्रेन से 10 दिवसीय धार्मिक यात्रा
- ऋषिकेश से भारत गौरव पर्यटन ट्रेन रवाना
- तीर्थ पर्यटन को बढ़ावा, भारत गौरव ट्रेन शुरू




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के जरिये गया, पुरी जगन्नाथ, कोणार्क मंदिर, कोलकाता, गंगासागर, बैद्यनाथ धाम, वाराणसी और अयोध्या की यात्रा का संचालन किया है।

इस यात्रा में विष्णुपद मंदिर गया, पुरी के जगन्नाथ मंदिर, कोणार्क मंदिर उड़ीसा, कोलकाता, गंगासागर, बैद्यनाथ धाम जसीडीह, काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी और अयोध्या के राम मंदिर, हनुमानगढ़ी और सरयू आरती के दर्शन कराये जायेंगे। उतरने व चढने के योगनगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, अयोध्या व बनारस से सेवा मिलेगी। यात्रा 18 से 27 फरवरी तक 9 रात एवं 10 दिन की होगी। इस पैकेज में 2 एसी, 3 एसी एवं स्लीपर क्लास यात्रा, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी व नॉन एसी बसों के माध्यम से स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। इकोनामी श्रेणी, स्टैंडर्ड श्रेणी, कम्फर्ट श्रेणी की इस यात्रा के लिए ईएमआई की सुविधा भी मिलेगी। आईआरसीटीसी पोर्टल पर उपलब्ध सरकारी एवं गैर सरकारी बैंक से यह ईएमआई सेवा ली जा सकती है। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। यात्रा की बुकिंग के लिए पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट से आनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है।

# दो दिवसीय योग सत्र का आयोजन

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बंदरियाबाग स्थित संस्कृति अधिकारी क्लब में ईशा फाउंडेशन ने दो दिवसीय योग सत्र का आयोजन किया। इस योग सत्र में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल तथा पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन लखनऊ अध्यक्ष श्रुति गुप्ता की उपस्थिति में बड़ी संख्या में रेल कर्मियो एवं उनके परिवारजनों ने भाग लिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने योग सत्र की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन रेलकर्मियों के स्वास्थ्य, मानसिक शांति तथा कार्य जीवन संतुलन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ईशा फाउंडेशन की ओर से संचालित यह योग सत्र उन्हीं के जरिये डिजाइन किये गये इनर इंजीनियरिंग प्रोग्राम पर आधारित है जोकि योग के प्राचीन विज्ञान से प्रेरित सरल अभ्यासों के माध्यम से तनाव प्रबंधन, स्वास्थ्य और कार्यक्षमता में सुधार लाता है।

# जश्न-ए-आज़ादी मनाएगा गणतंत्र दिवस का भव्य महा-उत्सव



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** देश की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति सम्मान का प्रतीक राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस इस वर्ष राजधानी लखनऊ में अत्यंत भव्य, गरिमामय और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। सामाजिक संस्था जश्न-ए-आज़ादी द्वारा 26 जनवरी को आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की जानकारी आज प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता के माध्यम से दी गई। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस को पूरे हर्षोल्लास, देशभक्ति और सामाजिक सौहार्द की भावना के साथ मनाया जाएगा, जिसमें सभी वर्गों और धर्मों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। प्रेस वार्ता के दौरान जश्न-ए-आज़ादी के अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा और चेयरपर्सन रजिया नवाज ने कहा कि उनकी सोच हमेशा यही रही है कि जिस प्रकार सभी धर्मों के लोग अपने-अपने प्रमुख त्योहार—होली, दीपावली, ईद, गुरु पर्व और क्रिसमस—को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाते हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय पर्वों को भी समान सम्मान, गरिमा और एकता के भाव के साथ मनाना हम सभी का दायित्व है। राष्ट्रीय पर्व हमें एक सूत्र में बांधते हैं और देश के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाते हैं।

संस्था से शुरू से जुड़े रोहित अग्रवाल ने कहा कि 26 जनवरी हमारा राष्ट्रीय पर्व है, जो हमें संविधान, एकता और अखंडता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश में बिना किसी भेदभाव के आपसी भाईचारे के साथ रहना चाहिए, जिससे राष्ट्र निरंतर प्रगति और विकास के पथ पर अग्रसर हो सके।

कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए जश्न-ए-आज़ादी के संस्थापक सदस्य मुर्तजा अली और बज्मी युनुस ने बताया कि संस्था द्वारा 18 जनवरी से 26 जनवरी तक विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 18 जनवरी को काकोरी कांड के वीर शहीदों को जश्न-ए-आज़ादी की टीम द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# रौजाए जैनबिया में जश्ने मसर्रत आज

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स) की नवासी हजरत जैनब (स.अ.) की विलादत के मौके पर ताहिर जरवली हाल, रौजाए जैनबिया टिकैत राय तालाब में मंगलवार (20 जनवरी) को जश्ने मसर्रत शीर्षक से एक महफिल का आयोजन सानिये जहरा महफिल कमेटी की ओर से किया जाएगा। कमेटी के महासचिव आफताब रिजवी ने बताया कि महफिल का आगाज कारी हबीब आलम रिज़वी तिलावते कुरआने पाक से करेंगे जबकि महफिल को मौलाना अम्मार काजिम जरवली दोपहर 1 बजे खिताब करेंगे। इसके बाद शायर-ए-अहलेबैत एजाज जैदी द्वारा दी गई मिसरे तरह सीरते जहरा का आईना तेरा किरदार है पर शायर अपने कलाम पेश करेंगे। महफिल की अध्यक्षता मौलाना अम्मार काजिम जरवली व संचालन जाहिद कानपुरी करेंगे।

# पीएनबी वित्त वर्ष 2026 की तीसरी और 9 वीं तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पंजाब नेशनल बैंक (PNB), देश के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक, ने आज वित्त वर्ष 2026 की तीसरी और 9 वीं तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम घोषित किए।

शुद्ध लाभ वर्ष-दर-वर्ष 13.1 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में 5,100 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 4,508 करोड़ था। अस्तियों पर रिटर्न वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 1.03 प्रतिशत से सुधरकर वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में 1.06 प्रतिशत हो गया। परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष 13 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में .7,481 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 6,621 करोड़ था। सकल गैर-निष्पादित अस्तियां अनुपात दिसंबर 24 के 4.09 प्रतिशत से वर्ष-दर-वर्ष 90 आधार अंक सुधरकर दिसंबर 25 में 3.19 प्रतिशत हो गया। शुद्ध गैर-निष्पादित अस्तियां अनुपात दिसंबर 24 के 0.41 प्रतिशत से वर्ष-दर-वर्ष 9 आधार अंक सुधरकर दिसंबर 25 में 0.32 प्रतिशत हो गया। प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ सहित) दिसंबर 24 के 96.77 प्रतिशत से वर्ष-दर-वर्ष 22 आधार अंक सुधरकर दिसंबर 25 में 96.99 प्रतिशत हो गया। प्रति शेयर बुक वैल्यू वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 102.02 से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में 114.09 हो गई, जो 11.83 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्शाती है। प्रति शेयर आय वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 3.92 से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में 4.44 हो गई, जो 13.27 प्रतिशत.की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्शाती है। वैश्विक कारोबार दिसंबर 24 के 26,39,991 करोड़ से वर्ष-दर-वर्ष 9.5 प्रतिशत बढ़कर दिसंबर 25 में 28,91,528 करोड़ हो गया। वैश्विक जमा दिसंबर 24 के 15.30 लाख करोड़ से वर्ष-दर-वर्ष 8.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए दिसंबर 25 में 16.60 लाख करोड़ हो गए। वैश्विक अग्रिम दिसंबर 24 के 11.10 लाख करोड़ से वर्ष-दर-वर्ष 10.9 प्रतिशत बढ़कर दिसंबर 25 में 12.31 लाख करोड़ हो गए। रैम अग्रिम दिसंबर 24 के 5.96 लाख करोड़ से वर्ष-दर-वर्ष 11.0 प्रतिशत बढ़कर दिसंबर 25 में 6.62 लाख करोड़ हो गए। सीडी अनुपात दिसंबर 24 में 72.6 प्रतिशत की तुलना में दिसंबर 25 में 74.2 प्रतिशत रहा। सीआरएआर दिसंबर 24 के 15.41 प्रतिशत से सुधरकर दिसंबर 25 में 16.77 प्रतिशत हो गया, जो 136 आधार अंकों की वृद्धि दर्शाता है7 बचत जमा वर्ष-दर-वर्ष 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 5,15,799 करोड़ हो गए। चालू जमा वर्ष-दर-वर्ष 9.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 76,377 करोड़ हो गए।

# यूपीएमआरसी ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

- ईमानदारी पर रीना द्विवेदी बनीं एम्प्लॉई ऑफ द मंथ
- यात्री का पर्स लौटाने पर महिला गार्ड सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के गोमती नगर स्थित प्रशासनिक भवन में सोमवार को प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने दिसम्बर 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को एम्प्लॉई ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया।

दिसम्बर माह के लिए महिला सुरक्षा गार्ड रीना द्विवेदी को एक यात्री का पर्स सुरक्षित लौटाने के लिए सम्मानित किया गया। इस पर्स में 15255 नकद, 2 क्रेडिट कार्ड, 1 डेबिट कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज मौजूद थे। यह घटना 18 दिसम्बर की सुबह 10:30 बजे सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन की है। जहां एक महिला यात्री सुरक्षा जांच के दौरान अपना पर्स मशीन पर ही भूल गई थीं। ड्यूटी पर तैनात रीना ने लावारिस पर्स देखते ही उसे तुरंत स्टेशन कंट्रोल रूम में जमा कराया। जिसके बाद वह यात्री को सुरक्षित वापस मिल गया। सुशील कुमार ने कनिष्ठ अभियंता पीवे सौरभ श्रीवास्तव को भी दिसम्बर माह के लिए एम्प्लॉई ऑफ द मंथ पुरस्कार प्रदान किया। ट्रैक और टर्नआउट रखरखाव कार्यों में उनकी विशेषज्ञता ने सुरक्षा और गुणवत्ता के उच्च मानकों को बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पुरस्कार पाने वाले अन्य कर्मचारियों में आगरा मेट्रो के ऑपरेटर कुशल टॉम भी शामिल रहे। यूपीएमआरसी के एमडी श्री सुशील कुमार ने कहा कि लखनऊ मेट्रो के लॉस्ट एंड फाउंड सेल की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा ने हमेशा यात्रियों का भरोसा जीता है। हम अब तक यात्रियों के 47.50 लाख से अधिक नकद, करीब 250 लैपटॉप और 890 मोबाइल फोन समेत अन्य कीमती सामान लौटा चुके हैं।

# अनागत दिवस समारोह - 2026 संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अनागत कविता आन्दोलन के प्रणेता डॉ अजय प्रसून के 73वें जन्मोत्सव के अवसर पर सरस्वती अकादमी, भरत नगर सीतापुर रोड लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह व अनागत काव्य गोष्ठी में वर्ष 2025 - 26 में प्रकाशित अनागत कविता आन्दोलन को समर्पित कृतियाँ डॉ अजय प्रसून की खण्ड काव्य अनागत शक्ति अहिल्याबाई होलकर को अनागत पार्थ सारथी सम्मान, डॉ अनिल कुमार सिंह जैसवार पण्डित बेअदब लखनवी के अनागत गीत संग्रह कैसे प्रिय मैं गीत लिखूँगा के लिए अनागत गीत विभूषण, डॉ प्रेम शंकर शास्त्री की कृति अनागत कुण्डलिया सागर, रामसनेही विश्वकर्मा सजल की काव्य कृति रात के बाद आता सवेरा, खैराबाद सीतापुर के कवि विवेक मिश्र राज़ खैराबादी की काव्य कृति अनागत बालगीत संग्रह किस्लय, कैप्टन सरोज सिंह के पिता राम शंकर सिंह विभु द्वारा रचित व सम्पादित कृति अनागत अभिलाषा, विनीत श्रीवास्तव की कृति फिर बहारों की पुकार का लोकार्पण व अनागत भारती सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता अवधी गीतों के सम्राट कहे जाने वाले इन्द्रेश कुमार सिंह भदौरिया ने की। मुख्य अतिथि डॉ शिवनाथ सिंह शिव, विशिष्ट अतिथि जी एल गाँधी व अतिविशिष्ट अतिथि डॉ एल पी गुर्जर रहे। समारोह का शुभारंभ राम सनेही विश्वकर्मा सजल की सुमधुर वाणी वन्दना व डॉ राम राज भारती व पण्डित बेअदब लखनवी के संयुक्त संचालन से हुआ। मुन्नी देवी एवं पण्डित रामतेज तिवारी आध्यात्मिक संस्थान जानकी पुरम विस्तार सीतापुर रोड लखनऊ के महासचिव पंडित उमाशंकर तिवारी द्वारा पण्डित बेअदब लखनवी को निष्ठावान सेवा के लिए गोपाल दास नीरज सम्मान वर्ष 2026 से अंगवस्त्र, पुष्प व मोतियों की माला व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। जनाब खालिद हुसैन, ईश्वर चन्द जायसवाल, कन्हैया लाल, विदुषी विदु, किरण, मीरा शुक्ला, उमा लखनवी, कैप्टन सरोज सिंह, प्रेम शंकर शास्त्री, राम सनेही विश्वकर्मा सजल, हरि गोविन्द, राम राज भारती, विनीत श्रीवास्तव, राजेश कुमार सिंह श्रेयस, डॉ राकेश ऋषभ, रमा शंकर सिंह, राजेश राज़, विपुल कुमार मिश्र, डॉ हिमांशु सक्सेना, अरविंद रस्तोगी, इन्दु प्रकाश द्विवेदी, स्वतंत्र कुमार मिश्र, अखिलेश द्विवेदी, राम मूर्ति सिंह अधीर, विनय सिन्हा, आर के निगम, अनूप शुक्ला, शालिनी सिंह, आकाश श्रीवास्तव व कुंवर आनन्द श्रीवास्तव आदि ने काव्य गोष्ठी में भाग लिया।